डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹79700 10 ग्राम
₹97000 01 किलो
सेंसेक्स 73,198.10 -1,414.33
डॉलर 87.372 +0.042

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

फाल्गुन शुक्ल पक्ष 02, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 01 मार्च 2025, वर्ष-31, अंक-136, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 गिल का भारत के लिए वर्तमान...

## एक नजर

### होटवार कारागार से कैदी फरार

**रांची।** राजधानी रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से एक कैदी फरार हो गया है। शुक्रवार को सामूहिक हाजिरी के बाद जेल प्रशासन को जानकारी मिली कि एक कैदी फरार है। इससे बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। फरार कैदी का नाम समीर तिर्की उर्फ शाकिर तिर्की बताया जाता है।

### जैक की रद्द हुई हिंदी व विज्ञान परीक्षा की नई तिथि जारी

**रांची।** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) की 10वीं बोर्ड के हिंदी और विज्ञान की परीक्षा लीक होने के बाद जैक ने इन परीक्षाओं को रद्द कर दिया था। जैक ने शुक्रवार को विषयों की पुनर्परीक्षा के आयोजन की तिथि की घोषणा की है। अब हिंदी हिंदी ए और हिंदी बी की परीक्षा 07 मार्च 2025 और विज्ञान की परीक्षा 08 मार्च 2025 को आयोजित होगी। जैक के सचिव जयंत मिश्रा के हस्ताक्षर से जारी सूचना के अनुसार, दोनों परीक्षाएं प्रथम पाली में दिन में 09:45 से दिन में 01:00 बजे तक आयोजित की जाएंगी। जैक ने मैट्रिक और इंटर की प्रैक्टिकल परीक्षा की भी तिथि जारी कर दी है। माध्यमिक परीक्षाओं के लिए प्रायोगिक परीक्षा 10 मार्च से 25 मार्च तक आयोजित की जाएगी। प्रैक्टिकल परीक्षा संबंधित विद्यालय में ही आयोजित होगी। वहीं, इंटरमीडिएट की प्रैक्टिकल परीक्षा प्लस टू विद्यालय में आयोजित की जाएगी। इंटरमीडिएट की प्रैक्टिकल परीक्षा 10 मार्च से 25 मार्च तक दोनों पालियों में होगी।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

**आज कल**




नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय को नए कुलपति मिले

# विश्वविद्यालय में अनुशासन व शैक्षणिक गुणवत्ता हमारी प्राथमिकता : कुलपति



**■ डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने अनुशासन और शैक्षणिक सुधार को बताया प्राथमिक लक्ष्य**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर के नए कुलपति के रूप में डॉ. दिनेश कुमार सिंह की नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी गई है। डॉ. सिंह पहले गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर, उत्तराखंड में सब्जी विज्ञान विभाग के प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। उनकी नियुक्ति के बाद **राष्ट्रीय नवीन मेल** के स्थानीय संपादक **राणा अरुण सिंह** से विशेष बातचीत में उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं और योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रस्तुत है कुलपति डॉ. दिनेश कुमार सिंह के साथ हुई बातचीत के प्रमुख अंशः

**नए कुलपति से छात्रों और शिक्षकों को उम्मीदें**

कुलपति डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय को आधुनिक और अनुशासित बनाने की प्रतिबद्धता जताई है। उनके स्पष्ट और ठोस योजना से छात्रों और शिक्षकों को उम्मीद है कि विश्वविद्यालय में जल्द ही सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे।

विशेष साक्षात्कारः कुलपति डॉ. दिनेश कुमार सिंह

**सवाल :** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के नए कुलपति के रूप में आपकी प्राथमिकताएं क्या होंगी?

**जवाब :** मेरी पहली प्राथमिकता विश्वविद्यालय में अनुशासन को मजबूत करना है। छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की समस्याओं को दूर करने के लिए हम ठोस प्रयास करेंगे। इसके साथ ही, कैंपस की गरिमा बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक होगा।

**सवाल :** विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र को नियमित करने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे?

**जवाब :** शैक्षणिक सत्र को नियमित करने और पठन-पाठन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विशेष टीम गठित की जाएगी। इस टीम का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कार्यों में तेजी लाना होगा, ताकि छात्रों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

**सवाल :** वोकेशनल कोर्स को लेकर आपकी क्या योजना है?

**जवाब :** हम स्थानीय स्तर की जरूरतों के अनुसार वोकेशनल कोर्स तैयार कर - **शेष पेज 11 पर**

**नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के नए कुलपतिः डॉ. दिनेश कुमार सिंह का संक्षिप्त परिचय**

डॉ. दिनेश कुमार सिंह बागवानी और सब्जी विज्ञान के प्रख्यात वैज्ञानिक हैं और शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का अनुभव रखते हैं। उन्होंने गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर, उत्तराखंड में सब्जी विज्ञान विभाग के प्रमुख के रूप में कार्य किया है।

**शैक्षणिक योग्यता एवं शोध कार्य :** डॉ. सिंह ने बागवानी (सब्जी विज्ञान) में बी.एससी. एजी, एम.एससी. एजी और पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने यरुशलम विश्वविद्यालय, इजराइल से अंतर्राष्ट्रीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम भी किया है। उन्होंने 88 शोध पत्र, 59 लोकप्रिय लेख, 06 मैनुअल, 20 पुस्तक अध्याय और 06 पुस्तकें प्रकाशित की हैं। साथ ही, उन्होंने 78 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में भाग लिया है और विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता की है।

**प्रशासनिक और वैज्ञानिक योगदान :** डॉ. सिंह ने उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद के निदेशक, निदेशक, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट, एसोसिएट डायरेक्टर रिसर्च, सहायक निदेशक एचआरसी जैसे विभिन्न प्रशासनिक पदों पर कार्य किया है। उन्होंने सब्जी फसलों की 14 किस्में विकसित की हैं और भारत में पहली बार पॉलीहाउस टमाटर प्रजनन और पाथेनोकार्पिक ककड़ी प्रजनन कार्यक्रम शुरू किया। वे यूएन-एफएओ के सलाहकार भी रह चुके हैं।

**सम्मान एवं पुरस्कार :** डॉ. सिंह को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए शिक्षा रत्न पुरस्कार (2007), डॉ. राजेंद्र प्रसाद पुरस्कार (2007-08), उत्तराखंड रत्न पुरस्कार (2015), अंतर्राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार (2021, ऑस्ट्रेलिया), अंतर्राष्ट्रीय शांति राजदूत पुरस्कार (2023) सहित कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

**अंतर्राष्ट्रीय अनुभव :** उन्होंने अपने शोध कार्यों को प्रस्तुत करने के लिए इथियोपिया, इजराइल, रोमानिया, चीन, अमेरिका, - **शेष पेज 11 पर**

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ कर लाखों कर्मियों को दी बड़ी सौगात

# स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत करने को उठाए जा रहे ठोस कदम

**सीएम ने कहा**

- सीमित संसाधनों के बीच स्वास्थ्य व्यवस्था कर रहे हैं मजबूत
- सभी को एक नजरिए से देखती है हमारी सरकार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ कर लाखों कर्मियों को एक बड़ी सौगात दी। झारखंड विधानसभा सभागार में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, जिस तरह हमारी सरकार ने पुरानी पेंशन योजना बहाल कर राज्य कर्मियों को सेवा निवृत्ति के बाद भी आर्थिक संबल देने का काम किया है, उसी तरह राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से उनके समुचित इलाज का पूरा खर्च वहन की दिशा में यह बड़ा कदम उठाया है। अब राज्य के किसी भी श्रेणी के सरकारी कर्मियों को अपनी बीमारी के इलाज खर्च के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। इस योजना के माध्यम से उनके पूरे इलाज का खर्च सरकार उठाएगी।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि आज जीवन शैली और कार्य प्रणाली में बदलाव की वजह से स्वास्थ्य समस्याएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। रहन-सहन और खान-पान में जिस तरह से बदलाव हो रहे हैं, उससे हर व्यक्ति किसी ना किसी बीमारी से ग्रसित होने लगा है। ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां आम हो चुकी हैं, तो कई गंभीर बीमारियां भी लोगों को अपनी चपेट में तेजी से लेती जा रही है। अस्पतालों का इलाज काफी महंगा हो चुका है। जैसे अस्पताल और डॉक्टर होंगे, वैसा ही इलाज का खर्च भी होगा। ऐसे में लोगों को अपनी बीमारी के इलाज के क्रम में आर्थिक मोर्चे पर काफी परेशानी होती है। इस वजह से हमारी सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने की मुहिम में जुटी है, ताकि लोगों को कम से कम खर्चे में बेहतर से बेहतर उपचार की सुविधा मिल सके। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि झारखंड एक पिछड़ा और गरीब - **शेष पेज 11 पर**

## आने वाली पीढ़ी को तकनीकी रूप से मजबूत बनाएं : सीएम



**मुख्यमंत्री ने सौंपे सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के 28,945 शिक्षकों को टैबलेट**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज जमाना डिजिटल हो चुका है। कोई भी ऐसा सेक्टर नहीं बचा है, जो डिजिटलाजेशन से अछूता हो। डिजिटल सेवाओं में भी तेजी से बदलाव हो रहे हैं। हर दिन डिजिटल सेवाएं अपग्रेड हो रही हैं। ऐसे में आप चाहे या ना चाहे, डिजिटल प्लेटफार्म से अपने को अलग नहीं रह सकते हैं। मुख्यमंत्री सोरेन शुक्रवार को झारखंड मुख्यालय में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के 28,945 शिक्षकों में टैबलेट वितरित किए। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि ऐसे में बेहतर है कि वक्त के अनुरूप आप अपने और आने वाली पीढ़ी को तकनीकी रूप से मजबूत बनाएं। जब आप डिजिटल फ्रेंडली होंगे, तभी आगे बढ़ सकेंगे। इस अवसर पर उन्होंने गुणवत्तायुक्त शिक्षा संवर्धन के लिए विद्यालय रिपोर्ट कार्ड एवं शिक्षकों के लिए 50 घंटे का अनिवार्य समेकित- सतत क्षमता विकास कार्यक्रम का ऑनलाइन शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सरकारी विद्यालयों को डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इस कड़ी में आज प्राथमिक विद्यालयों को टैबलेट - **शेष पेज 11 पर**

विधानसभा में आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश

# प्रति व्यक्ति आय में हुई बढ़ोतरी

- वर्ष 2024-25 में स्थिर मूल्यों पर 6.7 प्रतिशत की वृद्धि
- चालू वित्त वर्ष में अनुमानित विकास दर 6.7 प्रतिशत



**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने शुक्रवार को विधानसभा में वर्ष 2025-26 के लिए आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश की। इस रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्थिर मूल्यों पर औसतन प्रति व्यक्ति आय में वार्षिक 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि वर्तमान मूल्यों पर 9.1 फीसदी की दर से बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्तीय वर्ष में अनुमानित विकास दर लगभग 6.7 प्रतिशत रही है। रिपोर्ट में अगले वर्ष के लिए 7.5 प्रतिशत के विकास दर का अनुमान व्यक्त किया गया है।

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में रखी गई रिपोर्ट के हवाले से दावा किया कि राज्य का वित्तीय प्रबंधन लगातार बेहतर हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ग्रामीण सेक्टर में लगातार काम किया है और इसी की बदौलत प्रति व्यक्ति आय में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार में राजस्व व्यय और राजस्व संग्रह की स्थिति इसके पहले 5 वर्ष तक चली सरकार से बहुत ज्यादा बेहतर है।

आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, राज्य की प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2024-25 में स्थिर मूल्य पर 68,612 रुपए और वर्तमान मूल्य पर 1,14,271 रुपए अनुमानित है। आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में वर्तमान मूल्य पर राज्य की प्रति व्यक्ति सालाना आय 1,24,079 रुपए होने का अनुमान किया गया है। रिपोर्ट में विगत तीन वर्षों में अर्थव्यवस्था में वृद्धि के आंकड़े दिए गए हैं। वर्ष 2021-22 और 2023-24 के बीच राज्य के स्थिर मूल्य पर जीएसडीपी में औसतन वार्षिक 7.7 प्रतिशत और वर्तमान मूल्य पर जीएसडीपी में 10.7 प्रतिशत की दर से वृद्धि दर्ज की गई है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में जीएसडीपी में स्थिर मूल्य पर 6.7 प्रतिशत और वर्तमान मूल्य पर 9.8 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है।

राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था से राज्य की तुलना करते हुए रिपोर्ट में बताया गया है कि राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुपात में झारखंड के जीएसडीपी में पिछले 5 वर्षों में सुधार हुआ है। वर्ष 2019-20 में राज्य का जीएसडीपी देश के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद का 1.59 प्रतिशत था, जो वर्ष 2023-24 में बढ़कर 1.64 प्रतिशत हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, राज्य का जीएसडीपी वर्ष 2011-12 में 1 लाख 50 हजार 918 करोड़ रुपए था, जो इस वित्तीय साल 2024-25 के अंत तक स्थिर मूल्यों पर दोगुना और वर्तमान मूल्यों पर तीन गुना से अधिक होने का अनुमान है। हालांकि, राज्य सरकार का राजकोषीय घाटा भी लगातार बढ़ा है। वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा राज्य के जीएसडीपी का सिर्फ 1.4 प्रतिशत था, लेकिन चालू वित्तीय वर्ष में यह आंकड़ा जीएसडीपी का 1.9 रहने का अनुमान लगाया गया है।

**विधानसभा में पारित हुआ 5508 करोड़ का तीसरा अनुपूरक बजट**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को 5,508 करोड़ रुपए का तीसरा अनुपूरक बजट पारित कर दिया गया। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कटौती प्रस्ताव को लेकर कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि अनुपूरक बजट पर विपक्षी सदस्यों की ओर से सरकार को सुझाव दिया जाएगा। लेकिन, विपक्ष ने इस पर सदन में वित्तीय मामले कम, बल्कि राजनीतिक मुद्दे ज्यादा उठाए। विपक्ष की यह बात सही नहीं है कि सदन में मूल बजट आना है, तो बीच में अनुपूरक बजट की क्या जरूरत है। हाल ही में केंद्र सरकार ने झारखंड को बकाया 1112 करोड़ रुपए दिए हैं, तो क्या इस राशि का उपयोग अनुपूरक के जरिए विकास कार्यों में न हो। वित्त मंत्री ने कहा कि हर पांचवां वर्ष चुनाव का होता है, जिसका असर राज्यों के खर्च और इसके राजस्व पर पड़ता है। हमारी सरकार की सोच है कि ऐसे विभागों के पैसे को उन विभागों को दे दिया जाए, जिन विभागों में अधिक खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने जदयू सदस्य सरयू राय की ओर से उठाए गए मुद्दों पर कहा कि सदन के बगैर अनुमति के राशि का आवंटन नहीं किया जाता है। यदि ऐसी बात होगी, तो इसकी जांच कराई जाएगी। ज्ञात हो कि सरयू राय ने सदन की बगैर अनुमति के राशि आवंटित करने की बात कही थी और कहा था कि वित्त मंत्री को सरकार के बही-खातों को दुरुस्त करना चाहिए।

# कोतवाली एसआई को एसीबी ने रिश्वत लेते किया गिरफ्तार



- पीड़ित की शिकायत पर की गई कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कारवाई करते हुए कोतवाली थाना के एसआई को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार आर्म्स एक्ट के एक आरोपी को कोतवाली थाना द्वारा गिरफ्तार किया गया था, जिसे निपटाने के लिए रिश्वत मांगी गई थी। इस दौरान आरोपी का एक महंगा मोबाइल फोन भी थाना द्वारा जब्त किया गया। इस केस के आईओ गिरफ्तार एसआई ऋषिकांत ही थे। मोबाइल को थाना से छोड़ने के लिए दारोगा ऋषिकांत पीड़ित से पांच हजार रुपए मांग रहे थे। इसके बाद आरोपी के भाई ने एसीबी से संपर्क किया।

पीड़ित ने रिश्वत मांग रहे दारोगा के खिलाफ एसीबी में लिखित शिकायत की थी। इसके बाद एसीबी ने मामले की जांच की, जिसमें दारोगा के ऊपर लगे आरोपों को सत्य पाया। आरोप में सच्चाई पाए जाने के बाद एसीबी ने शिकायतकर्ता को अपने द्वारा दिए गए पैसे लेकर दारोगा ऋषिकांत के पास भेजा। इस बीच, जैसे ही शिकायतकर्ता द्वारा दारोगा को पांच हजार रुपए दिए गए। वहां पहले से मौजूद एसीबी की टीम ने दारोगा को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

**इंडिया**

# एआई की तेज गति से लाभ कम खतरा ज्यादा




सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

झारखंड साइबर अपराधियों का स्वर्ग बना हुआ है जिसके शिकार विदेशों तक के लोग हो रहे हैं।हर हाथ में स्मार्ट फोन उपलब्धि भी है और खतरा भी जिसमें रात दिन अधूरी,भ्रामक,अश्लील से लेकर धार्मिक घृणा फैलाने वाली सामग्री मौजूद है जिसे अनपढ़, अधपढ़े और हमेशा हड़बड़ी में रहने वाले लोग देख रहे हैं जिसका धीमा जहर समाज में नैतिकता, धार्मिकता और राजनीति को नष्ट कर रहा है।इन सभी के बीच जाने अनजाने हम सभी एआई के जाल में फंस रहे हैं।सोशल मीडिया में 50 साल पुरानी शोले फिल्म के जय और बीरू स्मार्टफोन लेकर गाने गा रहे हैं और बसंती के पहाड़ के ऊपर की नाच को कुत्ते देख रहे हैं।ये वीडियो साबित करते हैं कि एआई जो नहीं हुआ उसे भी सच की तरह रच सकता है।कल्पना करिए कि भावनात्मक मुद्दों पर सरकारें बनाने और गिराने से लेकर देश राज्य बनाने वाले देश में दंगे फसाद कराना कितना आसान हो गया है या सच पर भी विश्वास करना कितना कठिन है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर पेरिस में शिखर बैठक कर दुनिया भर के वैज्ञानिक-नेता अपने घरों पहुंचे कि दक्षिण कोरिया ने हाल ही में सबसे ज्यादा चर्चा में आए चीनी एआई चैटबॉट डीपसीक पर पाबंदी लगा दी। हालांकि, दक्षिण कोरिया से पहले डीपसीक अमेरिका और भारत समेत करोड़ों लोगों के स्मार्टफोन और कंप्यूटरों में आ चुका है। कहीं निजता का खतरा है, तो कहीं डीपफेक में इस्तेमाल के लिए डाटा उड़ाने से जुड़ी चिंता है।

एआई को लेकर सबसे ज्यादा फिक्र शिक्षा जगत को है। शिक्षा से सरोकार रखने वाले विशेषज्ञों को लग रहा है कि अगर? एआई की को बांधा नहीं गया, तो मौलिकता और बौद्धिक विकास की रेल को पटरी से उतरने में देर नहीं लगेगी। कुछ लोगों का सोचना है कि पाबंदियां एक अरसे तक ही असर दिखाएंगी। आगे चलकर हमें एआई से उसी तरह तालमेल बिठाना होगा, जैसा किसी जमाने में कैल्कुलेटर, कंप्यूटर और इंटरनेट से बिठाना पड़ा।विज्ञान और चिकित्सा जगत में एक नियम कि कोई भी नई खोज आम जनता के सामने तब तक नहीं लाई जानी चाहिए, जब तक कि उसके दुष्प्रभावों का सटीक आकलन नहीं हो जाए। लेकिन एआई को अपनाने को लेकर ?भारत समेत दुनिया के कई देशों में एक किस्म का उतावलापन दिख रहा है। वहीं, निजी तकनीकी कंपनियों को इसमें अपना मुनाफा नजर आ रहा है। हाल के पांच वर्षों में तकनीकी चमत्कार के बलबूते संभव हुई पढ़ाई के एक प्रमुख उदाहरण-ऑनलाइन



शिक्षा को देखें, तो पता चलता है कि इससे कितनी बड़ी समस्याएं उठ खड़ी हुई हैं। कोरोना? महामारी के दौरान शिक्षा? का इकलौता विकल्प कंप्यूटर, लैपटॉप या स्मार्टफोन से पढ़ाई करना व?कराना था। मजबूरी में अपनाए गए इस विकल्प के नतीजे में जो पीढ़ी अगली कक्षाओं में गई, उसके लिए 'कोविड पीढ़ी' जैसे नारे रचे गए। यही वजह है कि संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को ने ऑनलाइन लर्निंग पर सवाल उठाते हुए कहा था कि तकनीकी समाधानों का जल्दबाजी में लागू होना 'त्रासदी' थी। शिक्षा बोर्डों, विश्वविद्यालयों और खुद सरकारों के सामने ऐसी क्या मजबूरी है कि वे छात्रों को एआई की जानकारी से लैस करना चाहते हैं। दावा है कि इसके पीछे एआई व डाटा एल्गोरिदम से जुड़ी तकनीकी व इंटरनेट कंपनियों का दिमाग है। ये कंपनियां अपने कारोबारी मकसद के लिए एआई से जुड़ा डाटा पैदा करके उसका इस्तेमाल करना चाहती हैं, ताकि एल्गोरिदम को उनकी जरूरतों के हिसाब से डिजाइन कर सकें। यूनेस्को के? विशेषज्ञ मानोस एंटोनिनिस का तर्क है कि इन कंपनियों का ध्यान शिक्षा से ज्यादा मुनाफे पर है। इसके लिए ये कंपनियां सरकारों और शिक्षा जगत को एआई के लिए लुभा रही हैं और इसके लिए बेहद सस्ती दरों पर एआई एप और संबंधित तकनीकें बेचकर उन्हें अपने झांसे में ले रही हैं। क्या शिक्षा जगत में एआई के कुछ लाभ भी हैं। अगर एक साधन के रूप में देखा जाए, तो एआई के लाभ कुछ उसी तरह के हैं, जैसे कि एक हथौड़े के होते हैं। जब तक वह सही हाथों में है और उसका सही इस्तेमाल हो रहा है, तब तो हालात ठीक कहे जा सकते हैं। लेकिन अकुशल व्यक्ति के हाथों में इसके पहुंचने का मतलब है कि उस हथौड़े से वह अपना या किसी और का सिर भी फोड़ सकता है। उदाहरण के तौर पर, विश्वविद्यालयों में शोध पत्र लिखने से संबंधित कामकाज लिया जा सकता है। लेकिन क्या इससे शोधार्थियों के ज्ञान और मानसिक स्तर में कोई लाभ होता है। इसका जवाब यह है कि सभी एआई टूल अकादमिक साहित्यिक चोरी को आसान बना देते हैं। आईटी के क्षेत्र में दुनिया में काफी दबदबा रखने वाले हमारे देश भारत के शिक्षा जगत में एआई को लेकर क्या रुख अपनाया जाना चाहिए। इस सवाल के जवाब में विकसित देशों के उदाहरण देना प्रासंगिक होगा। एक शोध के मुताबिक अमेरिका में 94 फीसदी शिक्षक एआई के विरोध में हैं। वहीं फ्रांस में इसी तरह की एक पहल के रूप में जब गृहकार्य करने के लिए होमवर्क एप 'एमआईए' लाने की घोषणा हुई, तो इसके समर्थन-विरोध में वहां राजनीतिक संकट की स्थिति बन गई। अंततः इस योजना को रद्द कर दिया गया। ब्रिटेन में भी इसी तरह का एक एआई एप 'स्पार्क्स' लाया गया, तो तमाम अभिभावकों ने इसे लेकर अपनी नाराजगी जताई। इसकी बड़ी वजह यह बताई गई कि ये ज्यादातर एआई टूल या एप बच्चों को समाज से काट देते हैं। एआई की दुनिया बेशक तेज हो, लेकिन इसकी एक सबसे बड़ी हकीकत यह है कि यह सच्चाई से अलग एक ऐसी दुनिया में ले जाती है, जहां नकली चीजें असली लगती हैं और पराए ज्ञान को लोग अपना मानकर किसी गफलत के शिकार हो सकते हैं।

# अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 475 परीक्षार्थी उपस्थित, 2 अनुपस्थित



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय में स्थापित केंद्र में शुक्रवार को मैट्रिक के अंग्रेजी विषय की परीक्षा ली गई। इसमें पूर्व से अनुपस्थित कैलाश उच्च विद्यालय के 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जबकि सोशल साइंस विषय की परीक्षा में अनुपस्थित उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय की छात्रा उपस्थित रही। केंद्राधीक्षक सह प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि इस स्कूल में उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय के 158, कैलाश सिंह उच्च विद्यालय पंसा के 177, अपग्रेडेड हाईस्कूल रानीदेवा और सोनबरसा के क्रमशः 40 व 102 कुल 477 परीक्षार्थियों केंद बनाया गया था। मगर कैलाश सिंह उच्च विद्यालय के 2 परीक्षार्थियों के लगातार अनुपस्थित रहने से कुल संख्या 475 है। बतौर स्टैटिक मजिस्ट्रेट बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार की प्रतिनियुक्ति की गई है। लगातार हर परीक्षा की निगरानी कनीय अभियंता प्रदीप कुमार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वैसे तो सोमवार को गणित विषय की परीक्षा के साथ मैट्रिक परीक्षा समाप्त हो जानी चाहिए थी। मगर हिंदी और विज्ञान विषयों की परीक्षा के स्थगित करने से इन विषयों की परीक्षा के बाद ही समापन होगा। अब तक उक्त विषयों की परीक्षा की तिथि घोषित नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि शांति और सुरक्षा के दृष्टिकोण से इस केंद्र के 100 मीटर के दायरे में 3 फरवरी तक निषेधाज्ञा लागू है। शांति और सुरक्षा व्यवस्था की कमान नियमित रूप से एएसआई सुरेंद्र तिवारी ने सदलबल संभाल रखा है। परीक्षा कदाचार मुक्त सुनिश्चित की जा रही है।

# बाइक की डिक्की से 50 हजार रुपए की चोरी, घटना सीसीटीवी में कैद




नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद मुख्य बाजार से चोरों ने मोटरसाइकिल की डिक्की में रखे 50 हजार रुपए की चोरी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कचरा गांव निवासी सत्यनारायण सिंह ने हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत की है। लिखित शिकायत में कहा है कि शुक्रवार को अपने घर से मेन ब्रांच एसबीआई हुसैनाबाद शाखा से पैसा निकालने के लिए अपने बाइक से आया था। बैंक से पैसा निकालने के बाद बाइक की डिक्की में निकासी की रुपए को रख कर मुख्य बाजार स्थित जवाहर साव की गली में अपनी पत्नी के साथ बाइक को खड़ा कर संतोष सोनी के दुकान पर गया। इस क्रम में डिक्की खोलकर उसमें रखे 50 हजार रुपए की चोरी कर ली गई। अगल-बगल लगे सीसीटीवी में देखा गया की तीन लोग इस चोरी की घटना को अंजाम दे रहें हैं। सीसीटीवी फुटेज में तीनों चोरों की पहचान नहीं हो सकी हैं। पुलिस लिखित शिकायत के आधार पर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तफ्तीश शुरू कर दी है।

## टेंपो में अज्ञात लोगों ने लगाई आग, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद** नगर पंचायत के शहरी क्षेत्र के माली मुहल्ला निवासी योगेंद्र राम की टेंपो को 3अज्ञात लोगों ने आग लगाकर जला देने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में योगेंद्र राम ने हुसैनाबाद थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। हुसैनाबाद थाना में दिये गए आवेदन में कहा है कि घर के बाहर टेंपो लगाकर सोने चले गए। जब रात्रि में करीब ढ़ाई बजे घर के बाहर निकले तो देखा कि मेरा टेंपो जल रहा है। आनन फानन में घर से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास किया। तब तक सब कुछ जल कर राख हो गया। हुसैनाबाद थाना के इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि आवेदन के आलोक में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी गई है।

## न्यूज बॉक्स

### अनियंत्रित छरी लदे हाइवा पलटा

**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारी ढोढा घाटी के केहूनियां बेल के पास गुरूवार रात में छरी लदे एक हाइवा अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में ड्राइवर एवं खलासी बाल बाल बच गए। दोनों शराब के नशे में बताए गए हैं। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए चालक एवं खलासी को किसी तरह वाहन से बाहर निकाला। चालक को चोट आने की सूचना दी गई है। जानकारी के अनुसार रामगढ़ के नावाडीह इलाके से छरी लदे एक हाइवा चैनपुर होते डालटनगंज की ओर जा रहा था। उसे बिहार जाना था। जैसे ही अंधारी ढोढा घाटी के केहूनियां बेल के पास पहुंचा।अचानक अनियंत्रित होकर घाटी में पलट गयी। स्थानीय लोगों ने बताया कि ड्राइवर एवं खलासी नशे में थे। इस वजह से घटना हुई। इस घटना से मार्ग भी अवरूद्ध रहा। घटना के सूचना पाकर चैनपुर पुलिस मौके पर पहुंची व हाइवा को सीधा कर मार्ग को आवागमन के लिए चालू कराया व हाईवा को थाना परिसर में लाकर खड़ा किया।

### रांची यार्ड में व्यर्थ खड़ी गोरखपुर एक्सप्रेस को एक दिन पलामू के रास्ते चलाने की मांग

**हैदरनगर।** झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन ने 18629/18630 रांची-गोरखपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस को एक दिन लोहरदगा, टोरी, डालटनगंज, गढ़वा रोड, हैदरनगर, जपला, सासाराम के रास्ते से चलाने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष कुमार अभिषेक, सचिव नय्यर इमाम मुख्य सदस्य अंकु सिंह राणा, सत्यम श्रीवास्तव, ऋतिक राज ने बताया कि यह ट्रेन रविवार से लेकर शुक्रवार तक हटिया यार्ड में खड़ी रहती है। इस ट्रेन के पास चार दिन का समय व्यर्थ विश्राम में जाता है। यह ट्रेन रांची से शुक्रवार को शाम 16. 50 बजे खुलती है और फिर रविवार को सुबह 9. 25 बजे रांची पहुंच जाती है। इसके बाद ट्रेन रविवार से लेकर शुक्रवार तक हटिया यार्ड में खड़ी रहती है। एसोसिएशन का कहना है कि इस ट्रेन को आराम से एक दिन वाया लोहरदगा, टोरी, डालटनगंज, गढ़वा रोड, हैदरनगर, जपला, सासाराम के रास्ते से चलाया जा सकता है।

### अपराधियों ने हाइवा में आग लगाई, चालक के साथ मारपीट

**नौडीहा बाजार।** लालगढ़-नौडीहा मार्ग पर गुरुवार की रात्रि कुहकुह माइंस में चल रहे हाइवा कोअज्ञात अपराधियों ने आग के हवाले दिया। अपराधियों ने हाइवा चालक के साथ मारपीट भी की। बताया जाता है कि नौडीहा प्रखंड के कुहकुह माइंस से प्रतिदिन के तरह हाइवा पत्थर लोड कर क्रशर पर गिराने जा रहा था। माइंस से पत्थर लोड कर जैसे ही कुछ दूरी पर हाइवा पहुंचा पहले से घात लगाकर बैठे अपराधियों ने हाइवा के डीजल निकाल कर हाइवा में आग लगा दिया। हाइवा चालक के साथ मारपीट भी किया और फिर चलते बने। घटना के सूचना मिलने पर नौडीहा थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस सभी मामलों पर गहनता से जांच कर रही है। अपराध जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### आठ साल बाद भी नहीं बना झारखंड विद्यालय

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड के नावाटाड़ पंचायत में बन रहे झारखंड आवासीय विद्यालय 8 साल के बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। बताया जाता है नौडीहा बाजार प्रखंड के नावाटाड़ पंचायत के मधया गांव में वर्ष 2017-2018 वित्तीय वर्ष में निमार्ण कार्य शुरू किया गया था। 8 साल पूरा हो जाने के बाद भी आवासीय विद्यालय पूरा नहीं हो सका। बताया जाता है कि इस निर्माण कार्य की लागत लगभग 4:30 करोड़ रुपए है। ठेकेदार द्वारा लगभग दो करोड़ रुपए की निकासी भी कर ली गई है। भवन निर्माण कार्य केवल बिम लेवल तक पूरा हो चुका है। वर्तमान स्थिति में देखा जाए तो प्रखंड आवासीय विद्यालय के बच्चों छतरपुर कस्तूरबा गांधी विद्यालय में पढ़ रहे हैं। भवन निर्माण काम पूरा नहीं होने के कारण यहां के बच्चों छतरपुर में रहकर पढ़ाई करते हैं। **क्या होता लाभः** अगर निर्माण कार्य समय पर पूरा कर लिया जाता तो, जो स्थिति नौडीया बाजार प्रखंड के बच्चों को छतरपुर में रहकर पढ़ाई करना पड़ रहा है। वह नौडीहा बाजार में ही पढ़ाई कर सकते थे। **क्या कहते हैं बीडीओः** प्रखंड विकास पदाधिकारी रामनारायण खलखो ने बताया कि यह मामला बहुत पुराना है। उनके आने से पहले का मामला है। इसके बावजूद अगर निर्माण कार्य नहीं पूरा हुआ है, तो इसकी जांच मैं अपने स्तर से कराकर विभाग को जानकारी लिया जायेगा। पूरी रिपोर्ट तैयार कर पलामू आयुक्त को सौंप कर इस भवन निर्माण कार्य को पूरा कर कराएंगे।

### विज्ञान के क्षेत्र में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने की जरूरतः प्रभारी प्राचार्य

**छतरपुर।** गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज के स्मार्ट क्लास में शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य प्रो. राज किशोर लाल, कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. राज मोहन, प्रो, अशोक अग्रवाल, प्रो, जलेश्वर सोरेन, कुमार गुप्ता, प्रो. मुन्नी देवी, प्रो, इंदु कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रो. राज मोहन ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस भारतीय वैज्ञानिकों के सम्मान में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य भारतीय वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन द्वारा खोजे गए 'रमन प्रभाव' की याद दिलाना है और विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति प्रेरित करना है। प्रभारी प्राचार्य प्रो. राजकिशोर लाल ने सीवी रमन का भारत में साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विकास में योगदान के बारे में जानकारी दी। उनके जीवन यात्रा पर चर्चा की।

## एक नजर

### पुलिस ने चार एकड़ में लगे अफीम नष्ट की

**नौडीहा बाजार।** पुलिस ने थाना अंतर्गत ग्राम रत्नाग के वन भूमि में लगे लगभग 4 एकड़ में लगे अवैध अफीम की खेती को नौडीहा बाजार पुलिस व कुहकुह कला पिकेट की टीम के साथ ट्रैक्टर से नष्ट किया गया। पुलिस इस मामले में अज्ञात के विरूद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

### मैट्रिक के हिंदी ए बी और साइंस विषय के परीक्षा की तिथि घोषित

**मोहम्मदगंज।** मैट्रिक के हिंदी ए और बी के अलावा साइंस विषय की स्थगित परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई है। इसके अनुसार 7 मार्च को हिंदी एबी और वहीं साइंस विषय की परीक्षा 8 मार्च को ली जाएगी। जबकि प्रायोगिक परीक्षा और आंतरिक मूल्यांकन के संधारण की तिथि 11 से 26 मार्च तक निर्धारित की गई है।

### पत्रकार की मां का निधन, शोक

**हुसैनाबाद।** पत्रकार जितेंद्र प्रसाद की मां शिव कुमारी देवी (80) का निधन शुक्रवार को हो गयी। वह पोलडीह पंचायत के जगदीशपुर गांव निवासी बबन शरण सिंह की धर्मपत्नी थीं। वह पिछले कई दिनों से बीमार चल रही थी। उनके निधन की खबर मिलते ही जपला स्थित उनके आवास पर लोग पहुंचने लगे, जपला आवास से उनका पार्थिक शरीर उनके पैतृक गांव पोलडीह जगदीशपुर लाया गया। जहां अंतिम दर्शन के लिये शुभचिंतकों व रिश्तेदारों की भीड़ लगी रही। उनका अंतिम संस्कार गांव से दूरी पर स्थित शमशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र शैलेश प्रसाद ने दी।

# अवधेश कुमार सिंह कॉलेज में विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन




नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अवधेश कुमार सिंह कॉलेज जपला में शुक्रवार को विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शुभारम्भ प्राचार्य सूर्य मणि सिंह एवं एकेडमिक इंचार्ज डॉ. राम सुभग सिंह ने संयुक्त रूप से किया। उसके पश्चात पांच सदस्यीय ज्यूरी मेंबर प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, एकेडमिक इंचार्ज डॉ. राम सुभग सिंह, खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. राहुल कुमार सिंह, भौतिक विभागाध्यक्ष प्रो. रवि कुमार सिंह, एवं रसायन शास्त्र के व्याख्याता प्रो. सुनील कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से विज्ञान मॉडल का अवलोकन किया और विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं प्रयास की सराहना की। इन्होंने एक-एक कर सभी प्रतिभागियों से उस विषय पर प्रश्न किया और संतोष जनक उत्तर प्राप्त किया। 25 प्रतिभागियों ने अपने प्रदर्शन किये। जिसमें मुख्य रूप से शिखा कुमारी, प्राजक्ता कुमारी, अंशु कुमारी, दिव्या कुमारी, रेणु कुमारी, रागिनी कुमारी,अंजली कुमारी, खुशी कुमारी, संध्या कुमारी, रिंकी कुमारी, आरती कुमारी, मुसर्रत परवीन इत्यादि ने भाग लिया। कॉलेज कर्मी में मुख्य रूप से प्रो. मुकेश कुमार सिंह, प्रो. शशि भूषण सिंह, प्रो॰ शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रो. नरेश कुमार सिंह, प्रो. अशोक कुमार देव, प्रो.आलोक रंजन, अमरेंद्र कुमार सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, लेखपाल ओम प्रकाश सिंह आदि मौजूद थे। प्राचार्य ने कहा कि जल्द ही प्रथम तीन विजेताओं को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।

## सीएचसी के पुराने भवन को शहरी स्वास्थ्य केंद्र बनाने की मांग को लेकर धरना दिया

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र में एन एच 139 किनारे स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पुराने भवन परिसर में शुक्रवार को शहरी स्वास्थ्य केंद्र संचालित करने की मांग को लेकर धरना दिया गया। धरना का नेतृत्व सपा नेता सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव ने की। उन्होंने कहा कि सीएचसी को नया भवन में शिफ्ट होने के बाद पुराना भवन खाली है। उक्त भवन में स्वास्थ्य केंद्र रहने से आस पास के लोगों तथा सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को आपदा की स्थिति में स्वास्थ्य लाभ आसानी से मिल पाएगा। नया स्वास्थ्य केंद्र मुख्य सड़क से करीब एक किलोमीटर दूर है। ऐसे में दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को तत्काल चिकित्सा मिलना कठिन है। जनता की मांग पर पुराना भवन में शहरी स्वास्थ्य केंद्र संचालित कराने का निवर्तमान विधायक कमलेश कुमार सिंह के द्वारा आश्वासन भी दिया गया था, परंतु इस दिशा में अभी तक कोई पहल नहीं की गई। मौके पर कौलेंस गुप्ता, राघव पांडेय, अनिल शौंडिक, सुदामा ठाकुर, इंद्रदेव राम,अमित यादव, चंदन कुमार, सत्येंद्र पासवान, जितेंद्र पासवान, सुखराम मेहता सहित कई लोग शामिल थे।

# पूर्णाडीह में कलश यात्रा के साथ नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ शुरू



नवीन मेल संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के पूर्णाडीह गांव में श्री रामचरित मानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ के 41 वां अधिवेशन का आयोजन किया गया है। जिसके तहत शुकवार को शिव मंदिर परिसर से कलश यात्रा ढोल, गाजे बाजे के साथ निकाली गई। कलश यात्रा का उद्घाटन समाजसेवी नवल किशोर राय उर्फ डब्लू राय ने कलश लेकर एवं मंदिर में पूजा अर्चन के साथ किया। इस महायज्ञ के कलश यात्रा में शामिल सैकड़ों महिला-पुरुष ने कलश लिया। सभी कलशधारी गांव के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना करते हुए मलय नदी के तट पर पहुंचे। इस दौरान जय श्री राम के नारों से क्षेत्र गुंजयमान एवं भक्तिमय रहा। तथा आस पास लोगों में श्रद्धा भक्ति देखी गई। जहां पंडित प्रवीण मिश्रा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मुख्य यजमान श्याम देव सिंह सह पत्नी सहित दर्जनों कलशधारियों को मलय नदी से कलश में जल भरा। इसके उपरांत यज्ञ मंडप में कलश स्थापना की गई। मौके पर पंचायत के मुखिया गुड्डी देवी, यज्ञ समिति अध्यक्ष अभिषेक सिंह,सचिव ब्यास अंकू राय, कोषाध्यक्ष रजनीस सिंह, मुख्य संयोजक वेद प्रकाश , सुनील सिंह, सोनू राम, मिथिलेश राय,बलराम सिंह, अमित सिंह, राजू राय, रोहित राय, दिलीप सिंह,अरविंद पासवान, सुदर्शन राय, रौशन सिंह, हरिओम सिंह, संदीप चंद्रवंशी,आशीष सिंह, मुन्ना राम सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मैट्रिक की अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 1491 में 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित



**हैदरनगर।** जैक से संचालित मैट्रिक की परीक्षा में शुक्रवार को हैदरनगर के विभिन्न केन्द्रों पर अंग्रेजी विषय की परीक्षा ली गई। इसमें कुल 1491 में 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे हैं। राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय हैदरनगर के केंद्राधीक्षक बैद्यनाथ राम ने बताया कि शुक्रवार को इस केन्द्र पर अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 638 में 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित हैं। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों की सक्रिय भूमिका रही है। राजकीय मध्य विद्यालय हैदरनगर (बाजार) के केंद्राधीक्षक सुमन कुमार ने बताया कि उनके केन्द्र पर कुल 376 में एकमात्र परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा है। वहीं पीएमश्री प्लस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय के केंद्राधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि कुल 477 में दो परीक्षार्थी अंग्रेजी विषय की परीक्षा में अनुपस्थित है। इस परीक्षा को शांति व कदाचारमुक्त संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन की भूमिका सक्रिय रही है।

# प्रखंड 20 सूत्री की बैठक में अधिकारियों से जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष नंद किशोर सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई। बैठक में विकास योजनाओं की प्रगति, पारदर्शिता और उनकी प्रभावशीलता पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान 20 सूत्री उपाध्यक्ष नंद किशोर मिश्रा ने प्रशासनिक मनमानी और लापरवाही का मुद्दा उठाते हुए अधिकारियों से जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की। इस दौरान सदस्य सुनील सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्रों में व्याप्त अव्यवस्था पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि कई केंद्रों का संचालन सही तरीके से नहीं हो रहा, जिससे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसी क्रम में अन्य सदस्यों ने भी मनरेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में अनियमितताओं की ओर ध्यान आकर्षित किया और आवश्यक सुधार की मांग की। प्रखंड विकास पदाधिकारी सुकेशनी केरकेट्टा और अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने सदस्यों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने सभी विभागीय कर्मियों को कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने की सख्त हिदायत दी। साथ ही आश्वासन दिया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित मानकों के अनुसार होगा और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने प्रशासन से तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की अपील की। बैठक में अंचल निरीक्षक रितेश रंजन तिवारी, मुश्ताक अंसारी, सतेन्द्र पासवान, बीपीओ मनरेगा चंद्रशेखर कुमार सहित प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के कई कर्मी उपस्थित रहे।

## वित्त रहित शिक्षक 5 मार्च को विधानसभा के सामने धरना देंगे

**हैदरनगर।** 11 मार्च को पूरे राज्य में 1250 इंटरमीडिएट कॉलेज, उच्च विद्यालयों, संस्कृत विद्यालयों, मदरसा विद्यालयों में कार्यरत 10 हजार से अधिक शिक्षक व कर्मचारी शैक्षणिक हड़ताल पर रहेंगे। साथ ही इस दिन सारे वित रहित संस्थाएं बंद रहेंगे। इस संबध में एक विशेष बैठक के बाद मनीष कुमार, अरविन्द कुमार सिंह व गणेश महतो ने बताया कि पूरे राज्य के प्राचार्य, प्रधानाचार्य, शिक्षक व शिक्षक कर्मियों के साथ बैठक में 5 मार्च को विधानसभा के सामने विशाल महाधरना दो सूत्री मांगों को लेकर होगा।

## निरीक्षण

# खंडहरनुमा भौंराहा पर्वतीय निरीक्षण भवन के दिन बहुरने की उम्मीद बढ़ी

## डीसी ने किया प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन, दिए भवन के कायाकल्प विकसित करने के संकेत



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** भीमबराज और मुख्य नहर निर्माण के प्रारंभिक चरण में निर्मित भौंराहा पर्वत के मध्य में बनाए गए निरीक्षण भवन (अब खंडहरनुमा) के दिन बहुरने का आसार बढ़ गए हैं। इसकी दयनीय स्थिति की खबर पर सांसद वीडी राम की कायाकल्प कराने की दिशा में पहल से बढ़ गया था। अब गुरुवार को उपायुक्त शशिरंजन के स्थलीय निरीक्षण से इसे बल मिला है। इससे लोगों में इसके दिन बहुरने और गौरवशाली अतीत की पुनर्स्थापना की उम्मीद जगी है। उपायुक्त ने हुसैनाबाद से वापसी के दौरान पर्वतीय निरीक्षण भवन के खंडहर का मुआयना करने के साथ ही 3 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित स्थल से प्राकृतिक सौंदर्य के नयनाभिराम दृश्यों का अवलोकन किया। फोटोग्राफी की और सेल्फी लेते हुए अभिभूत नजर आए। उन्होंने इसके साथ ही भीमबराज से सूर्यास्त के खूबसूरत नजारे को निहारा। पर्यटक स्थल भीमचूल्हा में महाभारत काल के प्रतीक और पद चिन्हों का जाएजा लिया। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया एकाउंट पर इस संबंध में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लिखा है कि मोहम्मदगंज बराज, पहाड़ी पर स्थित गेस्ट हाउस व भीम चूल्हा का निरीक्षण कर पर्यटक स्थलों को और अधिक कैसे विकसित किया जाए, इससे संबंधित अन्य अधिकारियों संग विचार-विमर्श किया। इस दौरान उनके साथ डीडीसी शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो, अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह भी मौजूद थे।

### विशेष प्रकार की ईंट से 7 लाख की लागत से बना था

इसका निर्माण शमीम हैदर नामक ठेकेदार ने 7 लाख के टेंडर में सीमेंट से बनी विशेष प्रकार की ईंटों से करवाया था। हालांकि आज के समय में ऐसी ही ईंटों का प्रचलन शुरू हो गया है। करीब तीन हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित भवन तक घुमावदार रास्ते से वाहनों या पांव पैदल पहुंचना रोमांचक लगता है। वैसे पहुंच पथ भी पहले जैसी नहीं रह गई है। इसकी 10 कमरों की खंडहरनुमा बिल्डिंग को देखने से यह कहावत चरितार्थ होती है कि खंडहर बताती है कि इमारत कभी कितना बुलंद थी।

### पूर्व डीसी ने किया था भ्रमण

इस स्थल पर पलामू से ट्रांसफर से पहले पूर्व के उपायुक्त शशिरंजन ने पैदल चलकर इसका मुआयना किया था। तब उनके साथ मौजूद जिले के नामचीन फोटोग्राफर, अभिनेता और निर्देशक सैकत ने बताया था कि उपायुक्त ने नया कैमरा लिया था। जिससे उन्होंने पर्यटक स्थल भीम चूल्हा और पर्वतीय निरीक्षण भवन पर पहुंच कर फोटोग्राफी की शुरूआत की थी। बताया जाता है कि अब भी सिंचाई विभाग का कोई बड़ा अभियंता पहली बार यहां पहुंचते हैं, तो पर्वत के मध्य इसके भवन की भव्यता को दूर से देखने पर नजदीक जाकर इसका मुआयना कर आह्लादित होते हैं।

## जीईसी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया

**नीलांबर पीतांबरपुर।** राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय (जीईसी) पलामू में विज्ञान व नवाचार क्लब और इंस्टीट्यूशन्स इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी ) के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालयी छात्रों को तकनीकी शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और इसके महत्व से अवगत कराना था। समारोह में लेस्लीगंज, मेदिनीनगर एवं आसपास के क्षेत्रों के 12 विद्यालयों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, पलामू के प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार सिंह ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भविष्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उन्नति का युग होगा, और इस प्रगति के अनुरूप स्वयं को विकसित करने के लिए हमें नई तकनीकों को सीखने, कौशल अर्जित करने और अपनी सोच का विस्तार करने की आवश्यकता है। विज्ञान एवं नवाचार क्लब के प्रभारी प्रोफेसर डॉ. पंकज कुमार तथा आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. मुरली मनोहर ने छात्रों की विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति जिज्ञासा और रुचि की सराहना की।


सामाचार पत्र पंजीकरण (केंद्र) नियम 1957 के अन्तर्गत अधिनियम 8 के अनुसार राष्ट्रीय नवीन मेल के स्वामित्व एवं अन्य विशिष्टियों का विवरण

**फार्म-IV**

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थल- | डालटनगंज (मेदिनीनगर) जिला- पलामू (झारखंड) |
| 2. प्रकाशन अवधि- दैनिक | |
| 3. मुद्रक का नाम- | हर्षवर्द्धन बजाज |
| क्या आप भारतीय नागरिक हैं- | हां |
| पता- | पारिजात शिवाजी मैदान डालटनगंज, (पलामू) झारखंड। |
| 4. प्रकाशक का नाम- | हर्षवर्द्धन बजाज |
| क्या आप भारतीय नागरिक हैं- | हां |
| पता- | पारिजात शिवाजी मैदान डालटनगंज, (पलामू) झारखंड। |
| 5. संपादक का नाम- | हर्षवर्द्धन बजाज |
| पता- | पारिजात शिवाजी मैदान डालटनगंज, (पलामू) झारखंड। |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम एवं पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदारी में हिस्सेदार हैं | मे0 पारिजात माइनिंग इंडस्ट्रीज (इंडिया) प्रा. लि. 502बी, पांचवीं मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001 (झारखंड) |

मैं हर्षवर्द्धन बजाज एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी तथा विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

ह0/-
हर्षवर्द्धन बजाज
प्रकाशक का हस्ताक्षर
दिनांक 01.03.2025

# अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर होगी सख्त कार्रवाई : उपायुक्त

## समन्वय और सख्ती से रोकें अवैध खनन, सीमावर्ती इलाकों में विशेष चौकसी के निर्देश




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर सख्ती से रोक लगाने के लिए सभी पदाधिकारी सक्रियता से कार्य करें। अनुमंडल, अंचल और थाना स्तर पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। गोपनीय छापेमारी, वाहन जब्ती, अर्थदंड और प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। यह निर्देश उपायुक्त शशि रंजन ने खनन टास्क फोर्स की बैठक में दिए।

**सीमावर्ती इलाकों में विशेष निगरानी के निर्देश :** बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन और परिवहन की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरती जाए, क्योंकि इन इलाकों से अवैध खनन और परिवहन की अधिक शिकायतें मिलती हैं। सभी अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी गोपनीय जांच और छापेमारी कर यह सुनिश्चित करें कि लीज क्षेत्र से बाहर या बिना अनुमति खनन न हो।

बैठक में खनन पदाधिकारी सुनील कुमार, परिवहन पदाधिकारी, तीनों अनुमंडलों के अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी उपस्थित थे।

### 23 मत्स्य कृषकों को मिलेगा वेद व्यास आवास

**मेदिनीनगर।** जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में 23 मत्स्य कृषकों को वेद व्यास आवास योजना के तहत आवास देने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 2024-25 वित्तीय वर्ष के लिए 20 सामान्य और 3 अनुसूचित जाति के लाभुकों का चयन किया गया। जिला मत्स्य पदाधिकारी मो. कमरू जमां ने बताया कि यह योजना उन मत्स्य कृषकों के लिए है, जिनके पास स्वयं का पक्का मकान नहीं है। उन्होंने कहा कि लाभुकों का चयन पूरी पारदर्शिता के साथ किया गया है और उन्हें जल्द ही आवास निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### अवैध खनन और परिवहन पर प्रशासन की सख्ती

जनवरी 2025 में जिला खनन कार्यालय ने 38 वाहन जब्त किए और 6 प्राथमिकी दर्ज की। कुल 18.90 लाख रुपये अर्थदंड वसूला गया। परिवहन विभाग ने 16 वाहनों को जब्त कर 7.35 लाख रुपये जुमार्ना वसूला। वन प्रमंडल ने 9 क्रशरों को जब्त कर संचालकों पर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

### पुलिस और वन विभाग के अधिकारी भी रहे सक्रिय

पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए, साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा कि वैध वाहनों के चालकों को अनावश्यक परेशान न किया जाए। वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार ने वन क्षेत्र में अवैध खनन रोकने के लिए छत्तरपुर, पिपरा और चैनपुर में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

### बालू के अवैध परिवहन को रोकने के लिए ट्रेंच कटिंग और बैरिकेडिंग

उपायुक्त ने बालू के अवैध उठाव और भंडारण पर सख्ती से रोक लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने अवैध परिवहन के मार्गों को ट्रेंच कटवाकर अवरुद्ध करने को कहा। साथ ही, बैरिकेडिंग और चौकीदारों की प्रतिनियुक्ति कर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए।

## मिशन समृद्धि: शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रतीक

**निःशुल्क शिक्षा के माध्यम से बच्चों का भविष्य संवारने की दिशा में प्रयास**

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित है। इसके तहत निःशुल्क संचालित समृद्धि की पाठशाला की कचरवा शाखा लगातार प्रगति कर रही है। संस्था की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने बताया कि पहले छोटे बच्चे भी बड़े बच्चों के साथ बैठ जाते थे, जिससे उन्हें पढ़ाई का पूरा लाभ नहीं मिल पाता था। लेकिन नौ-दस वर्षों की मेहनत के बाद अब बच्चे पढ़ाई को लेकर अधिक जागरूक हो चुके हैं।

अब चार से बारह साल तक के बच्चों को शिक्षा दी जा रही है, जिससे पढ़ाई अधिक प्रभावी हो रही है। पहले की तरह अब सप्ताह में तीन दिन कचरवा और पांच दिन जनकपुरी में पाठशाला संचालित की जा रही है।

संस्था 'पढ़े पलामू, बढ़े पलामू' के संकल्प को साकार करते हुए समाज और राष्ट्र को शिक्षित व संस्कारित बच्चों की सौगात देने के प्रयास में जुटी है। निःशुल्क शिक्षा और निःस्वार्थ सेवा को संस्था ने अपना कर्तव्य बना लिया है। इस मिशन में अहिल्या गिरि, बैजन्ती गुप्ता, वीणा राज, रंजीता और ममता का योगदान सराहनीय है।

## न्यूज बॉक्स

### मैट्रिक व इंटर परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न, कदाचार मुक्त परीक्षा का दावा



**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को जिले में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। बोर्ड की ओर से शनिवार को भी मैट्रिक परीक्षा आयोजित की गई। जिले में कुल 76 परीक्षा केंद्र बनाए गए, जिसमें प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9:45 बजे से दोपहर 1 बजे तक हुई। परीक्षार्थियों को सुबह 8:30 बजे से परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। मैट्रिक की अंग्रेजी परीक्षा में कुल 34,410 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 235 अनुपस्थित रहे। जिले में डाल्टनगंज अनुमंडल में सबसे अधिक 50 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इंटरमीडिएट परीक्षा द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित हुई। कला संकाय के छात्रों के लिए इतिहास विषय की परीक्षा हुई, जिसमें 11,085 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 144 अनुपस्थित रहे। इंटर की परीक्षा के लिए जिले में 40 केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा के दौरान केंद्रों के बाहर निषेधाज्ञा लागू रही। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट और पुलिस बल तैनात थे।

### कृषि वैज्ञानिकों की सलाह : आम और अरहर की फसल बचाने के लिए कीटनाशक का छिड़काव करें



**छतरपुर/मेदिनीनगर।** छतरपुर प्रखंड सभागार में आयोजित वैज्ञानिक अंतर्मिलन कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को आम और अरहर की फसल बचाने के लिए कीटनाशकों के उपयोग की सलाह दी। वैज्ञानिक प्रमोद कुमार और दिलीप कुमार पांडेय ने बताया कि आम के मंजर पर इमिडाक्लोरप्रिड और एसीफेट का घोल छिड़कने से फसल सुरक्षित रहेगी। इसी तरह, अरहर में फल छेदक कीट से बचाव के लिए इमामेकिटन बेंजोएट के उपयोग की सलाह दी गई।

बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार साहू, कृषि पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, पंचायत प्रतिनिधि हरेन्द्र सिंह सहित कई किसान उपस्थित रहे।

### काव्य संग्रह 'तुम आओगे न' की समीक्षा




**मेदिनीनगर।** कविता हृदय की गहरी भावनाओं का प्रतिबिंब होती है, और डॉ. सुरिंदर कौर नीलम का काव्य संग्रह 'तुम आओगे न' इसी भावना को सजीव करता है। नीलम झारखंड और अन्य राज्यों में जानी-मानी कवयित्री हैं। उनकी रचनाओं में यथार्थ चिंतन और बेबाक अभिव्यक्ति झलकती है। यह काव्य संग्रह प्रकृति, प्रेम, समाज और मानवीय संवेदनाओं से गहरे रूप से जुड़ा हुआ है। संग्रह में गांव, जंगल, नदी, परिवार, और जीवन के विभिन्न पहलुओं पर आधारित कविताएं शामिल हैं।

### रमजान का चांद नहीं दिखा, रोजा रविवार से होगा प्रारंभ

**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को रमजान का चांद नहीं दिखने के कारण रोजा रविवार से प्रारंभ होगा। खनवां स्थित हाजी अनवर अहमद अंसारी के घर में विशेष तरावीह की नमाज रात 8:15 बजे से शुरू होगी। यह परंपरा लगभग 25 वर्ष पूर्व मरहूम रफीक अहमद की गुजारिश पर हाफिज अख्तर साहब पलामूवी ने शुरू की थी। उस समय कारी जसीमुद्दीन शमीमी और मरहूम शरीफ अंसारी की सदारत में नमाज अदा की गई थी।

**हाफिज आबिद रजा पढ़ाएंगे नमाज :** इस वर्ष भी हाफिज आबिद रजा कादरी तरावीह की नमाज पढ़ाएंगे। वह पिछले तीन वर्षों से यह जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इन्तेजामिया कमिटी के सदर कमरुद्दीन अंसारी ने आयोजन के लिए हाजी अनवर अहमद और पूरी कमिटी को मुबारकबाद दी।

**समय का पालन करें : कमेटी**

सभी नमाजियों से अपील की गई है कि वे तय समय पर नमाज के लिए पहुंचें। जमात रात 8 बजे शुरू होगी और तरावीह की नमाज 8:15 बजे से पढ़ाई जाएगी।

# नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय को दो साल बाद स्थायी कुलपति मिला

● **डॉ. दिनेश कुमार सिंह बने कुलपति, छात्रों और शिक्षकों में उत्साह**






**मेदिनीनगर।** दो वर्षों के लंबे इंतजार के बाद नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) को स्थायी कुलपति मिल गया। राजभवन झारखंड ने शुक्रवार को डॉ. दिनेश कुमार सिंह की कुलपति पद पर नियुक्ति की।

पिछले एक महीने से विश्वविद्यालय में कुलपति का पद खाली रहने के कारण कई महत्वपूर्ण कार्य रुके हुए थे। इससे 300 से अधिक छात्रों के माइग्रेशन, डिग्री सर्टिफिकेट, परीक्षा परिणाम और नई परीक्षाओं की तिथि जारी नहीं हो सकी थी। स्थायी कुलपति की नियुक्ति के बाद अब छात्र हित से जुड़े सभी कार्य सुचारू रूप से शुरू होने की उम्मीद है।

**छात्र संगठनों ने किया स्वागत, सुधार की उम्मीद :** स्थायी कुलपति की नियुक्ति पर छात्र संगठनों ने खुशी जताई और प्रशासनिक सुधार की उम्मीद जताई।

आजसू छात्र नेता अभिषेक राज ने कहा, 'आंदोलन से बाध्य होकर राजभवन को स्थायी कुलपति की नियुक्ति करनी पड़ी। हम आशा करते हैं कि कुलपति पलामू जैसे कृषि प्रधान क्षेत्र में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करेंगे।'

अभाविप के प्रदेश छात्रावास प्रमुख राम शंकर पासवान ने कहा, 'यह नियुक्ति सुखद और अपेक्षाओं से भरी है। प्रभारी अधिकारियों के कारण विश्वविद्यालय की स्थिति दयनीय हो गई थी। हमें उम्मीद है कि कुलपति जल्द ही इन समस्याओं का समाधान करेंगे।'

आपसू की जेएस कॉलेज छात्रा प्रमुख सानिया अग्रवाल ने कहा, 'स्थायी कुलपति मिलना शुभ संकेत है, लेकिन यह उनके लिए चुनौतीपूर्ण भी होगा। लंबित सत्र को नियमित करना, कॉलेजों में प्रबंधन सुधारना, कक्षाओं को सुचारू रूप से संचालित करना और परीक्षा प्रक्रिया को व्यवस्थित करना उनके लिए बड़ी जिम्मेदारी होगी।'

एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने कहा, 'अब विश्वविद्यालय में डिग्री, माइग्रेशन, प्रोविजनल प्रमाण पत्र, लंबित परीक्षा परिणाम और सत्र नियमित करने जैसे मुद्दों पर तेजी से काम होने की उम्मीद है। शिक्षकों और कर्मियों की भारी कमी को भी दूर किया जाना चाहिए।'

# पलामू में 251 अनुसेवक बर्खास्त शिवाजी मैदान में विरोध प्रदर्शन



● **सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कार्रवाई, बर्खास्त कर्मियों ने जताया रोष**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** 2010 में निकली चतुर्थ वर्गीय बहाली के तहत नियुक्त 251 अनुसेवकों को पलामू उपायुक्त (डीसी) ने बर्खास्त कर दिया है। हालांकि, हाईकोर्ट के आदेश के तहत सात अनुसेवकों की सेवा बरकरार रखी गई है। बर्खास्त कर्मियों ने इस फैसले का विरोध किया और स्थानीय शिवाजी मैदान में एकजुट होकर प्रदर्शन किया।

बर्खास्त अनुसेवकों का कहना है कि सात कर्मियों की नियुक्ति भी उन्हीं के साथ हुई थी, फिर भी उन्हें हटाया गया जबकि अन्य को बरकरार रखा गया। इस निर्णय के खिलाफ 239 अनुसेवक सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल कर चुके हैं।

अनुसेवक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें अपनी नौकरी बचाने के लिए उपायुक्त से एक महीने का समय मांगा था, लेकिन उनकी मांग को अनसुना कर दिया गया। वहीं, अनुसेवक चंदा कुंवर ने कहा कि वे वर्षों से सेवा दे रहे थे, कुछ कर्मचारी रिटायरमेंट के करीब थे, तो कुछ दिव्यांग और अनुकंपा के आधार पर कार्यरत थे।

बर्खास्त अनुसेवक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि इस फैसले से उनकी आजीविका संकट में पड़ गई है। इनमें से अधिकांश की उम्र नई भर्ती के लिए निर्धारित सीमा पार कर चुकी है। कोर्ट ने नई भर्ती प्रक्रिया में आयु सीमा में छूट देने की बात कही है, लेकिन कर्मचारियों का कहना है कि वे अब दोबारा परीक्षा देने की स्थिति में नहीं हैं।

अनुसेविका सविता देवी ने कहा कि उन्होंने नौकरी के भरोसे लोन लिया था, जिसे अब चुकाना मुश्किल हो जाएगा। बच्चों की पढ़ाई और विवाह को लेकर भी वे चिंतित हैं।

2010 में झारखंड सरकार ने चतुर्थ श्रेणी बहाली का विज्ञापन निकाला था, लेकिन परीक्षा का आयोजन 2017-18 में हुआ। इस दौरान पेपर लीक और अनियमितताओं के आरोप लगे, जिसके चलते कुछ अभ्यर्थी जेल भी गए। बाद में हाईकोर्ट के आदेश से उन्हें बहाली मिल गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने भर्ती को अवैध बताया

सुप्रीम कोर्ट ने 2010 की भर्ती प्रक्रिया को अवैध और असंवैधानिक करार दिया। कोर्ट ने पाया कि इस भर्ती में पदों की संख्या स्पष्ट नहीं की गई थी, आरक्षण नियमों में गड़बड़ी थी और इंटरव्यू प्रक्रिया बाद में जोड़ी गई, जिससे संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन हुआ। अमृत यादव नामक अभ्यर्थी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर अनियमितताओं को चुनौती दी थी। जस्टिस पंकज मित्तल और संदीप मेहता की खंडपीठ ने पूरी भर्ती प्रक्रिया को निरस्त कर दिया और सरकार को छह महीने के भीतर नए सिरे से विज्ञापन जारी करने का निर्देश दिया।

# तरहसी थाना क्षेत्र में एक ही रात तीन घरों में चोरी, पुलिस जांच में जुटी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र के सोनपुरा और मझिगावां गांव में एक ही रात में तीन घरों में चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। चोरों ने लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। खास बात यह रही कि जब चोरी की घटनाएं हुईं, उस समय घरों में कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था।

**चोरी की घटनाएं ऐसे घटीं :** चोरों ने सोनपुरा में बासमति कुंवर, मझिगावां में राजेंद्र पांडेय और संजय तिवारी के घरों को निशाना बनाया। राजेंद्र पांडेय के घर से तीन हजार रुपये नकद और चांदी का लॉकेट चोरी हुआ। घटना के समय पूरा परिवार रांची में था। घर का ताला टूटा देखकर गांव के अमलेश रजक ने उन्हें फोन पर सूचना दी। बासमति कुंवर के घर का ताला तोड़कर चोर 14 हजार रुपये नकद, जमीन के कागजात और सोने की बाली ले गए। चोरी का पता तब चला जब सुबह उनका पोता ऑर्केस्ट्रा देखकर घर लौटा। संजय तिवारी के घर से चोरों ने 25 हजार रुपये नकद चुरा लिए। चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुसे थे।

**पुलिस जांच में जुटी :** तरहसी थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि तीनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। संजय तिवारी के घर से एक चोर का कपड़ा मिला है, जिसके आधार पर जांच की जा रही है। पुलिस जल्द ही इस मामले का खुलासा करने का दावा कर रही है।

## पिपरा के बीईईओ, बीपीओ और एमडीएम ऑपरेटर से स्पष्टीकरण तलब

**मेदिनीनगर।** पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत विद्यालयों में छात्रों को मध्याह्न भोजन के संबंध में एसएमएस भेजने में लापरवाही बरतने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक ने पिपरा के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईईओ), प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (बीपीओ) और एमडीएम ऑपरेटर से स्पष्टीकरण मांगा है। सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि एसएमएस भेजने की प्रक्रिया शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए, ताकि योजना की सही जानकारी प्राप्त हो सके। बैठक में आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत विद्यालयों के रसोइयों और सहायकों को जोड़ने, विद्यार्थियों को आयरन व फोलिक एसिड की गोलियां देने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## दोपहर से छाए बादल, ठंड बढ़ने की आशंका

# बारिश के आसार, तापमान में बड़े बदलाव की संभावना नहीं

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। सुबह तेज धूप निकली और आधे दिन तक गर्मी महसूस हुई, लेकिन दोपहर बाद बादल छा गए, जिससे मौसम सुहाना हो गया। शाम तक हल्की ठंडी हवा भी चलती रही। मौसम विभाग के अनुसार, छह मार्च तक बारिश की संभावना जताई गई थी, और अचानक मौसम परिवर्तन से इसके संकेत और मजबूत हुए हैं।

### तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव

पलामू के अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि न्यूनतम तापमान में मामूली अंतर आया। विभाग के अनुसार, आगे भी तापमान में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन हल्की बारिश हो सकती है, जिससे ठंड में वृद्धि हो सकती है। आने वाले दिनों में मौसम के रुख पर नजर बनाए रखने की सलाह दी गई है।



### पिछले तीन दिनों का तापमान

**बुधवार :** अधिकतम 30.6°C, न्यूनतम 13.5°C
**गुरुवार :** अधिकतम 33.4°C, न्यूनतम 13.0°C
**शुक्रवार :** अधिकतम 33.7°C, न्यूनतम 14.8°C

# अदबी संसार का 42वां तरही नातिया मुशायरा संपन्न

● **'एक शाम डॉ. अतहर मोबीनुद्दीन कुरैशी के नाम' आयोजित**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अदबी संसार द्वारा 42वां तरही नातिया मुशायरा 'एक शाम डॉ. अतहर मोबीनुद्दीन कुरैशी के नाम' का आयोजन राहत नगर (पहाड़ी) स्थित अमीन रहबर के आवास पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अतहर मोबीनुद्दीन कुरैशी ने की, संचालन हाजी शमीम रजवी ने किया, और स्वागत अदबी संसार के संस्थापक एम.जे. अजहर ने किया।

इस अवसर पर सैय्यद मो. कलाम व अदबी संसार की ओर से डॉ. कुरैशी, अतिथि शायर मंसूर रजवी व अमीन रहबर को अंगवस्त्र और फूलों का हार देकर सम्मानित किया गया।

लोकप्रिय समाजसेवी सैय्यद मो. कलाम ने कहा कि अदबी संसार देश और समाज के हित में कार्य कर रहा है और उनका सहयोग हमेशा बना रहेगा। मुशायरा में डॉ. अतहर मोबीनुद्दीन कुरैशी, मौ. महताब आलम जियाई, कारी जसीमुद्दीन शमीमी, हाजी शमीम रजवी, डॉ. मकबूल मंजर, अमीन रहबर, एम.जे. अजहर, डॉ. अशरफ जमाल अश्क, हाफिज निगार आलम अता, मंसूर रजवी, इमरान शाद, अदनान काशिफ, मो. इस्तेखार, नौशाद अहमद खां, फारूक अहमद, अलाउद्दीन शाह चिराग, मो. हिसामुद्दीन, डॉ. फरहत हुसैन खुशदिल, उजैर हमजापुरी, जकाउल्लाह सना चिश्ती, हसरत सफीपुरी, इरफान नवाज सहित कई अन्य शायरों ने भी अपने कलाम पेश किए।

मुशायरा में नुदरत नवाज, मो. जलालुद्दीन अंसारी, कलाम आजाद, इकबाल अंसारी, रजीउल्लाह रजी, मो. जफर, चांद खां सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# स्टेशन जाने वाली सड़क पर गड्ढों से चलना मुहाल, निगम नहीं ले रहा सुध

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के रेड़मा ओवर ब्रिज के बगल से स्टेशन को जाने वाली सड़क की स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। सड़क पर लगातार पानी बहने के कारण दर्जन भर से अधिक गड्ढे हो गए हैं, जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। यह सड़क स्टेशन जाने के लिए सबसे अधिक उपयोग की जाती है। पैदल यात्री, छात्र और वाहन चालक सभी को गड्ढों और बहते पानी के कारण संभलकर चलना पड़ता है। रात के समय ई-रिक्शा, ऑटो और अन्य छोटे-बड़े वाहनों के लिए यहां से गुजरना और भी मुश्किल हो जाता है। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार, नगर निगम ने कुछ महीने पहले नाली निर्माण के लिए ट्रेंच खोदी थी, लेकिन काम अधूरा छोड़ दिया गया। इससे नाली का दूषित पानी सड़क पर बह रहा है। स्थानीय गैराज संचालकों ने बताया कि सड़क का पुनर्निर्माण किया गया था, लेकिन पानी के बहाव के कारण फिर से सड़क जर्जर हो गई है।



### स्थानीय लोगों ने किया गड्ढे भरने का प्रयास

नगर निगम द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने पर स्थानीय लोगों ने ईंट के टुकड़ों से गड्ढे भरने का प्रयास किया, लेकिन इससे समस्या पूरी तरह हल नहीं हुई। बाइक सवारों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। इस संबंध में सिटी मैनेजर शाहिद हसन ने बताया कि समस्या का स्थायी समाधान आरसीसी नाली का निर्माण है। जेई को स्थल जांच के लिए भेजा जाएगा और नाली निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।

## एक नजर

### उपायुक्त ने दो मुखिया को किया सम्मानित

**रमना।** शिक्षा के क्षेत्र में किये गये बेहतर कार्यों के लिए उपायुक्त शेखर जमुआर ने सिलीदाग पंचायत के मुखिया अनीता देवी, मड़वनिया पंचायत के मुखिया स्वीटी वर्मा स्मृति चिन्ह व शॉल देकर सम्मानित किया। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और विद्यालय के लिए आवश्यक सुविधाओं में किये गये कार्य के लिए जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन नीलांबर पीतांबर बहुउद्देशीय सांस्कृतिक भवन गढ़वा में किया गया था।

### बीडीओ से शिकायत

**केतार।** प्रखंड के परती कुशवानी पंचायत निवासी उदित यादव ने प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार को आवेदन देकर अबुआ आवास योजना में रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। आवेदन में उल्लेख किया है कि मुखिया पुत्र ने अबुआ आवास योजना का लाभ देने के लिए रिश्वत ली है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर पंचायत के विडंडा में स्वर्गीय जसमुद्दीन अंसारी के 26 वर्षीय पुत्र अपने ही मिट्टी के मकान में दुपट्टा के सहारे फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली। परिजनों ने हत्या की जानकारी मझिआंव थाना को दिया। प्रभारी थाना प्रभारी चंदन प्रधान मृतक के घर पहुंच घटना की जानकारी ली। पुलिस के पहुंचने से पहले ही शव को फंदे से उतार कर लेटा दिया गया था। मृतक के बड़ा भाई इरशाद अंसारी एवं माता सफीना बीबी ने पुलिस को एक लिखित आवेदन दिया है। इसमें उल्लेख किया गया है कि नौशाद अंसारी का दिमागी हालत ठीक नहीं था।

### सुनील बैठा बने अध्यक्ष

**मेराल।** प्रखंड के हासनदाग गांव स्थित पंचायत भवन के मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा पंचायत कमेटी गठन को लेकर पर्यवेक्षक संजय भगत की अध्यक्षता बैठक हुई। पर्यवेक्षक ने झामुमो पार्टी के नीति सिद्धांत के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया। सर्वसम्मति से सुनील बैठा को अध्यक्ष, गुलवाश अंसारी को सचिव चुना गया। बूथ संख्या 86,87,88,89,90,91, 92 सातों बूथ पर 15 लोगों को बूथ स्तरिय सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, हरेंद्र चौधरी, बृजराज चौबे ,अवध किशोर चौबे, अमित चौबे, प्रणय चौबे, अनिल चौधरी, कोमल चौधरी, मानदेव बैठा,राजू पासवान, द्वारिका चौधरी, रामसागर ठाकुर, सुरेंद्र चौधरी, नागेश्वर शर्मा, नागेंद्र चौधरी, राजेंद्र चौधरी, नितिश कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मुखिया से शोक व्यक्त की

**केतार।** केतार प्रखंड के मुकुंदपुर गांव निवासी वीरसाह कि पत्नी की मृत्यु पर मुखिया मुंगा साह ने शोक संवेदना व्यक्त किया। मुखिया ने मृतिका फुलझरी देवी का ब्रह्मभोज करने के लिए 50 किलो आटा और नकद राशि देकर सहयोग किया। मौके पर अजय सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, घुरन साह, नन्हकू साह, ओमनारायण पंडित, राजेन्द्र साह, विवेक गुप्ता, विरेन्द्र लाल, छोटन चौबे, शिवभरोष सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### पूजा समिति के अध्यक्ष बने दीपक सोनी

**रंका।** थाना मोड़ दुर्गा मंदिर का स्थापना दिवस मनाने के लेकर दीपक सोनी को पूजा समिति का अध्यक्ष बनाया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा अध्यक्ष दीपक सोनी ने बताया कि हर वर्ष के भांति इस वर्ष में रंका थाना मोड़ दुर्गा मंदिर का रविवार को स्थापना दिवस मनाया जायेगा। इसे लेकर दुर्गा मंदिर के संरक्षक श्याम सुंदर प्रसाद के अध्यक्षता में बैठक की गयी। बताते चले की स्थापना दिवस काफी भव्य मनाई जाती है, जिस लेकर दुर्गा मंदिर का सजावट शुरू कर दी गई है। पूजा में 14 पंचायत के ग्रामीण पहुंचते हैं, जिसे लेकर लोगों को प्रसाद व बैठने के लेकर व्यवस्था की जा रही है।

**बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ सम्मान समारोह का आयोजन**

# अभियान का मकसद महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देना: उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** नीलांबर पीतांबर बहुद्देशीय सांस्कृतिक भवन टाउन हॉल में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अंतर्गत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता उपायुक्त शेखर जमुआर ने की। इस अवसर पर उपायुक्त का स्वागत पौधा देकर एवं स्कूली छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाकर किया गया। उपायुक्त ने कहा की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा हमारे देश में सार्थक हो रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में देश की बेटियां अपनी सहभागिता निभा रही हैं तथा देश के विकास में बढ़ चढ़कर समान रूप से सहयोग कर रही हैं। उन्होंने कहा की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारा की आवश्यकता अब नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह सभी के जेहन में होना चाहिए कि बेटा बेटी एक समान है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान पूरी तरह से लड़की की समस्या को हल नहीं कर सकता। इसे भारत के सभी नागरिकों द्वारा समर्थन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसे 2015 में शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य बालिकाओं को सुरक्षा और शिक्षा प्रदान करना है। पुलिस उपाधीक्षक यशोधरा ने भी बालिकाओं को सशक्त करने एवं उच्च शिक्षा प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस योजना का मकसद, लिंगानुपात में सुधार लाना और महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं से उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लड़कियां ज्यादातर सोशल मीडिया पर भी अपना समय बिताती हैं, जो कि गलत है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नारा को और भी सार्थक बनाने की दिशा में बालिकाओं को कार्य करना चाहिए।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया

कार्यक्रम में पेंटिंग, डांसिंग, सिंगिंग, स्पीच, एसे राइटिंग समेत कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया था। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में जिला में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं एवं उनके माता-पिता को, प्रथम बालिका जन्मी माता को एवं प्रतियोगिता में विजेता बालिकाओं को सम्मानित करने का कार्य किया गया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, विभिन्न प्रखंडों के सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं उनके माता-पिता उपस्थित थें।

### मैट्रिक अंग्रेजी विषय परीक्षा में 282 परीक्षार्थी उपस्थित रहे



**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय स्थित 10 प्लस टू उच्च विद्यालय में शुक्रवार को मैट्रिक अंग्रेजी विषय की परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण तरीके से हुई। 286 छात्र छात्राओं में चार विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। केंद्र अधीक्षक मंसूर अंसारी ने कहा कि विद्यालय में अंग्रेजी विषय की परीक्षा में कुल 282 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। सभी छात्र-छात्राओं ने परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से लिखा है। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य सह व्ययन पदाधिकारी अरुण कुमार मेहता, शिक्षक समीर राज, गोविंद कुमार, उपेंद्र प्रसाद, सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका, एएसआई संतोष कुमार यादव, पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### अनियंत्रित टेंपो पेड़ से टकराई, 5 परीक्षार्थी गंभीर रूप से घायल

**विशुनपुरा।** बंशीधर नगर व विशुनपुरा मुख्य मार्ग पर मैट्रिक परीक्षार्थियों से भरा एक टेंपू अनियंत्रिक होकर पेड़ से टकरा कर दुर्घटना ग्रस्त हो गई। टेंपों में डेढ़ दर्जन छात्र-छात्राएं सवार थे। जानकारी के अनुसार टेंपों पतिहारी गांव से मैट्रिक के छात्र-छात्राओं को लेकर विशुनपुरा मैट्रिक सेंटर राजकीय मध्य विद्यालय में परीक्षा दिलाने ले जा रहा था। इस दौरान पेट्रोल पंप के पास टेंपों अनियंत्रिक हो कर पेड़ से टकरा गई। टेंपों में सवार सभी छात्रों को चोट लगी है। 5 छात्र गंभीर रूप से घायल है। इसमें अली रजा 17 वर्ष, अफ्रिना खातून 16 वर्ष, निखहत नाज 16 वर्ष, सबाना खातून 17 वर्ष, हसीना खातून का हाथ फ्रैक्चर हो गया है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर विशुनपुरा पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर छानबीन की। साथ ही टेंपो जब्त कर लिया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर परिजनों ने मौके पर पहुंच कर घायलों को स्थानीय चिकित्सक के पास इलाज के लिये ले गये है। सभी घायलों का इलाज चल रहा है। अन्य सभी छात्र परीक्षा देने चले गए। पांच छात्र परीक्षा देने से वंचित रह गए है।

### झामुमो मेराल पश्चिम पंचायत के अध्यक्ष बने मजमुद्दीन

**मेराल।** प्रखंड के मेराल पश्चिमी पंचायत के छवनवा टोला स्थित छठ घाट के प्रांगण में झारखंड मुक्ति मोर्चा पंचायत कमेटी गठन को लेकर पर्यवेक्षक जैनेन्द्र सिंह के अध्यक्षता में बैठक हुई। पर्यवेक्षक ने झामुमो पार्टी के नीति सिद्धांत के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। मौके पर मेराल पश्चिमी पंचायत पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से मजमुद्दीन अंसारी को अध्यक्ष, नाथुन राम को सचिव चुना गया। सह सचिव राम पाल यादव, जउवाद अंसारी, शकलेन अंसारी, सफीक अंसारी, अमरेंद्र राम को बनाया गया है। उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, संतोष गुप्ता, संतोष प्रसाद, सफीक अंसारी, उपेंद्र यादव चुने गए। मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार यादव, धर्मेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष विजय ठाकुर को बनाया गया है। कार्यकारणी सदस्य में जयप्रकाश, मिथिलेश सिंह, शाहिद अंसारी, मिथिलेश सिंह, धीरेंद्र राम, ऐनुल अंसारी, साहबान अंसारी, नंदू लाल राम, अकलीम अंसारी, मकसूद अंसारी को बनाया गया। मौके पर सूर्य प्रकाश, अमरेंद्र राम, विमलेश प्रसाद सिंह, संतोष प्रसाद, उपेंद्र यादव, विजय ठाकुर, रामपाल यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर में आचार्य के सेवानिवृत्ति होने पर विदाई समारोह आयोजित

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में आचार्य कौशलेन्द्र झा का शुक्रवार को स्नेह मिलन समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। शुभारंभ भारत माता ,ओम और मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन और पुष्पार्चन विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, पूर्व संघचालक विद्या सागर, वर्तमान संघचालक काशी महतो,सचिव रविप्रकाश, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद,सह सचिव चंदन कुमार, अभिभावक प्रतिनिधि शशि कला, समिति सदस्य अशोक कुमार सिंह, शैलेश कुमार अग्रवाल, प्रधानाचार्य रविकांत पाठक एवं आचार्य कौशलेन्द्र झा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव के द्वारा आगन्तुक अतिथियों का परिचय कराया गया। कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद ने कहा कि आचार्य कौशलेन्द्र झा हमारे भुड़लीतर मुहल्ले में कम समय में ही सबों के दिलों पर राज करने लगे। राजा पहाड़ी, बंशीधर मंदिर का कार्य हो अथवा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य हो सभी जगह अपनी अग्रणी भूमिका निभाते हैं। आचार्य प्रदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि यह विदाई नहीं स्नेह मिलन है और हम सब आशान्वित हैं कि आचार्य हम सभी का मार्गदर्शन करते रहेंगे। सचिव रवि प्रकाश ने कहा कि आचार्य कौशलेन्द्र झा संस्कृत के साथ-साथ अंग्रेजी एवं विविध विषयों के विद्वान हैं। विद्यालय के अलावा समाज में भी इनकी अच्छी पैठ है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक, पूर्व छात्र राहुल चौबे, अध्यक्ष जोखू प्रसाद, अशोक कुमार सिंह, शशिकला, अर्णव राज पांडेय, निशांत कुमार सहित अन्य मौजूद थे। मंच संचालन आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव ने किया।

### नौ कुंडीय महायज्ञ को लेकर श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कांडी प्राचीन पोखरा स्थित टेंपल इन वाटर सूर्य मंदिर के प्रांगण में शुक्रवार की सुबह कलश यात्रा के साथ नौ कुंडीय महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर भक्त बिना अन्न जल ग्रहण किए स्नान आदि कर पवित्र वस्त्र धारण कर हाथों में पवित्र कलश लेकर सैकड़ों की संख्या में इस कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ हुई और पूरे कांडी मुख्य बाजार का नगर भ्रमण करते हुए सोन नदी के डूमरसोता घाट तक पहुंची। वहां विद्वानों द्वारा अभिमंत्रित किया हुआ जल अपने-अपने कलश में भरकर पुनः यज्ञ स्थल पर लाकर भक्तों ने उसे अपने-अपने स्थान पर रखा। कलश यात्रा के दौरान पारंपरिक बैंड बाजे, ढोल नगाड़ों के साथ यात्रा की शोभा बढ़ी। भक्तों ने भगवान के नाम की जय घोष करते हुए यात्रा की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। इस दौरान पूरे कांडी मुख्य बाजार का वातावरण भक्ति और धार्मिकता में रंग गया। लोग इस धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर शामिल हो रहे हैं। यज्ञ स्थल तक पहुंचने के बाद सभी भक्तों ने श्रद्धा भाव से कलश को नियत स्थान पर स्थापित किया। महायज्ञ के दौरान सूर्य मंदिर में भगवान सूर्य की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा भी किया जाएगा। यज्ञ के आयोजन समिति के अध्यक्ष कृष्णा बारी ने बताया कि कलश यात्रा 28 फरवरी को सम्पन्न हुआ और यह 6 मार्च तक महायज्ञ चलेगा और 7 मार्च 2025 को महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। इस दौरान दिन में श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया जाएगा, जिसमें कथावाचक कुंजबिहारी शुक्ल और उनकी टीम भक्तों को धार्मिक उपदेश देंगे। कृष्णा बारी ने कहा कि महायज्ञ का आयोजन कांडी प्रखंड और आसपास के पंचायतों के लिए एक धार्मिक और सांस्कृतिक अवसर है। उन्होंने सभी भक्तों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस महायज्ञ में भाग लें और इसे सफल बनाएं। इस दौरान आसपास के इलाकों से भी भक्तों का आना जारी है, और उन्होंने श्रद्धा पूर्वक यज्ञ में भाग लिया। कलश यात्रा में कांडी पंचायत के मुखिया विजय राम, जिप सदस्य उत्तरी प्रतिनिधि दिनेश कुमार, कमिटी के अध्यक्ष कृष्णा बारी, उपाध्यक्ष रविरंजन शर्मा, सचिव पंकज कुमार सहित सैकड़ों महिला और पुरुष भक्त उपस्थित थे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप मां गायत्री, माता वैष्णो देवी का द्वितीय वर्षगांठ माता गायत्री शक्तिपीठ मंदिर के प्रांगण में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर 2 मार्च को सुबह 10 बजे से संध्या पांच बजे तक लगेगा। मरीजों का नंबर सुबह सात बजे से ही लगना शुरू होगा। बताते चले की माता गायत्री शक्तिपीठ मंदिर मझिआंव द्वारा राधिका नेत्रालय गढ़वा से आंख व मोतियाबिंद का ऑपरेशन के लिए डॉक्टर को बुलाया जा रहा है। वहां अपनी आखों का सफल इलाज करा सकते है। वहां निःशुल्क शिविर में ईसीजी कराकर कई तरह के जांच का निःशुल्क दवा दिया जायेगा। इस शिविर में डॉक्टर साकेत कुमार सोनी हृदय रोग विशेषज्ञ पल्स हॉस्पिटल, डॉक्टर मनीष कुमार सिंह नस रोग एवं लकवा रोग विशेषज्ञ, डॉ. दशरथ प्रसाद साह लकवा नस एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ तथा डॉ अर्नपूर्णा आयुर्वेदिक विशेषज्ञ, सीता शरण दंत रोग विशेषज्ञ निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर में योगदान देंगे।

## सरकारी अस्पताल में प्रसव के नाम पर मरीजों से नर्स व दाई पर वसूली का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनीयां।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के नाम पर मरीजों से नर्स व दाई द्वारा अवैध पैसों की वसूली की बात सामने आई है। शुक्रवार को चिनियां निवासी भुक्तभोगी मनोज सिंह ने बताया कि मेरी पत्नी रंगीता देवी का डिलीवरी के लिए 25 फरवरी को चिनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी में भर्ती कराया था। वहां सकुशल बच्चे के जन्म लेने के साथ ही नर्स फुलवंती कुमारी ने 2500 की मांग की गई।



कहा गया कि पैसा नहीं देने पर बच्चा का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन पाएगा। इसलिए मजबूरी के कारण नर्स फुलवंती कुमारी को 1500 व दाई को 1000 दे दिया। मामले में नर्स फुलवंती कुमारी से पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल पर पांच बार फोन किया गया, लेकिन नर्स द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। दाई झलकमाणि देवी ने पैसे लेने से साफ इनकार किया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर असजद अंसारी ने कहा कि नर्स व दाई द्वारा प्रसव के नाम पर अवैध वसूली मामले का आवेदन मिला है। दोनों से स्पष्टीकरण पूछा जायेगा। जांच में अगर प्रसव के नाम पर अवैध पैसा लेने की पुष्टि होती है तो दोनों के विरूद्ध कारवाई की जाएगी।

## नहीं खुलता है दाल-भात केंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** राज्य सरकार द्वारा संचालित दाल-भात केंद्र गरीबों के हित में बहुत ही लाभदायक साबित हुआ था। इस दाल-भात केंद्र से गरीब मजदूरों को 5 रुपए में भरपेट खाना मिल जाता था, लेकिन मझिआंव प्रखंड कार्यालय से महज कुछ दूरी पर स्थित एफसीआई गोदाम के समीप पुराने बाल विकास कार्यालय में दाल-भात केंद्र केवल दिखावा के लिए खोला जाता है। इस संबंध में पूछे जाने पर दाल-भात केन्द्र की रसोइया गीता देवी ने बताया कि मुझे जितना राशन दिया जाता है, उस अनुसार लोगों को



खाना खिलाती हूं। बताया कि दिसंबर में राशन बंद था। जनवरी माह में मात्र 3 क्विंटल राशन दिया गया, जिसमें खुद से लकड़ी, तेल, मसाला, सब्जी लेना पड़ता है। साथ ही हमें मजदूरी नहीं मिलता है। संचालक सह संवेदक गुंजा देवी एवं सहयोगी राजेश कुमार द्वारा 18 क्विंटल खाद्यान्न सामाग्री के लिए वाउचर पर साइन करवाया जाता है। मुझे मात्र तीन क्विंटल ही राशन दिया जाता है। इस संबंध में जानकारी लेने के लिए सहयोगी राजेश कुमार ने पूछने पर कहा कि हम किसी और काम से प्रखंड कार्यालय में हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी कनक ने बताया कि दाल-भात केंद्र हमारी जानकारी में नहीं है। अगर है और बंद रहता है तो जांच किया जाएगा।

## मैट्रिक परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा का विशेष व्यवस्था नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा चल रही है। पिछले दिनों मैट्रिक की परीक्षा में पेपर लीक होने के मामला सामने आने के बावजूद भी अधिकारी व शिक्षा विभाग के कर्मी सतर्क नहीं दिख रहे हैं। कदाचार मुक्त परीक्षा लेने के लिए प्रशासन के द्वारा काफी कोशिश की जा रही है, लेकिन परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के मद्देनजर व कदाचार मुक्त के लिए कोई ख्याल नहीं रखा जा रहा है। शुक्रवार को परीक्षा सेंटर पर पड़ताल किया तो मालूम हुआ कि धुरकी प्रखंड मुख्यालय स्थित कन्या मध्य विद्यालय में मैट्रिक की परीक्षा की सेंटर बनाई गई है। इंग्लिश विषय की परीक्षा ली जा रही है।तत्पश्चात इस विद्यालय में बाउंड्री वॉल नहीं है। यह विद्यालय घनी आबादी क्षेत्र में बीचों बीच में स्थित है। विद्यालय में बाउंड्री वाल नहीं रहने से हर जगह से खुले आसमान की तरह है। परीक्षा सेंटर के 100 मीटर की दूरी पर निषेधाज्ञा लागू है। विद्यालय के बगल में साप्ताहिक बाजार लगा है, लेकिन मौजूद किसी अधिकारी व परीक्षा सेंटर के केंद्राधीक्षक की इसकी चिंता नहीं है।

## एपीसीएल क्रिकेट टूर्नामेंट: कुंभी ने बनखेता को 56 रन से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड के कुंभी मैदान में खेले जा रहे अरंगी पंचायत क्रिकेट लीग टूर्नामेंट सीजन-2 का फाइनल मैच का उद्घाटन समाजसेवी अजय विश्वकर्मा ने फीता काटकर तथा बॉल को हिट कर किया। टूर्नामेंट में आधा दर्जन टीम भाग ली है। फाइनल मैच बनखेता तथा कुंभी क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। बनखेता टीम के कप्तान कृष्णा यादव ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। कुंभी की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 136 रन बनायी। जवाबी पारी खेलने उतरी बनखेता की टीम ने 10.5 ओवर में ही ऑल आउट हो गयी। कुंभी की टीम ने 56 रनों से मैच जीत कर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता टीम को शिल्ड व मेडल तथा दस हजार रुपए नकद देकर पुरस्कृत किया गया। उपविजेता बनखेता टीम को शिल्ड व मेडल प्रदान किया गया। मैन ऑफ द मैच के लिए कुंदन



पटेल, मैन ऑफ द सीरीज के लिए सुरेंद्र सिंह तथा बेस्ट गेंदबाज के रूप में सुरेंद्र ठाकुर को समिति द्वारा नामित किया गया। टूर्नामेंट में कंचन ने 33 रन, ओमप्रकाश ने 30 रन, रविरंजन 17 रन बनाए। वेदप्रकाश पूरे टूर्नामेंट में सर्वाधिक 16 विकेट लिया। प्रभात ने 4, अंकित ने 2 विकेट लिया। उद्घाटन मैच के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भरत चौधरी, सतेंद्र चौधरी, सत्यनारायण यादव, प्रदीप सिंह, भोला सिंह, महेंद्र यादव, वासुदेव चौधरी आदि शामिल थे। टूर्नामेंट को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष रविरंजन विश्वकर्मा, सुरेंद्र सिंह आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सोशल मीडिया पर सौहार्द बिगाड़ने का पोस्ट करने वाला युवक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** सोशल मीडिया पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने संबंधी आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में भवनाथपुर पुलिस ने शुक्रवार को एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लेकर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया। उक्त युवक के पास से एक मोबाइल भी जब्त किया गया है। इसकी जानकारी एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने भवनाथपुर थाना में आयोजित हुए प्रेसवार्ता में दी। कहा कि भवनाथपुर थाना क्षेत्र के झगराखांड़ निवासी जयप्रकाश गुप्ता पिता रामकेश्वर साहू द्वारा



सोशल मीडिया पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला पोस्ट किया था। युवक के उपर प्राथमिकी दर्ज करते हुए उसके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व में भी उक्त युवक के विरुद्ध सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने को लेकर थाना में मामला दर्ज है। एसडीपीओ ने अपील किया है, कि गढ़वा पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल इस प्रकार के पोस्ट पर विशेष निगरानी रख रही है। इस प्रकार के सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले भ्रामक एवं उतेजक पोस्ट नहीं करें। अगर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करता है, तो उनके विरुद्ध विधि सम्मत कारवाई की जाएगी।मौके पर थाना प्रभारी रजनी रंजन, पुअनि नारायण यादव, सअनि जगबंधु महतो आदि उपस्थित थे।

### मुखिया ने पंचायतों में चल रही योजनाओं की समीक्षा की

**धुरकी।** प्रखंड के पंचायत गनियारी कला में शुक्रवार को पंचायत भवन के सभागार में मुखिया शंभू प्रसाद गुप्ता ने पंचायत भवन के सभागार में समीक्षा बैठक की। बैठक में जेईई, एई, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, वार्ड सदस्य,सहिया, जल सहिया, सेविका, पंचायत भेली,सभी स्कूलों अध्यापक, राशन डीलर सहित ग्रामीण मौजूद थे।,मुखिया ने गनियारी कला पंचायत में चल रहे विकास योजनाओं की समीक्षा की। योजनाओं को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। मुखिया शंभू गुप्ता ने पंचायत के रोजगार सेवक को मनरेगा द्वारा कूप, पेवर ब्लॉक जैसी चल रही कार्यो को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुनी। बैठक में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जल सहिया, वार्ड सदस्य व अन्य मौजूद थे।

**प्रतिभा**

## नाइट कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 1 आज से

## खिलाड़ियों में छुपी प्रतिभा को निखारने के लिए टूर्नामेंट का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को समाज सेवी पंकज सिंह द्वारा श्री श्री मां चतुभुर्जी नाइट कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 1 का सफल आयोजन को लेकर प्रेस वार्ता की गई। इस अवसर पर पंकज सिंह ने बताया कि 1 मार्च से लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। इस टूर्नामेंट में झारखंड, बिहार, उत्तरप्रदेश और छत्तीसगढ़ की 32 टीम भाग ले रही है। टूर्नामेंट के



विजेता टीम को 51 हजार रुपए, ट्रॉफी व उपविजेता टीम को 31 हजार रुपए नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सभी टीमों के खिलाड़ियों को रहने एवं खाने की व्यवस्था कि गयी है। समाज सेवी पंकज सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र के खिलाड़ियों में छुपी प्रतिभा को निखारने के लिए टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है, ताकि इस क्षेत्र के खिलाड़ी भी जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सके। मौके पर आयोजन समिति अध्यक्ष बिट्टू सिंह, उपाध्यक्ष श्याम बिहारी , सचिव रामाश्रय मेहता ,उप सचिव हेमंत मेहता ,कोषाध्यक्ष ऐनुल परवेज ,कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता ,संरक्षक गौतम कुमार पाल, मदन पटेल , राजू सिंह मुखिया प्रमोद कुमार, रविंद्र सोनी, अंकु सिंह,दिलीप जायसवाल, सीताराम जायसवाल, धीरू कुमार, सोनू सिंह,संतोष कुमार गुप्ता, पंकज रजक,गौरव सिंह,अमित चंद्रवंशी, आर्यन कुमार ,दीपांशु कुमार, कुमार सूर्या, जयशंकर अशोक ,दिलीप गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj / e-mail : gmtzdal@gmail.com

**e-Tender Notice e-NIT No. 390/PR/ JUSNL/ 2024-25**

e-Tender is invited in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part–II) from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following work:-

| | |
|---|---|
| Name of Work | Procurement of auxiliary switches, contactors, relays, MCB and MCCB for 132kV & 220 kV SF6 circuit breakers and 220/132 kV ICT's marshalling kiosk at 400/220/132 kV GSS Latehar. |
| Tender fee (Non-refundable) | Rs.2500 + SGST@9% +CGST@9%= Rs. 2950.00 |
| Earnest Money Deposit | Rs.23,000.00/- (Rupees Twenty Three Thousand) only. |
| Availability of Tender D ocuments on e-tender website | From 01.03.2025 at 01:00 PM to 22.03.2025 up to 03:00 PM |
| Start Date and time of upload of BID | 01.03.2025 at 01:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 22.03.2025 upto 03:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 24.03.2025 at 03:30 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone -IV, Medininagar, Byepass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9973936358 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 347438 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd)24-25*D

# अनियंत्रित हाइवा घर में घुसा चालक की मौत, सह चालक घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के मनिका थाना क्षेत्र के रेवत गांव के बहेर चौक के पास कोयला लदे अनियंत्रित हाइवा ग्रामीणों के घर में घुस गया। इस दुर्घटना में हाइवा चालक की मौत हो गई, जबकि हाइवा का खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में दो ग्रामीणों का घर और एक दुकान भी चपेट में आ गई। मृतक चालक की पहचान कुंदन कुमार के रूप में हुई है। वह लातेहार थाना क्षेत्र का रहने वाला है। दुर्घटना इतना भीषण था कि हाइवा के परखच्चे उड़ गए। बताया जाता है कि हाइवा में अवैध कोयला लदा था। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बता दें कि गुरुवार देर रात कोयला लदा हाइवा हेरहंज से तेज रफ्तार में मनिका की ओर आ रहा था।



इस दौरान हाइवा अचानक अनियंत्रित होकर बहेर चौक के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इससे ग्रामीणों का घर और दुकान ध्वस्त हो गया। दुर्घटना में ग्रामीण नागेश्वर यादव और राजकिशोर यादव का घर और दुकान पूरी तरह बर्बाद हो गया। गनीमत रही कि घटना के वक्त दुकान में कोई नहीं था। घर के लोग भी अंदर कमरे में सो रहे थे, नहीं तो घटना और बड़ी हो सकती थी। दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी शशि कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर पूरे मामले की छानबीन की। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### जिले में कई जगहों पर चल रहा है अवैध कोयला कारोबार

ग्रामीणों की मानें तो इन दिनों जिले में अवैध कोयला कारोबार चरम पर है। और लातेहार, हेरहंज, बालूमाथ थाना क्षेत्र से बड़े पैमाने पर अवैध कोयला कारोबार का खौफ चल रहा है। रात में अवैध कोयला तस्करी करते हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो लातेहार, बालूमाथ, हेरहंज, मनिका, पांकी के रास्ते रात होते ही अवैध कोयला वाहन पूरी रफ्तार से इन सड़कों पर दौड़ने लगती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह दुर्घटना भी अवैध कोयला कारोबार के कारण ही हुई है। सूत्रों की माने तो बालूमाथ, हेरहंज, रजवार स्थित कोयला खदान में मुख्य रूप से रजवार, सेरक, कुरियांग, बालू, रेंची, आन, मसियातु, कोर कोटिया, घुटाम गांव के कुछ लोग कोयले के अवैध कारोबार बेधड़क चल रहा है।

## एक नजर

### चालान खत्म होने से पांच दिनों से बालू उठाव बंद

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत बोहटा और अक्सी बालू घाट से चालान नहीं होने से बालू उठाव बंद। बोहटा बालू घाट से पांच दिन और अक्सी से एक से बालू उठाव बंद है। घाट में चालान उपलब्ध नहीं होने से सरकारी आवास निर्माण सहित कई सरकारी योजना निर्माण करने काफी दिक्कत हो रही है। चालान नहीं रहने से अवैध बालू उठाव होने से सरकार को राजस्व की भारी नुकसान हो रही है। ग्रामीण ने जल्द से जल्द जिले से बालू घाट में चालान उपलब्ध कराने की मांग की है।

### एसडीपीओ ने थाना का किया निरीक्षण

**गिद्धौर (चतरा)।** सिमरिया एसडीपीओ प्रदीप कुमार शुक्रवार को गिद्धौर थाना का औचक निरीक्षण किया। मौके पर सदर अंचल के पुलिस निरीक्षक अवधेश सिंह भी मौजूद थे। निरीक्षण के क्रम में विभिन्न कांडों से संबंधित अभिलेखों की जांच की गई। सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। उन्होंने थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता को पंजी अपडेट करने और लंबित कांडों का जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर क्षेत्र में लगातार गश्ती तेज करने को कहा। थाना की विधि व्यवस्था को देखकर वह संतुष्टि हुए। उन्होंने नशे के सौदागरों पर भी कड़ी निगाह रखने व उनके विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाने को निर्देश दिया।

### पेड़ से टकराई अनियंत्रित बाइक, दो घायल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सासंग सेरक मसियातु पथ पर स्थित भेड़ा टोंगरी के समीप शुक्रवार की दोपहर अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में बाइक सवार सुजीत कुमार पिता सुरेंद्र भुइयां 18 वर्ष व अमित कुमार पिता दिनेश भुइयां 15 वर्ष दोनों (सेमर टोली सेरक) घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों नें 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा भर्ती कराया गया। वहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि दोनों युवकों के पैर में गंभीर चोट आई है।

### फोरलेन सड़क निर्माण में टूट जाएगी चंदवा के छह विद्यालय

**चंदवा।** प्रखंड अंतर्गत बनने वाले फोर लेन (कुड-उदयपुरा) प्रस्तावित है। इसमें चंदवा प्रखंड के कुल छह विद्यालय उमवि बोरसीदाग, अमझरिया, पन्नाटांड, नवाड़ी, सिकनी तथा सासंग विद्यालय तथा विद्यालय की भूमि प्रभावित होगी। चंदवा प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने कहा कि विद्यालय भवन टूटने के पूर्व ही बच्चों के पठन-पाठन को देखते हुए उचित प्रबंध व विद्यालय भवन का निर्माण आवश्यक है। भवन निर्माण तक विद्यालय शिफ्ट करने की व्यवस्थ की जानी चाहिए।

### चौथे स्थापना दिवस पर भंडारे का आयोजन

**महुआडांड़।** प्रखंड के नेतरहाट में मनोकामना सिद्ध शिव मंदिर बाजार के चौथे स्थापना वर्षगांठ पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रवि प्रकाश और उनकी धर्म पत्नी ने रूद्राभिषेक किया। स्थापना वर्षगांठ को सफल संचालन में अजय प्रसाद, सागर, आरसी गुप्ता, नीरज, संजय चौधारी, निरंजन, विवेक मिश्रा, महुआडांड़ से शुंभ प्रसाद, आनंदनाथ शाह सहित नेतरहाट पठार के आस पास के गांव से भारी संख्या भक्तों ने पूजा-पाठ और भंडारे में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया।

### पंचायत सचिव को दी गई विदाई

**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को विदाई समारोह आयोजित कर पंचायत सचिव बालेश्वर उरांव को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। मौके पर प्रखंड व अंचल कर्मियों ने सेवानिवृत्त पंचायत सचिव सह बीपीआरओ बालेश्वर उरांव को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया व उपहार भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन जन सेवक रितेश कुमार ने किया। मौके पर बीपीओ रतन कुमारी शाहदेव, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, मनीष पांडेय, गोपाल सिंह, लव कुमार, कुश ध्वज, मुखिया संगीता लकड़ा, फुलजेन्सिया टोप्पो, अनिता भगत,सुखनारायण सिंह समेत प्रखंड व अंचलकर्मी मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने राजस्व शिविर में दिया आवेदन

**लातेहार।** सरकार द्वारा रजिस्टर टू के अनुसार ऑनलाइन रसीद काटने के आदेश का अनुपालन नहीं किए जाने पर ग्रामीणों ने अंचल राजस्व शिविर में आवेदन दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने झारखंड सरकार के राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के पत्रांक 6/ भूमि नियमित करण के निर्देश का हवाला देते हुए कहा कि मैन्युअल रसीद के स्थान पर ऑनलाइन रसीद जारी करने का आदेश है। लेकिन लातेहार जिले में विशेष रूप से लातेहार अंचल में इसका पालन नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की। आवेदन देने वालों में जानकी सिंह, महेंद्र सिंह, वीरेंद्र प्रसाद, लाल बिहारी राम, अखिलेश प्रजापति, रामजी सिंह, रणजीत सिंह, राजेश राम सहित कई अन्य ग्रामीण शामिल थे। ग्रामीणों ने कहा कि यदि आदेश का अनुपालन जल्द नहीं किया गया, तो वह आगे विरोध करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन इस ओर जल्द ध्यान देगा और सरकार के निर्देश का अनुपालन होगा।

## न्यूज बॉक्स

### छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का निर्देश

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय मध्याह्न भोजन स्टेयरिंग कमेटी की बैठक हुई। बीडीओ राहुल देव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी विद्यालय के रसोईया को एप्रोन ड्रेस में समय पर आने का प्रस्ताव पारित किया गया। जबकि मध्य विद्यालय बारिसाखी में रसोईया की कमी पर बगल के विद्यालय से एडजस्ट करने का भी निर्णय लिया गया। निर्धारित समय पर विद्यालय का संचालन करने,साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने,बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने कहा कि किसी भी स्थिति में मध्याह्न भोजन बंद नहीं होना चाहिए। बैठक में बीपीओ नीरज सिंह,मध्य विद्यालय सलगा के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार दांगी,पीएमश्री मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय,अध्यक्ष यदुनंदन पांडेय,संयोजिका ललिता देवी,मध्याह्न भोजन सेल के रामचंद्र कुमार सहित थे।

### जेएससीए सचिव ने उपायुक्त से क्रिकेट खेल के लिए मांगा 9 एकड़ भूमि

**लातेहार।** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव देवाशीष चक्रवर्ती ने लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से मुलाकात कर लातेहार में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए क्रिकेट ग्राउंड की मांग की। उन्होंने बताया कि उपायुक्त से 9 एकड़ भूमि की मांग की गई है। बताया कि लातेहार के खिलाड़ी क्रिकेट के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यहां के खिलाड़ियों को बेहतर खेल के लिए 9 एकड़ भूमि की मांग किया गया। बताया की उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा भूमि उपलब्ध कराया जाता है, तो उच्च स्तरीय ग्राउंड, जिम खाना, प्रैक्टिस नेट, इंडोर प्रैक्टिस तथा क्लब का निर्माण जेएससीए द्वारा किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में लातेहार जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, सचिन अमलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष विष्णु देव, प्रसाद गुप्ता, कमेटी मेंबर दिलीप कुमार प्रसाद, शैलेश कुमार उपस्थित थे।

### महुआडांड़ में नीलगाय छोड़े जाने की योजना का विधायक ने रद्द करने की मांग की

**महुआडांड़।** मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने शून्यकाल के दौरान पलामू और गढ़वा से महुआडांड़ में नीलगाय छोड़े जाने की योजना को रद्द करने की मांग की है। महुआडांड़ पलामू टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आता है। जहां पहले से ही किसानों को वन्य जीवों से अपनी फसलों को बचाने में कठिनाई होती है। ऐसे में नीलगाय जैसे फसल नष्ट करने वाले जानवरों को यहां लाने की योजना पर किसानों ने कड़ी आपत्ति जताई है। विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि नीलगाय को यहां छोड़ने से किसानों की समस्याएं बढ़ जाएंगी, जिससे वे पहले से ही संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इस फैसले पर पुनर्विचार किया जाए और किसानों की राय को प्राथमिकता दी जाए। किसानों का कहना है कि यदि नीलगाय को महुआडांड़ क्षेत्र में लाया गया तो उनकी फसलें नष्ट हो जाएंगी और उनकी आजीविका पर संकट आ सकता है। स्थानीय लोग पहले ही हाथी, तेंदुआ, भालू जैसे वन्य जीवों से प्रभावित हैं। ऐसे में नीलगाय को छोड़ना एक और नई समस्या को जन्म देगा। इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों और किसानों में रोष है। वह सरकार से जल्द इस फैसले को वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

### 26 एकड़ में लगे पोस्ता की खेती को पुलिस ने किया नष्ट

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के बालूभांग पंचायत अंतर्गत ग्राम श्रीसमाद व बेलवाटीकर में 26 एकड़ में लगे अवैध पोस्ता अफीम की फसल को बारियातू पुलिस ने लाठी डंडा व ट्रैक्टर से जूतावा कर नष्ट किया। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि बालूभांग पंचायत क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों में पुलिस द्वारा इस तरह की कार्रवाई जारी है। अफीम पोस्ता नशे की खेती करने वाले किसी हाल से नहीं बख्शे जायेंगे। दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है। इसके पूर्व भी लगातार कार्रवाई कर पोस्ता खेती को नष्ट किया गया। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विनोद रवानी की देखरेख में थाना प्रभारी के नेतृत्व में ग्राम श्रीसमाद व बेलवाटीकर सीमावर्ती क्षेत्र नदी किनारे वन क्षेत्र में लगे पोस्ता की खेती के नष्ट किया गया। इस अभियान मे बारियातू थाना के सशास्त्र बल के जवान शामिल थे।

### विधायक ने विस में जिले में टमाटर आधारित उद्योग लगाने की मांग उठाई

**चंदवा।** स्थानीय विधायक प्रकाश राम ने विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा में शून्य काल के दौरान लातेहार विधानसभा क्षेत्र में टमाटर आधारित उद्योग स्थापित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि लातेहार जिला के चंदवा,बालूमाथ,बारियातू और हेरहंज में टमाटर की पैदावार होती है। सैकड़ों ट्रक टमाटर यहां से निर्यात होता है। यदि टमाटर आधारित टोमेटो सॉस,जैली,मुरब्बा आदि उद्योग की स्थापना यहां होने से किसानों को टमाटर का उचित मूल्य प्राप्त हो सकता है। विधायक ने सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर चंदवा में सरकारी डिग्री कॉलेज, बारियातू में महिला डिग्री कॉलेज खोलने की मांग की है। चंदवा के बच्चों को डिग्री लेने के लिए 80 किमी दूर जाना पड़ता है। बारियातू में महिला कॉलेज खोलने पर बल देते हुए कहा कि यहां की बच्चियों को उच्च शिक्षा के लिए करीब 100 किलोमीटर की दूरी तय करनी होती है। विधायक प्रकाश राम ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर लातेहार में डिग्री कॉलेज और महिला डिग्री कॉलेज में पठन पाठन हेतु समुचित व्यवस्था करने की मांग की।

## झंडा बदली व धुमकुड़िया वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सदर प्रखंड के इचाक पंचायत अंतर्गत दुगिला में पारंपरिक स्वशासन पढ़ा व्यवस्था के तहत झंडा बदली व धुमकुड़िया वार्षिक उत्सव समारोह दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक बचाओ धरोहर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में उरांव समाज में हो रहे अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए जागरूक किया गय। इसमें सभी गांव के उरांव समाज लोग भाग लिए। कार्यक्रम में मुख्य रुप से उपस्थित प्रधान व छात्र नेता कमलेश उरांव ने कहा कि उरांव जनजाति अपने देश भारत के वास्तविक इतिहास को अपने समाज में बताने का काम करेगी। उरांव जनजाति का इतिहास रहा है कि भारत देश के साथ गद्दारी करने वाले से सबसे पहले लड़ाई लड़ने वाला उरांव जनजाति ही है। देश के वास्तविक धर्म संस्कृति को बचाने में अपना जीवन समर्पित कर दिया। आज समाज में विदेशी धर्म अपनाने वाले लोग आकर उरांव समाज को तोड़ने का काम कर रहे हैं। वैसे विधर्मी को अब उरांव समाज एकजुट होकर उसे यहां से भगाने का काम करेगा। कार्यक्रम में इचाक पंचायत के मुखिया शशि कुजूर, ग्राम प्रधान शुकू उरांव, नरेश उरांव, अरूण उरांव, रामा उरांव, फुलदेव उरांव, कार्तिक उरांव, हिरामनी, उरांव, मुनियां, सावित्री, अंगनी, अमृता, चंचल, पढ़ा राजा, पढ़ा बेल, हजारों उरांव समाज के लोग उपस्थित थे।



## वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता व नवाचार की भावना विद्यार्थियों में प्रबल : एसडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** संत जेवियर्स महाविद्यालय प्रत्येक वर्ष विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन करता आया है। यह आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, खोजी दृष्टिकोण और नवीन प्रयोगों के प्रति जिज्ञासा को प्रोत्साहित करता है। यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति उनकी अभिरुचि को जागृत करने के साथ-साथ नवाचार की भावना को भी विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। इस क्रम में शुक्रवार को महाविद्यालय सभागार में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महुआडांड़ के अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य, उप प्राचार्य फादर समीर टोप्पो, फादर लियो, डॉ. फादर राजीप तिर्की ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यार्थियों ने विभिन्न उत्कृष्ट परियोजनाओं को प्रस्तुत कर यह सिद्ध किया है कि उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता और नवाचार की भावना प्रबल रूप से विद्यमान है। उनके इस प्रयास से सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ. फादर एमके जोश ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा निर्मित विभिन्न परियोजनाएं,वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार के प्रति उनकी उत्सुकता, जुनून तथा समर्पण को प्रदर्शित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों के परियोजनाओं की सराहना की व विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी महाविद्यालय के विद्यार्थियों की रचनात्मकता, सृजनशीलता और नवाचार की शक्ति को प्रदर्शित करती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की उप प्राचार्य फादर समीर टोप्पो, फादर राजीप तिर्की, फादर लियो, सिस्टर चंद्रोदय, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर असिस्टेंट प्रोफेसर शेफाली प्रकाश, कोकॉर्डिनेटर रोनित मार्शल जेस, असिस्टेंट प्रोफेसर रोज एलिस बरला, असिस्टेंट प्रोफेसर सुरभी सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर रोनित खेस, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आरिफुल हक व सभी शिक्षक, शिक्षेत्तर कर्मचारियों का सराहनीय योगदन रहा।

### बाइक दुर्घटना में दो युवक घायल

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मकईयाटाड़ धांधू सड़क मार्ग पर माडर्न स्कूल के समीप बाइक दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। घायल युवक अंकित उरांव पिता राजभूषन उरांव उम्र 20 वर्ष, नीलेश उरांव पिता राजेश उरांव 20 वर्ष दोनों बाइक से मकईयाटाड़ से अपने घर धांधू पुरनापानी जा रहे थे। इस दौरान माडर्न स्कूल के समीप चालक बाइक से नियंत्रन खोने के कारण बाइक पलटने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उसी रास्ता से गुजर रहे जेएमएम युवा नेता औरंगजेब खान की नजर घायलों पर पड़ी। दोनों घायलों को अपनी निजी गाड़ी से बालूमाथ सामुदायिक में भर्ती कराया। वहां चिकित्सक संजय सिद्धार्थ ने प्राथमिक उपचार कर अंकित उरांव की गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया।

### रेलवे लाइन निर्माण को लेकर गतिरोध गहराता जा रहा

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में संचालित आम्रपाली परियोजना क्षेत्र में रेलवे लाइन निर्माण को लेकर जारी गतिरोध लगातार गहराता ही जा रहा है। बता दें कि अनापत्ति लेने के लिए 12 मई 2023 को हुई ग्रामसभा में कथित तौर पर फर्जीवाड़ा होने के साक्ष्य सहित गंभीर आरोप ग्रामीणों ने वरीय अधिकारियों के समक्ष लगाये थे। संलिप्ततों के विरुद्ध अब तक समुचित जांच व कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में अविश्वास और आक्रोश लगातार बढ़ता ही चला जा रहा है।

## आधारभूत संरचना से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय में आधारभूत संरचना, परियोजनाओं, भू अर्जन से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने पूर्व के बैठक में लिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने मगध कोल परियोजना, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, टीवीएनएल, सीसीएल, पावर ग्रिड, बनहर्दी, चक्ला कोल ब्लॉक, तुबेद , सहित अन्य परियोजनाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द कार्रवाई कर निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उपायुक्त ने विभिन्न परियोजनाओं में अधिग्रहित किए गए जमीन के लंबित मुआवजा के भुगतान की समीक्षा करते हुए जल्द मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत मामलो पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर ब्रजेश कांत जेना, परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, कोल कंपनियों के अधिकारी,प्रतिनिधि, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।



### पश्चिम सिंहभूम ने दुमका को छह विकेट से हराया

**लातेहार।** जिला खेल स्टेडियम में खेले जा रहे अंतर जिला अंडर 23 क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में शुक्रवार को पश्चिम सिंहभूम ने दुमका को छह विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दुमका की टीम ने 26.4 ओवर में 114 रनों में ही सिमट गयी। दुमका टीम की ओर से सचिन कुमार मुंडा ने सर्वाधिक 32 और लक्ष्मण कुमार यादव ने 25 रन बनाये। पश्चिम सिंहभूम की ओर से आशीष कुमार सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच व तन्मय तंतुबाई ने चार विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए पश्चिम सिंहभूम की टीम 18 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। शुभम सिंह ने 42, ललित सिंह ने 35, हिमांशु पांडेय ने नाबद 17 रन पर नॉट आउट रहे। दुमका की ओर से प्रीत सिंह ने तीन व अंकुश रावत ने एक विकेट लिये। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पश्चिम सिंहभूम के आशीष कुमार सिंह को दिया गया।

### समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता रैली को किया रवाना

## स्वच्छ व सुंदर जिला बनाने में लोग सहयोग करें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सॉलिड व लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) के तहत 'क्लीन एंड ग्रीन लातेहार' मिशन के सफल बनाने को लेकर समाहरणालय परिसर से उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार सी श्रीनिवासन, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर ब्रजेशकांत जेना, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता रैली को रवाना किया। उपायुक्त ने कहा कि लातेहार को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सभी जिलावासियों का सहयोग अपेक्षित है, ताकि पूरे राज्य में लातेहार जिले को मॉडल जिला बनाया जा सके। वर्तमान में हम सभी को चाहिए कि हम अपने आस-पास के लोगो को साफ-सफाई रखने के लिए प्रेरित करें। यदि हम ऐसा करते हैं, तभी जाकर स्वच्छता को बल मिलेगा व सही मायने में क्लीन एंड ग्रीन लातेहार का स्लोगन सही साबित होगा। सभी के सहयोग से आगामी 26 जनवरी 2026 तक लातेहार जिला को कचरा मुक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 370 जलसहिया, सखी मंडल की दीदियों को कूड़े के प्रबंधन करने से संबंधित मास्टर ट्रेनर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम प्रशिक्षण दिया गया है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि लातेहार झारखंड का पहला जिला है जहां सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने परियोजना निदेशक, सलाहकार सी श्रीनिवासन का धन्यवाद देते हुए कहा कि कचरा प्रबंधन की अवधारणा के प्रति इनका दृष्टिकोण, वर्गीकरण और पुनरूउपयोग के मामले में क्रांतिकारी है। लातेहार समाहरणालय परिसर से जुबली चौक होते हुए अंबाकोठी में स्वच्छता रैली का समापन किया गया। स्वच्छता रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता का संदेश देकर जागरूक किया गया। इस दौरान एसएचजी की दीदियों द्वारा भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार सी श्रीनिवासन को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट किया गया। एसएलआरएम के तहत प्रशिक्षण देने के लिए धन्यवाद दिया गया। मौके पर अपर समाहर्ता रामा रविदास, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।



### कारा सुरक्षा की बैठक में उपायुक्त ने दिए निर्देश

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की संयुक्त अध्यक्षता में कारा सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडल कारा में संसीमित बंदियों को टेलीमेडिसिन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया। कारा अधीक्षक ने बताया कि मंडल कारा लातेहार के मेन गेट पर नगर पंचायत लातेहार द्वारा अधिष्ठापित हाईमास्ट लाईट की मरम्मति कराने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत को हाईमास्ट लाईट की मरम्मति कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा कारा सुरक्षा के मद्देनजर कारा में रखे गए कैदियों की संख्या, जेल भवन की वर्तमान स्थिति, सीसीटीवी, वाकी टॉकी की कार्यशीलता, पेयजल, विद्युत सहित अन्य व्यवस्थाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। कारा सुरक्षा को लेकर पदाधिकारियों को पूरी तरह से सजग रहने का निर्देश दिया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, अपर समाहर्ता रामा रविदास, कारा अधीक्षक लातेहार प्रभात कुमार, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत लातेहार राजीव रंजन उपस्थित थे।

ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–27 / 2024–25
ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस
पुनःनिविदा शुद्धी पत्र

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–27/2024-25/EE/BCD/GARHWA    दिनांक–28.02.2025

1.कार्य का विस्तृत विवरणी

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | परिमाण पत्र की राषि |
|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खरौंधी (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |
| 2 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, केतार (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |
| 3 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कांडी (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |
| 4 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बरडीहा (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |
| 5 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रमना (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |
| 6 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिषुनपुरा (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |
| 7 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सगमा (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |
| 8 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चिनियां (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |
| 9 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, डंडा (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |
| 10 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रमकंडा (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |
| 11 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बरगड़ (BPHU के भवन निर्माण योजना) | ₹ 49,97,900.00 |

2. कार्य पूर्ण की अवधि :– 06 (छः) माह
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 10.03.2025 11:00 बजे
4. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय :– 20.03.2025 11:00 बजे
5. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
6. निविदा खोलने की तिथि / समय एवं स्थान :– 24.03.2025 11:30 बजे
नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अचंल सं0–02,राँची।
7. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9955921643
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8210456132
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक– 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

Note:- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.
नोटः– PR 346761 Building(24-25)#D द्वारा प्रकाशित निविदा को निरस्त करते हुए पुनःनिविदा **Online Mode** में होगा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 347349 Building(24-25)D

# न्यूज बॉक्स

## पॉक्सो एक्ट के तहत दो आरोपियों को 20 साल और 25 हजार अर्थ दंड की सजा मिली



**लोहरदगा।** स्थानीय व्यवहार न्यायालय स्थित एडीजे वन सह पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी की अदालत ने शुक्रवार को नाबालिक दो युवतियों के अपहरण और उनके साथ कथित दुष्कर्म के दोनों आरोपी संतोष मुंडा और अर्जुन मुंडा को बीस साल सश्रम कारावास की सजा का फैसला सुनाया है। अदालत ने दोनों आरोपियों को अलग से 25-25 हजार रुपए का अर्थदंड लगाने का भी फैसला दिया है। इस संदर्भ में लोक अभियोजक मिनी लकडा ने बताया कि, मामला जिले के भंडरा थाना का है। बताया गया कि, वर्ष 2022 में भंडरा थाना क्षेत्र से दो नाबालिक युवतियों को शादी का झांसा और बहलाकर आरोपी दोनों युवाओं ने अगवाकर रांची ले गए थे। नाबालिक युवती के परिजनों ने भंडरा थाना में संतोष मुंडा और अर्जुन मुंडा के विरुद्ध भंडरा थाना कांड संख्या 70/2022 में नामजद मामला दर्ज कराया था। इसकी सुनवाई चलने के दौरान शुक्रवार को अगवा करने वाले दोनों आरोपियों को अदालत ने दोषी ठहराते हुए 6 पोक्सो एक्ट के तहत सजा का फैसला सुनाया है।

## वर्ष का पहला राष्ट्रीय लोक अदालत 08 मार्च को होगा



**लोहरदगा।** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निदेर्शानुसार वर्ष 2025 का पहला राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को सिविल कोर्ट परिसर लोहरदगा में किया जाना है ' जिसके सफल आयोजन को लेकर 28 फरवरी को व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित पीडीजे कार्यालय कक्ष में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा राजकमल मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें उपायुक्त सह उपाध्यक्ष डालसा वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी सह सदस्य डालसा हारिस बिन जमां, एडीजे प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी, सीजेएम केके मिश्रा, एसडीजेएम अमित कुमार गुप्ता, डालसा सचिव राजेश कुमार सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहें। वहीं बैठक में पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा ने आयोजन को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में सुलहनीय योग्य वादों का निष्पादन करे। साथ ही पक्षकारों को नोटिस भेजने का कार्य पूर्ण करें। वहीं डालसा सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर तैयारी जोरो पर है। डालसा लोहरदगा में प्रतिनियुक्ति पीएलवी द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में आयोजन को लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। मौके पर सिविल सर्जन शंभूनाथ चौधरी, लोक अभियोजक मिनी लकड़ा, जेआरईडीए प्रोजेक्ट इंजीनियर अभिजीत आनंद, जेआरईडीए प्रोजेक्ट इंजीनियर मनीष कुमार, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर भवन विभाग राम पद हंसदा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त पीड़ित प्रतिकर के तहत कुल 06 लोगों को पीड़ित प्रतिकर हेतु अनुशंसा पीड़ित प्रतिकर कमेटी द्वारा किया गया।

## पलमी गांव में लगे 16 केवी के दूसरे ट्रांसफार्मर की भी चोरी

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के पलमी गांव में लगे 16 केवी के ट्रांसफार्मर को बीती रात को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। एक दिन पूर्व भी पलमी गांव से एक ट्रांसफार्मर चोरी हुई थी. दो दिनों मे गांव से दो ट्रांसफार्मर चोरी होने से लोगों में दहशत फैल गई है। इस चोरी की जानकारी ग्रामीणों को उस वक्त पता चली जब वह अपने खेतों को गए थे तब उन्होंने देखा कि पटवान के लिए लगा मोटर बंद थे और बिजली के खंभों पर ट्रांसफार्मर चोरी हो गए थे। लोगों ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि इन बिजली के खंभों पर हाई वोल्टेज करंट है और चोरों ने इसकी परवाह किए बिना दो ट्रांसफार्मर और उनका सामान चोरी कर लिया। इस चोरी की जानकारी देते हुए पलमी के इस्तियाक अंसारी, बुधवा उरांव, अनिल उरांव, जीवन उरांव, एतवा उरांव आदि ने बताया कि जब वे अपने खेतों में आए तो देखा कि उनके मोटर बंद हैं। उन्होंने देखा कि बिजली के खंभों पर लगे दो ट्रांसफार्मरों एवं उनके उपकरण अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इलाके में बाहर से अज्ञात चोर आते है. वे आए दिन लोगों का बकरी, मोटर आदि चोरी कर लेते हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इन चोरों पर काबू पाने के लिए सख्त कार्रवाई की जाए और चोरी हुए ट्रांसफार्मर के स्थान पर दूसरा ट्रांसफार्मर लगाया जाए ताकि खेतों में बोई गई फसलों को पानी मिल सके। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी शिकायत पुलिस व बिजली विभाग से की जाएगी।

## प्रचार रथ हुआ रवाना, हर गली हर मोहल्ला में गूंजेगा शोर



**लोहरदगा।** बलदेव साहू महाविद्यालय क्रिकेट स्टेडियम के मुख्य द्वार से प्रचार वाहन की शुक्रवार को रवानगी हरि झंडी दिखाकर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने की। मौके पर संगठन के सचिव आलोक राय, भास्कर दास गुप्ता, डॉ शशि गुप्ता, संजय बर्मन, लालमोहन प्रसाद केशरी, कमल केशरी, उदय गुप्ता, अमित कुमार, सतीश वर्मा, दीपक देवघरिया, सोमा उरांव, हिमांशु केशरी, रोहित ओझा सहित अन्य शामिल थे।

## टी 20 क्रिकेट कप आयोजन के प्रचार-प्रसार पर दिया जोर

**लोहरदगा।** बीएस कॉलेज निकट स्थित राज्य स्तरीय स्टेडियम में आगामी 5 मार्च से शुरू होने वाले स्व शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी20 क्रिकेट कप के आयोजन को लेकर एसोसिएशन के सचिव आलोक राय की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। जिसमें कार्यक्रम के पूर्व व कार्यक्रम के दौरान होने वाले कार्यक्रमों की पूर्व तैयारी पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से आयोजन में अधिक से अधिक लोगों के शामिल होने को लेकर निमंत्रण कार्ड वितरण करने पर संबंधित लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं मुख्य रूप से आयोजन के प्रचार प्रसार को लेकर जोर दिया गया। इसको लेकर प्रचार प्रसार गांव से लेकर शहर तक किए जाने की बात कही गई। वही स्टेडियम को चारों ओर से झंडा से सजाने की बात कही गई। बाहर से आ रहे खिलाड़ियों को रिसीव करने और उन्हें उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचने से लेकर स्टेडियम में खेले जाने वाले मैच के दौरान की जाने वाली तैयारी पर भी योजना बनाई गई। स्टेडियम के आसपास के जगहों को चिन्हित करते हुए पार्किंग व्यवस्था भी सुदृढ़ किया गया। पूरे आयोजन के दौरान आमजनों को स्टेडियम परिसर में प्रवेश के लिए किसी प्रकार की असुविधा न हो इस दिशा में भी व्यवस्था पर जिम्मेवारियां सौंपी गई। मौके पर अन्य विषयों पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा परिचर्चा की गई। मौके पर मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश सिंह, सचिव आलोक राय, भास्कर दास गुप्ता, चंद्रकिशोर प्रसाद, संजय बर्मन, इकरामुल अंसारी, सरोज प्रजापति, रेहान अख्तर, पंकज कुमार, आकाश महतो, सतीश वर्मा, रेहान हुसैन, तनवीर रजा, रोहित ओझा सहित अन्य उपस्थित थे।

### सांसद ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर पदाधिकारियों को दिए निर्देश

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत

- *चौक-चौराहों को किया जाए अतिक्रमणमुक्त*
- *मोटरसाइकिल/स्कूटी लेकर विद्यालय नहीं आएं छात्र-छात्राएं*



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सुखदेव भगत, सांसद, लोहरदगा संसदीय क्षेत्र,लोहरदगा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में माननीय सदस्यों व पदाधिकारियों की ओर से विभिन्न प्रस्ताव आए जिसके अनुपालन का निर्देश माननीय सांसद द्वारा दिया गया। बैठक में सांसद ने लोहरदगा जिला में आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटना, शहरी क्षेत्र में सड़कों पर अतिक्रमण, स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना में की जा रही कार्रवाई आदि बिंदुओं की समीक्षा की। शहर के पतराटोली में हाल के दिनों में सड़क दुर्घटना पर वहां स्पीड ब्रेकर, साईनेज लगाये जाने के निदेश कार्यपालक अभियंता, एनएच को दिये गये। जिस क्षेत्र में अंधेरा है वहां स्ट्रीट लाईट लगवाने का निर्देश विद्युत प्रमण्डल, लोहरदगा को दिया गया। स्कूलों व कॉलेजों में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए वहां नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाने का निर्देश शिक्षा विभाग को दिया गया। बाजार में भी माइकिंग करा कर बच्चों के अभिभावकों को जागरूक किया जाय ताकि बच्चे मोटरसाइकिल पढ़ाई करने स्कूल नहीं आएं।

#### पुलिस अधीक्षक ने दिया परिवहन पदाधिकारी को ई-पॉश मशीन की संख्या बढ़ाने का निर्देश

बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने शहर के महत्वपूर्ण ऐसे रास्ते जो आपस में एक स्थान पर मिलते हैं। ऐसे स्थानों को चिन्हित करने का निर्देश दिया पथ विभाग को दिया गया। जिससे उस स्थान को चौक के रूप में परिवर्तित किया जा सके। जिला परिवहन पदाधिकारी को ई-पॉश मशीन की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया गया ताकि पकड़े गये वाहनों का चालान कम समय में जेनरेट किया जा सके। अगली बैठक में ट्रक व ऑटो चालक एसोसिएशन को भी आमंत्रित करने का निर्देश दिया गया।

सांसद ने जिला में भू-अर्जन के कार्य व रैयतों को भुगतान की प्रक्रिया को धीमा बताते हुए कहा कि इसमें तेजी लाने की आवश्यकता है। जिला में नव वर्ष, मेला व पर्व-त्यौहार के मौके पर सड़क दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं, इसमें कमी लाने के लिए आवश्यक प्रयास किये जाएं। सड़क दुर्घटना में घायलों का ईलाज तुरंत हो, इसमें स्वास्थ्य विभाग सजग रहे। जिला में जल्द कार्डिया एंबुलेंस की व्यवस्था की जाएगी जिसमें घायल को अस्पताल तक गोल्डेन टाईम में पहुंचाने के लिए सभी व्यवस्थाएं मौजूद रहेंगी।

मोटर वाहन निरीक्षक को वाहनों का फिटनेस संबंधी जांच करने और वाहन चालकों को मोटरयान अधिनियम अंतर्गत नियमों का पालन कराने का निर्देश दिया गया। हिंडाल्को प्रबंधन को बॉक्साइट ट्रक चालकों द्वारा भी उक्त अधिनियम का पालन कराने का निर्देश दिया गया। नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि शहर के चौक-चौराहों में अवैध रूप से पार्किंग करने वाले, शहरी क्षेत्र में पथों व फुटपाथों पर सब्जी विक्रय करनेवालों को नोटिस देकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराएं।

बैठक में समिति के सदस्य नेसार अहमद द्वारा शहरी क्षेत्र में कम उम्र के लड़कों द्वारा विशेष रूप से आवाज करनेवाली मोटरसाइकिल करनेवाले और हाई स्पीड ड्राईविंग पर रोक लगाने की मांग की।

समिति के सदस्य कुणाल अभिषेक शहरी क्षेत्र में ऑटो चालक अजय उद्यान, मनोकामना मंदिर, बरवाटोली समेत कई स्थानों पर गाड़ी खड़ी रखते है जिससे जाम की समस्या उत्पन्न होती है। ऑटो चालकों को जो स्थल ऑटो स्टैंड के रूप में चिन्हित कर दिया गया है उसी स्थान का इस्तेमाल ऑटो स्टैंड के लिए किया जाए।

समिति के सदस्य पवन गौतम ने बैठक में कहा कि ऑटो चालकों को कहीं भी रोक कर चुंगी वसूली जाती है जिससे जाम लगता है। इस समस्या को दूर किया जाए। अपर बाजार से मिशन चौक तक कई गढ्ढे हैं जिन्हें भरा जाय। सभी उच्च विद्यालयों को निर्देश दिया जाए कि कोई भी बच्चा मोटरसाइकि से विद्यालय नहीं आए।

समिति के सदस्य मनोज सोन तिर्की ने कहा कि शंख पुल रात्रि के समय स्पष्ट नहीं नजर आता है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, इसके लिए वहां ब्लिंकर लगवाया जाना चाहिए। मैना बगीचा में सब्जी विक्रेता सड़क पर ही सब्जी बेचते हैं जिन्हें वहां से हटाकर उन्हें पूर्व में निर्धारित स्थल पर ही सब्जी बेचने की अनुमति दी जाए। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, डीटीओ, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, डीएसपी मुख्यालय, सांसद के निजी सचिव आलोक साहू, सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, जिला सड़क सुरक्षा समिति के प्रबंधक अमृतेश्वर गिरी, आरएए कृष्ण कुमार गुप्ता, आईटी असिस्टेंट दुलार कुजूर आदि उपस्थित थे।

# उदयमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, के स्थानीय कार्यालय एम.एस.एम.ई.-विकास कार्यालय, रांची द्वारा सलैया घोड़गिरवा, पाखर पंचायत, किस्को, लोहरदगा में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पाखर पंचायत, किस्को, लोहरदगा जिले के स्थानीय उदद्यमियों तथा भावी उदद्यमियों को भारत सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देना था। कार्यक्रम में 70 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया एवं जानकारी प्राप्त किया। ज्योत्सना गुड़िया, सहायक निदेशक, एम.एस.एम.ई.-विकास कार्यालय, रांची ने कार्यक्रम में स्वागत संबोधन एवं मंच संचालन किया। कार्यक्रम का प्रारंभ सम्मानित अतिथियों का स्वागत हरित पौध भेंट कर किया गया। उसके उपरांत मंचासीन अतिथियों रघुवर सिंह, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, लोहरदगा, नितिन कुमार, एलडीएम, बैंक ऑफ इंडिया, लोहरदगा, रुस्तम रोशन, सफल उद्यमी, झारखंड वेलफेयर डेवलपमेंट सोसायटी, लोहरदगा आदि द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। ज्योत्सना गुड़िया, सहायक निदेशक, ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को मंचासीन वक्ताओं से एमएसएमई के विकास हेतु भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने युवाओं एवं महिलाओं से वर्तमान समय की मांग के अनुसार उद्यमी बनकर स्वयं एवं अन्य लोगों को अपने उद्यम से जोड़ने की बात पर जोर दिया क्योंकि वर्तमान समय में नौकरियां सीमित हैं। रघुवर सिंह, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, लोहरदगा ने झारखंड सरकार द्वारा एमएसएमई उद्यमियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। नितिन कुमार, एलडीएम, बैंक ऑफ इंडिया, लोहरदगा ने सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योजनाओं के तहत उपलब्ध ऋण सुविधाओं के बारे में, आवेदन की प्रक्रिया, सब्सिडी आदि के बारे में बताया एवं लोगों को उद्यम शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता के लिए बैंक शाखा से संपर्क करने एवं हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। रुस्तम रोशन, सफल उद्यमी, झारखंड वेलफेयर डेवलपमेंट सोसायटी, लोहरदगा ने सभी प्रतिभागियों को स्वरोजगार की स्थापना हेतु प्रेरित किया तथा उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अपने सफल उद्यमी बनने की कहानी तथा उसमें आई बाधाओं को सबके साथ साझा करते हुए हिम्मत से काम लेने की बात कही।

# अवैध बालू लदे दो हाइवा जब्त, चालक और मालिक के विरुद्ध कारवाई आरंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** अवैध बालू उठाव एवं परिवहन मामले में गुप्त सूचना पर पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए अवैध बालू लदा दो हाइवा ट्रक को जप्त किया गया. जप्त हाइवा ट्रक व मालिक तथा चालक के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत कारवाई किया जायेगा। विदित हो कि सेन्हा अंचल क्षेत्र के रास्ते अवैध बालू परिवहन की गुप्त सूचना सेन्हा पुलिस को मिलते ही मध्य रात्रि में छापेमारी अभियान चला कर थाना क्षेत्र के घाटा गगेया पथ से एक हाइवा ट्रक तथा कोराम्बे से एक हाइवा ट्रक जे एच 09 ए एन 0195 तथा जे एच 02 ए डब्लू 7555 को जब्त कर सेन्हा थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। वही जब्त हाइवा ट्रक के बारे में अंचलाधिकारी द्वारा खनन विभाग को अग्रतर कारवाई हेतु अवगत कराया गया। जिसे जब्त हाइवा ट्रक के मालिक व चालक के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत कारवाई किया जायेगा। जबकि हाइवा ट्रक के मालिक ने बताया कि गुमला जिले के लरंगो से बालू उठाव कर ले जाया जा रहा था। जिसका चालान होने के बावजूद जांच करवाने की बात बोल बालू लदा हाइवा ट्रक को पकड़ कर थाना में रखा गया है। इस संदर्भ मे थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने जानकारी देते हुए कहा कि अवैध बालू उठाव एवं परिवहन की सूचना पर निरंतर कारवाई किया जायेगा। उन्होंने कहा अवैध बालू लदा हाइवा ट्रक के परिवहन की गुप्त सूचना मिला था। जिसपर पुलिस छापेमारी करते दोनो ट्रक के चालक एवं मालिक के बिरुद्ध जांचोपरांत खनन अधिनियम के तहत कारवाई किया गया। सेन्हा अंचल क्षेत्र से अवैध बालू का उठाव कोयल नदी से होने तथा परिवहन करने के मामले पर लगतार खनन पदाधिकारी के निर्देश पर अंकुश लगाने की दिशा में पुलिस द्वारा कारवाई जारी रहेगा।

## भंडरा में खुलेआम हो रही नशीले पदार्थों की बिक्री

**भंडरा।** राज्य में जिस ओर सरकार गुटका पान मसाला की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है, तो दूसरी ओर जिले के भंडरा प्रखंड में नशीले अन्य पदार्थों की बिक्री खुलेआम हो गई है। बता की भंडरा प्रखंड के चौक चौराहों के दुकान में डेंड्राइट, थीनर, वाइटनर की बिक्री मनमाने दामों पर बिक रही है। जिसका शिकार स्कूली बच्चे हो रहे है। बता दें कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय भंडरा में वर्ग छह में अध्यंतरण दो छात्र शुक्रवार को थीनर का नशा में झूमते नजर आएं। जिससे स्कूल में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मनोरमा अगस्टिन ने बताया कि विद्यालय में अवधि में वर्ग छह के दो बच्चे पेशाब करने की आठ कहकर बाहर निकले थे। अधिक देर होने के बाद भी क्लास में नहीं पहुंचने पर बाथरूम में देखने गए।

# मैट्रिक में 756 छात्र-छात्राओं ने दी अंग्रेजी की परीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** झारखंड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में शुक्रवार को अंग्रेजी की परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। मैट्रिक परीक्षा कराने के लिये झारखंड अविविद्य परिषद द्वारा प्रखंड क्षेत्र के दो विद्यालय नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वही नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु स्थित परीक्षा केंद्र में 417 छात्र छात्राओ में से 415 और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा स्थित परीक्षा केंद्र में 359 में से 356 विद्यार्थियों ने अंग्रेजी का परीक्षा दिया। वही 771 परीक्षार्थियों में से 756 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुएकेंद्राधीक्षक नैंसी सीमा लकड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से झारखंड अविविद्य परिषद द्वारा प्राप्त गाइड लाइन के अनुसार परीक्षा कराया जा रहा है। परीक्षा प्रारम्भ से पूर्व सभी विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र जांच कर छात्र-छात्राओं को परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया जाता हैजिस निमित शुक्रवार को परीक्षा निर्धारित समय से प्रारम्भ हुआसाथ ही बताया कि परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार पर व परीक्षा कक्ष में छात्र-छात्राओं का निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। और परीक्षा केंद्र के समीप निषेधज्ञा लागू है। वही प्रखंड क्षेत्र के सभी 771 में से 756 छात्र छात्राएं परीक्षा में उपस्थित हो अंग्रेजी का परीक्षा दिया। 5 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। मौके पर कनीय अभियंता सह दंडाधिकारी राजीव कुमार, शिवशंकर उरांव शिक्षक मेराज अंसारी, शिक्षिका सुनीता देवी समेत अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे एएसआई गोवर्धन तुरी,रामचन्द्र मांझी दल बल के साथ परीक्षा केंद्र पर मौजूद थे।

# चंद्रशेखर बैंकट रमण ने विज्ञान के क्षेत्र में अनेकों महत्वपूर्ण कार्य किए थे : राधा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी उच्च विद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर चन्द्रशेखर बैंकट रमण के जन्म दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य सेन्हा उपस्थित थे। वही राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न तरह का मॉडल तैयार किया गया था। जिसका अवलोकन कर जिप सदस्य राधा तिर्की ने छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिये प्रेरणा देते हुए कहा कि चन्द्रशेखर बैंकट रमण ने विज्ञान के क्षेत्र में अनेकों महत्वपूर्ण कार्य किये थे। जिसे उनके जन्म दिवस को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। साथ ही छात्र छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि विज्ञान के बारे में जानकारी प्राप्त कर आगे बढ़ सकते हैं। छात्र-छात्राएं विज्ञान के विषय पर जानकारी प्राप्त करने के लिये निरंतर प्रयास करें। वही विद्यालय को प्रधानाध्यापिका रेणु मिश्रा ने छात्र छात्राओं को बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस चन्द्रशेखर बैंकट रमण को समर्पित है। जिनका जन्म दिवस को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। चन्द्रशेखर बैंकट रमण पानी जहाज के माध्यम से विदेश से वापस लौटने पर उन्होंने देखा कि सूर्य की रौशनी में समुद्र का जल नीला क्यों दिखाई देता है। जिसे उन्होंने पता लगाया था। सूर्य की रौशनी में विभिन्न रंग होने के कारण पानी का रंग नीला दिखाई देता है। चन्द्रशेखर रमण को भौतिकी विज्ञान के लिये नॉवेल पुरस्कार देकर एशिया महादेश में सम्मानित किया गया था। मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष हारून अंसारी प्रधानाध्यापिका रेणु मिश्रा, नरेश चन्द्र महतो, चांदनी शगदेव, उम्मे हबीबा, डॉ बैजयंती उरांव, मेराज अंसारी, मंजू कुमारी समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र छात्रा उपस्थित थे।


**कार्यालय,कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल,लोहरदगा**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय के ई. निविदा आमंत्रण सूचना सं०– MID/ LOHARDAGA/$F_2$-20/2024-2025 Date :-15/02/2025 ,जिसका पी.आर.सं०–346537(Lohardaga)24-25*D में अपरहार्य कारणों से निम्न प्रकार तिथि संशोधित किया जाता है:–

| | |
|---|---|
| Date of Publication of E - Tender on website | 01.03.2025 at 2.00 PM |
| Last date/Time for submission of E-Tender BID's | 07.03.2025 up to 5:00 PM |
| Last Date for online Submission of Tender fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 07.03.2025 up to 5:00 pm |
| Date of Opining Tender | 10.03.2025 at 2:00 PM |

निविदा की शेष शर्त्ते यथावत रहेगा।

कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल,लोहरदगा

PR 347374 Lohardaga(24-25).D

**कार्यालय,कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल,लोहरदगा**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय के ई. निविदा आमंत्रण सूचना सं०– MID / LOHARDAGA /$F_2$-19/2024-2025 Date :-15/02/2025 (2nd Call) ,जिसका पी.आर.सं०–346546(Lohardaga)24-25 (D) में अपरहार्य कारणों से निम्न प्रकार तिथि संशोधित किया जाता है:–

| | |
|---|---|
| Date of Publication of E - Tender on website | 01.03.2025 at 2.00 PM |
| Last date/Time for submission of E-Tender BID's | 07.03.2025 up to 5:00 PM |
| Last Date for online Submission of Tender fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 07.03.2025 up to 5:00 pm |
| Date of Opining Tender | 10.03.2025 at 2:00 PM |

निविदा की शेष शर्त्ते यथावत रहेगा।

कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल,लोहरदगा

PR 347369 (Lohardaga)24-25*D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION, LOHARDAGA**

**VERY SHORT NOTICE INVITING E-QUOTATION**

**Notice No. - 02/2024-25**

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in **Proposed Construction of Bar Association Building at Lohardaga** in which some itemes are non schedule item for this endeavour, quotations through e-tender are invited for rate of items/materials annexed as Annexure-I Contractor/Reputed Manufacturer/ authorized dealers/ Suppliers and other stakeholders authorized for respective items having valid GSTIN of materials. The rate shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in. Details of material and its Specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 08/03/2025 at 10:30 hrs. To 17/03/2025 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 18/03/2025 at 16:30 Hours. The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with the lowest market rate for framing estimate.

**Terms and Condition:- .**

For any query or clarification you may contact Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Lohardaga.
Mobile No. 9199198828
E-Mail Id. : eebcdlohardaga-jhr@nic.in

**Address for Communication: -**

Office of the Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division, Lohardaga.
Pin Code :- 835302

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division Lohardaga.

PR 347429 (Lohardaga) 24-25 (D)

## न्यूज बॉक्स

### प्रधान लिपिक अरविंद कुमार को दी गई भावभीनी विदाई



**गुमला।** पुलिस कार्यालय में कार्यरत प्रधान लिपिक अरविंद कुमार आज 28 फरवरी 2025 को 38 वर्ष, 11 माह और 21 दिन की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर पुलिस समागार, न्यू समाहरणालय, चंदली में एक भव्य विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गुमला के पुलिस अधीक्षक शुभ्र कुमार सिंह ने श्री कुमार के कार्य को सराहते हुए कहा कि उनकी निष्ठा और समय पालन की भावना पुलिस विभाग के लिए प्रेरणादायक रही है। उन्होंने श्री कुमार के स्वस्थ और मंगलमय भविष्य की कामना की। समारोह में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) वेरिस टोप्पो, पुलिस निरीक्षक, चैनपुर महेंद्र कश्यप, प्रधान लिपिक विष्णु कुमार तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने श्री कुमार के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और उनकी समर्पित सेवा को सराहा।

### लोकपाल का कार्यक्रम मनरेगा योजनाओं की समीक्षा व दिशा-निर्देश



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में शुक्रवार लोकपाल शहबाना शेख के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मनरेगा कर्मियों के साथ मिलकर मनरेगा योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान पंचायतों द्वारा योजनाओं के अभिलेख को पंचायत भवन में संधारण करने का निर्देश दिया गया। ताकि सभी योजनाओं की जानकारी सही और अद्यतन रहे। कार्यक्रम में कनीय अभियंता को मापी पुष्ट करने और अद्यतन करने का विशेष निर्देश दिया गया। लोकपाल शहबाना शेख ने मनरेगा में चल रही योजनाओं के पर्यवेक्षण और निरीक्षण पर भी जोर दिया। ताकि सभी योजनाएं समय पर पूर्ण की जा सकें और लाभार्थियों को उनका लाभ मिल सके।इस क्रम में लोकपाल ने बर्वेनगर पंचायत का भ्रमण किया, जहां उन्होंने सिंचाई कूप और वृक्षारोपण की योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मनरेगा अधिनियम के तहत कार्यों को प्राथमिकता दें और सुनिश्चित करें कि सभी योजनाएं सही तरीके से कार्यान्वित हो रही हैं। कार्यक्रम ने मनरेगा योजनाओं की पारदर्शिता और कार्यान्वयन में सुधार लाने का उद्देश्य रखा। लोकपाल के प्रयासों से यह स्पष्ट हुआ कि पंचायत स्तर पर योजनाओं का प्रभावी संचालन और निगरानी आवश्यक है, ताकि ग्रामीण विकास के लक्ष्यों को समय पर पूरा किया जा सके। इस कार्यक्रम में गुमला लोकपाल शहबाना शेख, बीपीओ कांति कुमारी, सहित पंचायत कर्मी मौजूद थे। इस कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय प्रशासन ने यह संदेश दिया कि वे ग्रामीण विकास के प्रति गंभीर हैं और सभी योजनाओं के सफल कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### चैनपुर में आम बागवानी के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड सभागार में शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आम बागवानी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में आजेम प्रेमजी फाउंडेशन की सलोना कुमारी ने चैनपुर प्रखंड के मुखिया, पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों को आम बागवानी के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्रदान की।प्रशिक्षण कार्यक्रम में चैनपुर बीपीओ कांति कुमारी, मुखिया शोभा देवी, पंचायत सचिव मधुरा मिंज, और रोजगार सेवक सुशील दीपक मिंज भी उपस्थित रहे।बीपीओ कांति कुमारी ने इस अवसर पर कहा, आम बागवानी न केवल हमारे किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण आय का स्रोत है, बल्कि यह क्षेत्र के आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हमें इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना चाहिए ताकि हमारे किसान बागवानी के प्रति जागरूक हों और सही तकनीकों का उपयोग कर सकें। प्रशिक्षण में आम बागवानी की तकनीकी जानकारी, बेहतर फसल उत्पादन, और बाजार में बिक्री के लिए आवश्यक रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सलोना कुमारी ने किसानों को आम की विभिन्न किस्मों, उनकी देखभाल, और संभावित लाभ के बारे में भी बताया।यह कार्यक्रम स्थानीय किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ, जिससे उन्हें अपने व्यवसाय को बढ़ाने और आम बागवानी में दक्षता हासिल करने के लिए नई तकनीकों और जानकारियों का लाभ मिल सकेगा।इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से चैनपुर प्रखंड में बागवानी को बढ़ावा देने और किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

### गुमला पॉलिटेक्निक में विज्ञान दिवस पर नवाचार और प्रतिभा का जलवा




**गुमला।** गुमला पॉलिटेक्निक ने 28 फरवरी 2025 को भव्यता और उत्साह के साथ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। नोबेल पुरस्कार विजेता सर सी.वी. रमन की विरासत को सम्मान देने और विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं और विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से छात्रों ने अपनी वैज्ञानिक सोच और नवाचार कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ. शिबा नारायण साहू और प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जो ज्ञान और विज्ञान के प्रकाश का प्रतीक है। इसके बाद सर सी.वी. रमन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया गया। भौतिकी के व्याख्याता अमृत कुमार पाठक ने रमन प्रभाव पर एक विस्तृत पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया, जिससे छात्रों को इस अभूतपूर्व खोज और विज्ञान में इसकी भूमिका की गहन जानकारी मिली। कार्यक्रम में पब्लिक स्पीकिंग, ड्राइंग और विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी जैसी रोमांचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें गुमला के प्रतिष्ठित स्कूलों (केन्द्रीय विद्यालय, डीएवी पब्लिक स्कूल, सेंट मैरी पब्लिक स्कूल, वेस्कॉट पब्लिक स्कूल, पीएम श्री स्कूल, जेएनवी गुमला, जिला सीएम एसओई गुमला) के छात्रों ने हिस्सा लिया। इन प्रतियोगिताओं ने छात्रों को वैज्ञानिक अभिरुचि, रचनात्मकता और नवीन सोच को प्रदर्शित करने का अवसर दिया। इस कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी रही, जहां छात्रों ने अपने अनूठे और रचनात्मक विचारों को प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी में शामिल मॉडल छात्रों की नवाचार क्षमता और सीमित संसाधनों में तकनीकी समाधान खोजने की प्रतिभा को दशार्ते हैं। प्रतियोगिता में एआई संचालित रडार (डीएवी पब्लिक स्कूल, गुमला) ने प्रथम स्थान, कृत्रिम रोबोटिक हाथ (गुमला पॉलिटेक्निक) ने द्वितीय स्थान, और स्वचालित स्ट्रीट लाइट (गुमला पॉलिटेक्निक) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पीएम श्री स्कूल, जेएनवी गुमला के रडार प्रणाली मॉडल को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल, प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मॉडल प्रदर्शनी के विजेताओं को ₹4000, ₹3000 और ₹2000 के नकद पुरस्कार प्रदान किए गए, ताकि वे आगे भी वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार में प्रेरित रहें।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

# लंबित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां, झारखंड शिक्षा परियोजना के एडीपीओ, एपीओ, लेखा पदाधिकारी, सहायक अभियंता, सभी बीईओ, बीपीओ, लेखापाल एवं कनीय अभियंता उपस्थित रहे। बैठक में वित्तीय वर्ष की समाप्ति को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त ने सभी स्तरों पर 10 मार्च तक नियमानुसार राशि व्यय करने और पीएफएमएस पर अपलोड कर भुगतान सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने डीईओ एवं डीएसई को दैनिक समीक्षा करने को कहा और जिन अधिकारियों-कर्मचारियों का कार्य असंतोषजनक है, उनके खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव देने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान पाया गया कि चैनपुर प्रखंड कई मामलों में पीछे है, वहीं घाघरा और गुमला प्रखंड को पोशाक वितरण कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के सुचारू आयोजन और पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया गया।

स्कूलों में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, साइंस लैब, व्यावसायिक शिक्षा की स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने 15 दिनों के भीतर सभी तकनीकी समस्याओं के समाधान और उपकरणों की मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में छात्राओं को सभी सुविधाएं समय पर देने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने डीईओ को निर्देश दिया कि होली से पहले सभी लंबित कार्य पूर्ण कर भुगतान सुनिश्चित करें और पूर्णकालिक शिक्षकों की संविदा आधारित नियुक्ति के लिए राज्य से अनुमति लें। उपायुक्त ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय सिसई में शीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने और नए छात्रावास भवन में शिफ्टिंग का कार्य जल्द कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अप्रैल से नया सत्र नए भवन में ही शुरू किया जाए।

असैनिक निर्माण योजनाओं की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने शौचालय, बाउंड्री वॉल समेत कई छोटे-बड़े निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने जिला शिक्षा परियोजना के असैनिक निर्माण प्रभाग के सभी सहायक और कनीय अभियंताओं के वेतन पर रोक लगाते हुए स्पष्टीकरण मांगा। बैठक के अंत में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने में केवल एक माह बचा है, इसलिए आपसी समन्वय से 15 दिनों के भीतर सभी विद्यालय, संकुल, प्रखंड और जिला स्तर पर लंबित कार्य पूरे करें। उन्होंने अधिकतम राशि व्यय करने और जिले के भौतिक एवं वित्तीय प्रदर्शन को बेहतर बनाने की सख्त हिदायत दी।

## त्रस्त व पस्त नागरिक अब खुद करेंगे अपनी रक्षा

# कल बंदी का किया आह्वान



**नवीन मेल संवाददाता**

**बसिया(गुमला)।** बसिया के आम लोग अब खुद चोरों से निबटने का काम करेंगे। इसके लिए ग्रामीणों ने गांव की सुरक्षा के लिए पुलिस के भरोसे नहीं रहने का निर्णय लिया है। मिली जानकारी के अनुसार आज बसिया के मुख्य बाजार कोनबीर में बढ़ती चोरी की घटनाओं से निबटने के लिए आयोजित एक बैठक में उपरोक्त निर्णय लिया। इस बैठक में पुलिस की नाकामी के विरुद्ध आगामी रविवार को सभी दुकानों को बंद कर आक्रोश व्यक्त करने का निर्णय लेते हुए बाजार की सुरक्षा पुलिस के भरोसे नहीं बल्कि अपने दम पर करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में इस बात को लेकर भी क्षोभ व्यक्त किया गया कि बैंक ऑफ इंडिया बिल्डिंग में मैट्रिक व इंटर परीक्षा हेतु बज्रगृह बनाया गया है और इसकी सुरक्षा हेतु सुरक्षा बलों की 247 तैनाती का प्रावधान है। इसके बावजूद बज्रगृह वाले बिल्डिंग में चोरी का हो जाना पुलिस के कार्यशैली पर स्वतः प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। इसी तरह दो दिनों पूर्व उस परिसर में चोरी का प्रयास करते हुए एक व्यापारी पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया गया जहाँ एसबीआई की शाखा है और छः माह पूर्व ही यहाँ से पच्चीस लाख रूपयों सहित एटीएम की चोरी हो चुकी है। स्थानीय ग्रामीण इस बात पर भी क्षुब्ध नजर आए कि ताजा घटनाओं के बाद न केस दर्ज किया जा सका है और न चोरों को पकड़ा जा सका है। आयोजित आपातकालीन बैठक में सन्तोष सोनी, भोला पांडे, अनूप सोनी, अनमोल तिवारी, विजय सिंह पिंटू सहित बड़ी संख्या में व्यापारी और आम ग्रामीणों की उपस्थिति दर्ज की गई।

# भरनो : तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, तीन गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो थाना क्षेत्र के खरवागढ़ा के पास शुक्रवार शाम एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई, जिससे उस पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बेड़ों थाना क्षेत्र के कैरो गांव निवासी मनीष टोप्पो (28), प्रियांशु कुजूर (27) और भरनो थाना क्षेत्र के महुवाटोली गांव निवासी मंगरा उरांव (65) शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर भरनो से कुसुम्बाहा बाजार जा रहे थे, तभी खरवागढ़ा के पास बाइक असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही भरनो थाना की गश्ती पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को पुलिस वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भरनो पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची रेफर कर दिया। यह हादसा तेज रफ्तार और असंतुलित वाहन नियंत्रण का एक और उदाहरण है, जिससे सड़क सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरतने की आवश्यकता उजागर होती है।

### चैनपुर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना तीन लोग गंभीर रूप से घायल, गुमला रेफर

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के डहुडढ़गांव के समीप शुक्रवार को गंभीर सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई जब सीबी साईन और टीवीसी मोपेड के बीच टक्कर हो गई। हादसे में घायल होने वालों में कुटमा निवासी 44 वर्षीय बुधराम असुर, 12 वर्षीय सनियारो कुमारी और विपरीत दिशा से आ रहे काटकही निवासी 20 वर्षीय अवधेश बड़ा शामिल हैं, जो नशे की हालत में थे और शादी समारोह में जा रहे थे। घटना के बारे में बुधराम असुर की बहन बिरसी असुर ने बताया कि वे चैनपुर राशन के लिए बायोमेट्रिक लगाने जा रहे थे, तभी अचानक डहुडढ़गांव हॉस्पिटल के पास टक्कर हो गई। इस टक्कर में बुधराम के माथे और पैर में गंभीर चोटें आईं, जबकि उनकी भतीजी सनियारो कुमारी के पैर में भी गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलने पर चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी और एएसआई वी के पांडेय तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से घायलों को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर जेन वंदना ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### 17 वर्षीय युवक का शव गांव के ही डोभा से बरामद

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के रन्हे निवासी सोनू कुमार सिंह 17 वर्ष का शव घाघरा पुलिस ने शुक्रवार को रन्हे स्टेडियम के नीचे एक डोभा से बरामद किया। सोनू बुधवार की रात्रि करीब 8 बजे आधा घंटे बाद आने की बात कह घर से निकला था। लेकिन सुबह तक वापस नही आने से परेशान पिता पारसनाथ सिंह ने घाघरा थाने में अपने बेटे की गुमशुदगी को लेकर आवेदन दिया था। सोनू के पिता पारसनाथ ने बताया कि सोनू गोरखपुर में काम करता था और एक हफ्ता पूर्व अपने घर रन्हे आया था। इधर शुक्रवार को अपराह्न के बाद गॉव के ही चरवाहों ने बताया कि एक डोभा में है। जब पारसनाथ एवं परिजन वहां गए तो कपड़े से सोनू के शव होने की बात सामने आई। शव को पुलिस ने डोभा से निकालकर अपने कब्जे में ले लिया है।

### पालकोट में महिला विकास मंडल का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट प्रखंड के काली मंदिर मैदान में जेएसएलपीएस संस्था के तत्वावधान में महिला विकास मंडल का वार्षिक अधिवेशन धूमधाम से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बसिया एसडीएम और पालकोट प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय उरांव मौजूद रहे। साथ ही सांसद प्रतिनिधि बसंत साहू, विधायक प्रतिनिधि भूषण सिंह और मनीष साहू, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सहित कई गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना था, ताकि वे समाज में पुरुषों के समान कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ सकें। इस दौरान 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष ने महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपने परिवार के सदस्यों को हरिया दारू (स्थानीय शराब) से दूर रखें और यदि कोई महिला इस व्यवसाय से जुड़ी हैं, तो वे दूसरे रोजगार अपनाएं, जिसमें प्रशासन और संगठन पूर्ण सहयोग करेगा। कार्यक्रम में महिला मंडलों द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें रागी-मडुआ से बनी मिठाइयां, बांस से निर्मित घरेलू सामान, आचार, हस्तशिल्प उत्पाद आदि शामिल रहे। इसके अलावा, महिला मंडलों की दादियों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जेएसएलपीएस के वरिष्ठ पदाधिकारी, प्रखंड के विभिन्न महिला विकास मंडलों की सदस्याएं और हजारों की संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया और उन्हें स्वरोजगार अपनाने के लिए मार्गदर्शन दिया गया।

# अदिति को पहले प्रयास में मिले नेट जेआरएफ में 99.50 प्रतिशत अंक

## विद्यालय ने उनकी उपलब्धि पर किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** रणजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा सिसई की पूर्व छात्रा व कार्तिक उरांव आदिवासी विद्यालय सिसई के सेवानिवृत शिक्षक उदयचंद देवघरिया की पुत्री अदिति कुमारी ने यूजीसी नेट जेआरएफ की परीक्षा में 99.50% सर्वोच्च अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। इन्होंने पहली परीक्षा में ही सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर अपने माता पिता व विद्यालय के साथ साथ पूरे सिसई प्रखण्ड का नाम रोशन किया है। जो हर एक छात्र छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी है। इन्होंने कड़ी मेहनत और अपनी प्रतिभा के बदौलत ये मुकाम हासिल की है। इनका मानना है कि अभिभावक एवं गुरुजनों के दिखाए हुए मार्ग पर चलते हुए। कड़ी मेहनत और एकाग्रता से हर एक मुकाम को हासिल किया जा सकता है। अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों को देती है। अदिति कुमारी को विद्यालय के वंदना सभा में उनके इस उपलब्धि पर सम्मानित किया गया। साथ ही साइंस ओलंपियाड में जोनल लेवल पर गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले कक्षा अष्टम के भैया गौरव कुमार को गोल्ड मेडल का डिस्टिंक्शन तथा बहन शिवानी कुमारी को गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष अर्खितानंद देवघरिया ने उन्हें सम्मानित करते हुए कहा कि इस विद्यालय के भैया बहन हमेशा अपने क्षेत्र में आगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सुपुत्री जो यहां की पूर्व छात्रा रही हैं आज उड़ीसा में कृषि मंत्री के द्वारा कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित हुई हैं। मौके पर विद्यालय संरक्षक अरूण नारायण सिंह, उदयचंद देवघरिया एवं सभी आचार्य आचार्या ने इनकी उपलब्धि पर बधाई दिए। प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा ने कहा कि अदिति ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा से प्राप्त की है। और सन् 2018 में झारखंड एकेडमिक काउंसिल बोर्ड की परीक्षा में 79% अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई थी। इसके बाद उर्स लाइन इंटर कॉलेज रांची से इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की। रांची महिला महाविद्यालय से हिंदी प्रतिष्ठा में गोल्ड मेडलिस्ट रही है और वर्तमान में अभी रांची विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर हिंदी विभाग की द्वितीय वर्ष की छात्रा है ।वह अभी भी अपने विश्वविद्यालय की गोल्ड मेडलिस्ट है। यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करके इन्होंने अपने विद्यालय, महाविद्यालय, और अपने परिवार सहित पूरे सिसई प्रखंड को गौरवान्वित किया है।


## समादेष्टा का कार्यालय आई0आर0बी0-04, लातेहार

### -: वाहन मरम्मति संबंधि अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :-

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि, आई0आर0बी0–04, लातेहार के दुर्घटनाग्रस्त सरकारी वाहन संख्या– JH19A3331 टाटा 407 ट्रक खराब है जिसे मरम्मति करना आवश्यक है।

अतः इच्छुक मेसर्स दिनांक 15/03/2025 को समय–11:00 बजे तक सील बन्द लिफाफा में अपना निविदा परिवहन शाखा आई0आर0बी0–04, डालडा फैक्ट्री, लातेहार में समर्पित कर सकते है। निविदा दिनांक–15/03/2025 को समय–11:00 बजे निविदादाता के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जायगी। अनुमोदन के पश्चात किसी प्रकार का दावा मान्य नही होंगे।

निविदा की शर्तेः–

1. निविदा झारखण्ड मूल्य वार्धितकर अधिनियम–2005 के अन्तर्गत निबंधित हो।
2. प्रतिष्ठान का GST होना अनिवार्य है।
3. किसीभी परिस्थिति में अग्रिम राशि भुगतान नही किया जाएगा।
4. निविदा को संशोधित करने एवं बिना कोई कारण बताए निविदा को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
5. निविदादाता वाहन मरम्मति हेतु क्रय की जानेवाली वस्तुओं का दर सीलबन्द लिफाफा में उपलब्ध करायेंगे। प्रतिष्ठान का नाम पता, मोबाईल नं0 के साथ अंकित होगा।

नोट :– इन सभी शर्तो को पूरा नही करने वाले निविदादाता का निविदा मान्य नही होगा।

समादेष्टा
आई0आर0बी0–04, लातेहार

PR 347356 Police (24-25)_D

## कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा

### अति अल्पकालीन सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि कुडू बस स्टैण्ड में नव निर्मित दुकानों को खुले डाक से आवंटित किया जाना हैं। इच्छुक व्यक्ति जो उक्त दुकान किराये पर लेना चाहते है, निर्धारित जमानत की राशि का DDC-cum-CEO, Zila Parishad Lohardaga के पदनाम से निर्गत डी0डी0 के साथ आवेदन जमा कर सकते है।

| क्र0 सं0 | दुकान संख्या | दुकान का न्यूनतम मासिक किराया (प्रतिदुकान) | जमानत की राशि (प्रतिदुकान) | आवेदन करने की अंतिम तिथि | डाक की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 5,8,9,10,11,12,13,14,15 ,एवं 16 | 2055.00 | 20000.00 | 07.03.2025 | 08.03.2025 11:30 AM |

नियम एवं शर्त के लिए कार्यालय के सुचना पट्ट या लोहरदगा जिला के website www.Lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR 347382 Lohardaga(24-25)#D

## कार्यालय :- जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार

बालिका उच्च विद्यालय परिसर, लातेहार पिन कोड- 829206 ई-मेल आई. डी.
deolatehar1@gmail.com / rmsaltr@gmail.com

### आम–सूचना

एतद् को सूचित किया जाता है कि विभागीय अधिसूचना संख्या 434 दिनांक 01.03.2016, विभागीय आदेश संख्या 895 दिनांक 31.03.2022 एवं विभागीय संकल्प संख्या 1726 दिनांक 21.06.2022 एवं अन्य के आलोक में लातेहार जिलान्तर्गत स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा लगातार 24 वर्षो की सेवा पूर्ण करने के उपरान्त प्रवरण वेतनमान का लाभ हेतु द्वितीय सूची का प्रकाशन NIC के Website – www.latehar.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट में देखी जा सकती है।

अतः प्रवरण वेतनमान हेतु दावा प्रस्तुत करने वाले शिक्षकों /सेवा निवृत शिक्षक दिनांक 10.03.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक किसी प्रकार की त्रुटि/आपत्ति/साक्ष्याधारित दावा कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार में प्रस्तुत करेंगे। बिलम्ब से दावा प्रस्तुत करने वाले शिक्षकों का दावा अमान्य माना जायेगा।

पत्रांक ........................
दिनांक...........................

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
लातेहार

PR 347348 (Human Resource Developement)24-25*D

## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

### आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड शिक्षा परियोजना, परिषद, राँची के पत्रांक–2648 दिनांक–12.10.2022 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में जिले के 14 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय– गढ़वा, मेराल, डंडई, रमना, नगर उँटारी, धुरकी, भवनाथपुर, खरौन्धी, कांडी, मझिआंव, रंका, चिनियां, रमकण्डा, भण्डरिया एवं 5 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय– डण्डा, बरडीहा, केतार, बिशुनपुरा, सगमा तथा 01 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय रंका, गढ़वा में **(A) खाद्य–अखाद्य पदार्थ – पैकेज–1 (B) हरी सब्जी, मछली, चिकेन, दूध, पनीर इत्यादि– पैकेज–2 (C) पोशाक एवं अन्य वस्त्र– पैकेज 3 (D) स्टेशनरी इत्यादि– पैकेज 4** आपूर्ति हेतु संस्थाओं/प्रतिष्ठानों से विद्यालयवार निविदा द्विलिफाफा पद्धति आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदादाता निविदा–प्रपत्र दिनांक–01.03.2025 से 15.03.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक निर्धारित शुल्क– 1000/– (एक हजार) रू0 प्रति पैकेज की दर से डिमांड ड्राफ्ट (**Non-refundable**) (**"SAMAGRA SHIKSHA ABHIYAN GARHWA DEO-CUM-DPO"** के नाम से जारी तथा गढ़वा में भुगतेय होना चाहिए) एवं आवेदन जिला कार्यालय झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा में जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा–प्रपत्र में उल्लेखित सामग्री का तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग सीलबन्द लिफाफा में बन्द करते हुए एक बड़े लिफाफा में दिनांक–17.03.2025 के अपराह्न 04:30 बजे तक जिला कार्यालय में जमा किया जाना है।

क्रय समिति द्वारा दिनांक–18.03.2025 के पूर्वाह्न 11:30 बजे जिला कार्यालय– झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा में निविदा खोली जायेगी। निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन अथवा रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा सूचना जिले के आधिकारिक वेबसाईट– www.garhwa.nic.in पर भी उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

PR 347352 (Human Resource Developement)24-25*D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

अच्छी तथा बुरी, दोनों प्रकार की आदतों को शक्ति प्राप्त करने में समय लगता है। शक्तिशाली बुरी आदतों को उनकी विपरीत अच्छी आदतों द्वारा हटाया जा सकता है यदि अच्छी आदतों का धैर्यपूर्वक विकास किया जाए। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# ट्रंप के टैरिफ को खपत के हथियार से जवाब

भारतीय अर्थव्यवस्था की रिपोर्टों की फरवरी 2025 की बुलेटिन और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रिसर्च रिपोर्ट में एकमत से कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही के दौरान देश में आर्थिक गतिविधियों में तेजी के जोरदार संकेत विकास दर को बढ़ाने वाले सकारात्मक संदेश हैं। इन रिपोर्टों के अलावा, इन दिनों भारतीय बाजारों में मांग और खरीदारी तथा महंगाई विषय पर प्रकाशित हो रही रिपोर्टों में भी कहा जा रहा है कि सरकार के पूंजीगत खर्च बढ़ने, ग्रामीण मांग के साथ-साथ शहरी मांग में सुधार और महंगाई में कमी से अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। आरबीआई का कहना है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही के उच्च आवृत्ति संकेतक जैसे, वाहन की बिक्री, हवाई यातायात, इस्पात खपत आदि देश की गतिविधियों में छमाही आधार पर वृद्धि का संकेत दे रहे हैं और इन गतिविधियों में आगे भी तेजी की संभावना है। विकास के चार इंजन कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात को बढ़ावा देने को लेकर आगामी वर्ष 2025-26 बजट में किए उपायों से भारतीय अर्थव्यवस्था की मध्यम अवधि की विकास संभावनाओं को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। यह भी कहा गया है कि यद्यपि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मजबूती और व्यापार नीति से डॉलर मजबूत हो रहा है। इससे उभरती अर्थव्यवस्थाओं से पूंजी की निकासी बढ़ सकती है, लेकिन इन सबके बीच आर्थिक गतिविधियों की गति बरकरार रहने की उम्मीद है। कृषि क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन से ग्रामीण मांग को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में घोषित आयकर राहत के बीच मुद्रास्फीति में गिरावट के साथ खर्च योग्य आय में वृद्धि को देखते हुए शहरी मांग में भी बड़े सुधार की उम्मीद है। इसी तरह एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पास्परिक टैरिफ लगाने से निर्मित विपरीत वैश्विक आर्थिक हालात के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की नई मजबूत आर्थिक संभावनाएं हैं। ग्रामीण इलाकों में कृषि मजदूरी लगातार बढ़ रही है। ट्रैक्टरों की बिक्री और रबी फसलों की बुआई में तेजी आई है। देश भर में अक्तूबर से दिसंबर 2024 के बीच पूंजीगत खर्च तेजी से बढ़े हैं। ऐसे में जुलाई से सितंबर 2024 की तिमाही में जो विकास दर महज 5.4 फीसदी ही थी, वह अक्तूबर से दिसंबर 2024 के बीच बढ़कर 6.3 फीसदी अनुमानित है।एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.2 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है, जबकि एलएंडटी के अनुसार, यह वृद्धि दर 6.7 फीसदी रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 6.2 फीसदी वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। निस्संदेह देश में महंगाई दर घटने से भी विकास दर को गति मिल रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि जब इस समय दुनिया के कई देशों में महंगाई बेकाबू बनी हुई है, तब भारत में महंगाई घट रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलीना जॉर्जीवा ने स्वीकार किया है कि हम दुनिया में वर्ष 2024 तक महंगाई पर काबू पाने में कामयाब नहीं हुए हैं। इसलिए अब हम दुनिया में बढ़ती महंगाई को रोकने के लिए हरसंभव नए प्रयास करेंगे। ज्ञातव्य है कि भारत में जनवरी 2025 में खुदरा मुद्रास्फीति (सीपीआई) घटकर 4.3 फीसदी के स्तर पर आ गई है, जो पिछले पांच महीनों में सबसे निचला स्तर है।

*देश भर में अक्तूबर से दिसंबर 2024 के बीच पूंजीगत खर्च तेजी से बढ़े हैं।*

# शून्य भेदभाव दिवस : शून्य भेदभाव अभियान मिसाल नहीं, मशाल बने



दुनिया में भेदभाव की ऊंची-ऊंची दीवारों पर अमानवीयता, छूआछूत, अन्याय, शोषण, उत्पीड़न के काले अध्याय लिखे हैं, इनके खिलाफ़ लड़ाई के लिए बहुआयामी, उदार एवं मानवीय दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो मूल कारणों एवं जड़ों पर प्रहार करते हुए सामाजिक-राजनैतिक मानदंडों को चुनौती दे और पहचान के विभिन्न आयामों में समावेशिता और समानता को बढ़ावा दे। भेदभाव के विभिन्न रूपों के बारे में जागरूकता और समझ को बढ़ावा देकर, हम सभी के लिए एक अधिक न्यायपूर्ण और समतापूर्ण दुनिया बनाने की दिशा में काम कर सकते हैं। इसी उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा प्रत्येक वर्ष 1 मार्च शून्य भेदभाव दिवस मनाया जाता है, जो कोई प्रतीकात्मक उत्सव नहीं है, बल्कि सीमाओं, संस्कृतियों और समुदायों के बीच समानता की एक शक्तिशाली घोषणा है, इसे मिसाल नहीं, मशाल बनाना होगा। यह निष्पक्षता, समानता और सभी के लिए सम्मान के लिए लड़ने की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शून्य भेदभाव दिवस-2025 की थीम है 'हम एक साथ खड़े हैं।' इसके द्वारा जातिवाद, रंगवाद, नस्लवाद, भाषावाद आदि विषमता एवं विसंगतिमूलक व्यवस्थाओं एवं सोच की जड़े हिलाई गयी है। दुनियाभर में इस क्रांतिकारी अभियान का मुक्तभाव से स्वागत हो रहा है।

इक्कीसवी सदी का आदमी हवा में उड़ने लगा है, चांद पर चहलकदमी करने लगा है, ग्रह-नक्षत्रों की दुनिया में झांकने लगा है, यंत्र मानव का निर्माण करने लगा है, अपनी अधिकांश समस्याओं का समाधान कम्प्यूटर-कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) से पाने लगा है, लेकिन इंसान इंसान के बीच के भेदभाव को मिटाने की दिशा में अभी भी यथोचित सफलता नहीं मिली है। यही कारण है कि नस्लीय, लैंगिक, जातीय, भाषायी भेदभाव खड़े हैं। नस्लीय भेदभाव एक गहरा मुद्दा बना हुआ है जो अल्पसंख्यक समूहों को प्रभावित करता है। रूढ़िवादिता, पूर्वाग्रह और प्रणालीगत नस्लवाद असमान अवसरों, संसाधनों तक सीमित पहुंच और शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवा में व्यापक असमानताओं का बड़ा कारण हैं। इसी तरह लैंगिक पूर्वाग्रह और रूढ़िवादिता भेदभाव को बढ़ावा देती है, जिससे महिलाओं को अक्सर वेतन में अंतर, सीमित करियर उन्नति और सामाजिक अपेक्षाओं का सामना करना पड़ता है जो उन्हें पारंपरिक भूमिकाओं तक सीमित कर देती हैं, जिससे उनकी स्वतंत्रता और क्षमता सीमित हो जाती है। उम्र के आधार पर भेदभाव युवा और बुजुर्ग दोनों को प्रभावित करता है। विभिन्न अध्ययनों और रिपोर्टों से वैश्विक स्तर पर संस्कृतियों एवं समाजों में भेदभाव के बारे में चिंताजनक आंकड़े मिलते है। भेदभाव के दुष्परिणाम व्यक्तिगत अनुभवों से कहीं आगे तक फैले हुए हैं, जो पूरे समुदाय को नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। भेदभाव सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को बढ़ावा देता है, जिससे पीढ़ियों तक नुकसान का चक्र चलता रहता है। जैसे-जैसे शून्य भेदभाव दिवस आंदोलन ने गति पकड़ी, भेदभाव के खिलाफ लड़ाई में मील के पत्थर हासिल होते गए, जिससे अधिक समावेशी भविष्य की उम्मीद जगी है।

आज की बात



**ललित गर्ग**

महात्मा गांधी ने भारत में भेदभाव, ऊंच-नीच, छूआछूत की अमानवीता को न केवल धोया, बल्कि एक अधिक समानता एवं समतापूर्ण आदर्श-समाज व्यवस्था की नींव रखी। अगर गांधी ने अछूतोद्धार आन्दोलन नहीं चलाया होता, उनके कल्याण के लिए संघर्ष नहीं किया होता, उनकी बस्ती मे उनके साथ जाकर नहीं रहे होते तो ये हरिजन आज हीन एवं दीन ही बने रहते। जब गांधी के गुजरात का प्रमुख शहर, हीरों का विश्वभर में निर्यात करने वाला सूरत गन्दगी से सड़कर "प्लेग" से जूझ रहा था, तब देश के सबसे बड़े प्रान्त उत्तर प्रदेश में आन्दोलनकारियों पर गोली चलाई गई। जिसने राजघाट में सोयी उस आत्मा को पीड़ा से भर दिया। गांधी ने एक मुट्ठी भर नमक उठाया और करोड़ों लोगों ने मुट्ठियां तान दी थीं। चर्खे पर खादी का धागा काता और विदेशी कपड़ों की होली हर चौराहे पर जला दी। "करो या मरो" का नारा दिया और कितने ही वकील, डॉक्टर, अध्यापक, व्यापारी अपना पेशा छोड़कर मैदान में कूद पड़े। ऐसा चरित्र आज कहां? उनका व्यक्तित्व सुन्दर चमड़ी का नहीं था, उनकी छवि विदेशी कपड़ों से नहीं थी, उनके विचार आयात किए हुए नहीं थे। एक दुबला, पतला, लंगोटीधारी, जो भारत की धरती के लोगों के हृदय की भाषा बोलता था और इंसान इंसान को बांटने वाली हर दीवार को और हर भेदभाव को मिटाता चला गया। आज तो नेता समस्याओं को सड़ा रहे हैं-- समाधान नहीं दे रहे हैं। लोगों का विश्वास टूट रहा है।

भेदभाव के खिलाफ लड़ाई गांधी जैसे अनेक विश्व व्यक्तित्वों के अथक प्रयासों से प्रेरित हैं, जिनकी न्याय और समानता के प्रति प्रतिबद्धता ने वैश्विक मंच पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने, हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए आवाज़ उठाने और बदलाव को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसी ही एक प्रतिष्ठित हस्ती हैं नेल्सन मंडेला, जिनकी दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद को खत्म करने के लिए आजीवन प्रतिबद्धता उत्पीड़न के खिलाफ़ लचीलेपन का प्रतीक है। लड़कियों की शिक्षा के लिए निडर योद्धा मलाला यूसुफजई तालिबान द्वारा हत्या के प्रयास से बचने के बाद एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में उभरीं। सभी के लिए शिक्षा के प्रति मलाला के अटूट समर्पण और लैंगिक समानता के लिए उनके अथक प्रयास ने उन्हें 17 साल की उम्र में नोबेल शांति पुरस्कार दिलाया, जिससे वह इतिहास में सबसे कम उम्र की पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में से एक बन गईं। हार्वे मिल्क ने पहले खुले तौर पर समलैंगिक सार्वजनिक अधिकारी के रूप में कैलिफोर्निया में समलैंगिकों के अधिकारों की व्यापक दृश्यता और स्वीकृति का मार्ग प्रशस्त किया। मिल्क की साहसी सक्रियता ने समलैंगिक अधिकार आंदोलन के शुरुआती चरणों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रूथ बेडर गिन्सबर्ग, एक अग्रणी कानूनी विद्वान और सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश, ने अपना करियर लैंगिक भेदभाव से लड़ने के लिए समर्पित कर दिया। उनके अभूतपूर्व काम और ऐतिहासिक कानूनी फैसलों ने महिलाओं के अधिकारों को गहराई से प्रभावित किया है और कानूनी परिदृश्य को आकार देना जारी रखा है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर के नागरिक अधिकारों की खोज से लेकर मैल्कम एक्स की नस्लीय न्याय की वकालत और एम्मा गोंजालेज की बंदूक हिंसा के खिलाफ सक्रियता से लेकर ग्रेटा थनबर्ग की जलवायु न्याय की लड़ाई तक, प्रत्येक व्यक्ति ने एक स्थायी विरासत छोड़ी है।

शिक्षा और जागरूकता भेदभाव से निपटने की नींव बनाती है, जो समझ को बढ़ावा देने और गहराई से जड़ जमाए हुए पूर्वाग्रहों को खत्म करने में महत्वपूर्ण है। समाज विभिन्न शैक्षिक स्तरों पर समावेशी पाठ्यक्रम को एकीकृत करके रूढ़िवादिता को चुनौती दे सकता है और सहानुभूति को बढ़ावा दे सकता है। भेदभाव से निपटने के लिए कानूनी और नीतिगत विकास महत्वपूर्ण प्रगति के साथ अधिक समावेशी समाज बनाने के लिए वैश्विक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। दुनिया भर की सरकारें और संगठन व्यक्तियों को भेदभाव से बचाने के लिए मजबूत कानून की आवश्यकता को महसूस करते हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# शेयर बाजार के फुग्गे से तेजी से निकल रही हवा

भारतीय शेयर बाजार में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। फरवरी माह के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को लगभग 1000 अंकों की गिरावट के साथ मुंबई स्टॉक एक्सचेंज में कारोबार हो रहा था। वहीं निफ्टी में भी 327 अंकों से ज्यादा की गिरावट पर कारोबार हो रहा था। पिछले 5 महीने से शेयर बाजार में लगातार गिरावट बनी हुई है। पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीयकृत बैंकों, भारतीय जीवन बीमा निगम, म्युचुअल फंड, पेंशन फंड एवं अन्य शासकीय वित्तीय संगठन द्वारा बड़े पैमाने पर शेयर बाजार में निवेश किया गया है। शेयर बाजार में शेयर की पूंजी को ओवर वैल्यू करके पिछले कुछ वर्षों में भारी मुनाफाखोरी शेयर बाजार के माध्यम से हुई है। शेयर बाजार में प्रीमियम शेयर कारोबार की बयार बह रही थी। 10 रूपये का शेयर महंगे दामों पर निवेशकों को बेचा जा रहा था। भारतीय शेयर बाजार को सरकारी नीतियों ने इस स्तर पर लाकर खड़ा कर दिया है। इसको बचा पाना सरकार के लिए भी बड़ा मुश्किल है। वर्ष 2025 में शेयर बाजार में तेजी की कोई भी संभावना नहीं है। 2025 मे शेयर बाजार में निरंतर गिरावट और बिकवाली बनी रहेगी। आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है, कि शेयर बाजार मे कंपनियों का मार्केट वास्तविक वैल्यू से 90 गुना ज्यादा है। ऐसी स्थिति में शेयर बाजार की गिरावट को रोक पाना किसी के बस की बात नहीं है। वर्तमान में कंपनियों की अनुमानित आय और शेयर के वास्तविक मूल्य से लगभग 20 गुना ज्यादा है। शेयर बाजार में मिड कैप और छोटे शेयरों का वैल्यूएशन भी वास्तविक स्थिति से कई गुना ज्यादा है। पिछले कुछ वर्षों में शेयर बाजार को कृत्रिम तरीके से बढ़ाया गया है। अब वह उसी तेजी के साथ नीचे गिरता हुआ नजर आ रहा है। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान छोटे एवं मध्यम निवेशकों को हो रहा है। इसके साथ ही भारत के राष्ट्रीयकृत बैंक तथा सरकारी वित्तीय संस्थाएं, जिन्होंने सरकार के दबाव में शेयर बाजार में अपने निवेश को बढ़ाकर, शेयर बाजार की कृत्रिम कमाई से अपनी बैलेंस शीट में भारी मुनाफा, पिछले वर्षों में कमाया था। वह शेयर बाजार की इस गिरावट से, सबसे ज्यादा नुकसान बैंकों और सरकारी वित्तीय संस्थानों को हो रहा है। बैंकों द्वारा पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से बड़े-बड़े उद्योगपतियों को कर्ज दिया गया है। कर्ज वसूल ना होने पर नॉन परफॉर्मिंग असेट मे डालकर बड़े-बड़े पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाया गया है। उसके कारण भारतीय बैंकों और भारतीय जीवन बीमा निगम की आर्थिक स्थिति शेयर बाजार के गिरने से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही है। शेयर बाजार की इस गिरावट से बैंकों में जमा पैसा आम नागरिकों का सुरक्षित रहेगा, या नहीं, इसको लेकर चर्चा होने लगी है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**सनत जैन**

# हवा में उड़ते सपनों की टूटी कुर्सी!

जब किसान खेतों में पसीना बहा रहे हों, युवा नौकरी की तलाश में दर-दर भटक रहे हों, और आम आदमी महंगाई से की मार झेल रहा हो, तब एयर इंडिया की टूटी सीट पर बैठने का दर्द किसी लग्जरी समस्या जैसा लगेगा। लेकिन यह केवल एक कुर्सी का मामला नहीं है, यह उस व्यवस्था की पोल खोलता है जहाँ आम नागरिक की जेब से पूरे पैसे तो ऐंठ लिए जाते हैं, पर बदले में उसे सुविधाओं के नाम पर सिर्फ झुनझुना थमा दिया जाता है। एयर इंडिया, जिसे टाटा समूह ने संभाला, उससे उम्मीद थी कि 'महाराजा' का वैभव लौटेगा। पर हकीकत वही ढाक के तीन पात। महाराजा तो अब भी है, मगर लगता है, राजमहल की कर्सियाँ अब खटारा हो चुकी हैं। सीटें धंसी हुई, हिलती हुई, और यात्रियों की रीढ़ की हड्डी की परीक्षा ले रही हैं! अब यह नया एयर इंडिया है या वही पुरानी सरकारी अकर्मण्यता की उड़ान, जो अब भी यात्रियों के धैर्य पर प्रयोग कर रही है? ये सवाल उठाना लाजिमी है, क्योंकि केंद्रीय कृषिमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जो समस्या उठाई। वह काफ़ी ज्वलंत और पीड़ादायक है।

आपकी बात



**सोनम लववंशी**

आज हवाई यात्रा अब सुविधा नहीं, बल्कि एक 'संघर्ष' बन चुकी है। यात्रियों से मनचाही कीमत वसूलने के बावजूद सुविधाओं के नाम पर झुनझुना थमा दिया जाता है। कभी फ्लाइट लेट होने के नाम पर यात्री फँसते हैं, कभी अनावश्यक शुल्क के जाल में, और कभी टूटी-फूटी सीटों पर बैठने की मजबूरी में। सवाल यह नहीं कि एक सीट खराब थी, सवाल यह है कि जब प्रबंधन को इसकी जानकारी थी, तो टिकट क्यों बेचा गया? फ्लाइट में बैठते ही 'फास्टन सीट बेल्ट' की घोषणा होती है, लेकिन अगर सीट ही टूटी हो, तो बेल्ट बाँधकर यात्री किस सुरक्षित यात्रा की उम्मीद करें? यह सिर्फ एक यात्री की शिकायत नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का प्रमाण है जहाँ ग्राहक को केवल 'संख्या' माना जाता है-जिससे पैसा लिया जाए और फिर भुला दिया जाए। एयरलाइंस की जवाबदेही तय करने वाला कोई तंत्र नहीं, इसलिए यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठाना उनका नया व्यावसायिक मॉडल बन गया है। क्या एयर इंडिया की नई व्यवस्था इस सोच को बदलेगी? सवाल उठता है कि टाटा, जिसे गुणवत्ता और भरोसे का पर्याय माना जाता है, क्या वह इस सेवा को अपनी साख के अनुरूप बना पाएगा? एयर इंडिया को खरीद लेना एक बात है, लेकिन उसे वाकई 'महाराजा' बनाना दूसरी। यात्रियों को सम्मान देना प्राथमिकता होगी, या फिर बस मुनाफे का खेल ही चलता रहेगा? यात्रा के पहले किराया तय नहीं, यात्रा के बाद शिकायतों का निवारण नहीं, और यात्रा के दौरान सुविधाओं की कोई गारंटी नहीं—क्या यही वह हवाई क्रांति है, जिसका वादा किया गया था? देश की सरकार जब 'उड़ान' योजना के तहत आम आदमी को हवाई सफर का सपना दिखाती है, तो यह क्यों नहीं बताती कि यह सफर कितना कठिन और अपमानजनक भी हो सकता है? हर उड़ान में यात्रियों से हजारों रुपये वसूले जाते हैं, लेकिन बदले में उन्हें क्या मिलता है? लेट उड़ान, खराब सीटें, खराब खाना, और ऊपर से यह अहसान कि उन्हें 'हवाई सफर' का मौका दिया जा रहा है। क्या यही उपभोक्ता अधिकार हैं? अगर भारतीय रेलवे बिना कन्फर्म टिकट के यात्रा नहीं करने देती, तो विमान कंपनियों को क्यों छूट मिलती है कि वे खराब सीटों के टिकट बेच सकें?

फ्लेक्सी फेयर के नाम पर किराया दिन में तीन बार बदल जाता है, कभी आसमान छूता है तो कभी धरातल पर आता है, लेकिन सुविधाओं के नाम कुछ नहीं होता! अब भला यह कैसी व्यापार नीति है कि पहले किराए की नीलामी करो और फिर यात्रियों को टूटी कुर्सियों पर बिठाकर कहो, स्वागत है! क्या यही 'विमानन क्रांति' है? यह अकेली एयर इंडिया की समस्या नहीं है। देशभर में हवाई यात्रा अब सुविधा नहीं, बल्कि ठगी का पर्याय बन गई है। हर यात्री किसी न किसी तरह इस खेल का शिकार बन रहा है-कभी फ्लाइट लेट होने पर, कभी बेवजह के चार्ज जोड़कर, कभी सीटों के साथ लॉटरी खेलकर। उड़ान योजना के नाम पर आम आदमी को हवाई यात्रा का सपना दिखाया गया, पर वह यह क्यों नहीं बताते कि यह यात्रा कितनी अपमानजनक हो सकती है? क्या सरकार ने 'उड़ान' योजना इसलिए चलाई थी कि लोग हवा में ही अपनी तकदीर की ठगी होते देखें? ऐसे में अब वक्त आ गया है कि इस लूटखसोट को बंद किया जाए। यात्रियों की जेब से पैसे निकालकर बदले में दर्द और असुविधा देना किस प्रकार की व्यावसायिक नैतिकता है? क्या टाटा इसे अपनी प्रतिष्ठा का सवाल बनाएगा, या फिर यात्रियों को टूटी कुर्सियों पर ही 'एडजस्ट' करने की सलाह दी जाएगी?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

जंगल था, जंगल रहा, जीवन का एहसास।
यूँ कहने को पास है, शब्दों का इतिहास।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# क्रूरता का रूप ले रही रैगिंग पर नियंत्रण जरूरी

भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों में वर्षों से रैगिंग एक गंभीर बदमाशी और उत्पीड़न की समस्या रही है, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर मनोवैज्ञानिक आघात, आत्महत्या और यहाँ तक कि हत्या जैसे हिंसक अपराध भी होते हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और 2009 से यूजीसी के एंटी-रैगिंग नियमों के बावजूद घटनाएँ जारी हैं। 2012 और 2023 के बीच रैगिंग के कारण 78 छात्रों की मौत इस समस्या के भयावह चेहरे को सामने रखती है। भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों में मुख्य रूप से सामाजिक-सांस्कृतिक कारकों की वजह से रैगिंग होती है। भारतीय सामाजिक संरचनाओं द्वारा सुदृढ़ कठोर पदानुक्रम में वरिष्ठ छात्र कनिष्ठों पर अपना प्रभुत्व जताते हैं। यह इंजीनियरिंग कॉलेजों में शक्ति-आधारित सामाजिक व्यवस्था को मज़बूत करता है जब वरिष्ठ जूनियर से अपमानजनक कार्य करवाते हैं। आक्रामकता का महिमामंडन करने वाली अति-पुरुषवादी संस्कृति छात्रों को रैगिंग की परंपराओं का पालन करने के लिए मजबूर करती है। मेडिकल संस्थानों में छात्रों को "लचीला बनाने" के नाम पर धीरज-आधारित असाइनमेंट पूरा करने के लिए मजबूर किया जाता है। कई उच्च शिक्षा संस्थान अत्यधिक हिंसा होने तक हस्तक्षेप को हतोत्साहित करते हैं क्योंकि वे रैगिंग को दीक्षा अनुष्ठान की तरह देखते हैं। साल 2023 में जादवपुर विश्वविद्यालय में रैगिंग को "बॉन्डिंग प्रक्रिया" के रूप में लिखा गया था, जिसके परिणामस्वरूप एक छात्र की असामयिक मृत्यु हो गई। प्रतिशोध का डर, प्रभावी गवाह सुरक्षा की कमी और सामाजिक कलंक, पीड़ितों को रैगिंग की रिपोर्ट करने से अनिच्छुक बनाते हैं।

रैगिंग को प्रभावी ढंग से खत्म करने के लिए सख्त और त्वरित दंड आवश्यक है। संभावित रैगर्स को हतोत्साहित करने के लिए सुनिश्चित करें कि तत्काल निष्कासन, कानूनी मुकदमा और उसे ब्लैकलिस्ट करने जैसी कार्रवाई की जाए। खुली निगरानी के साथ एक निजी ऑनलाइन शिकायत पोर्टल स्थापित करने की जरूरत है। पारदर्शी जवाबदेही के साथ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग हेल्पलाइन का नया संस्करण आवश्यक है क्योंकि वर्तमान हेल्पलाइन पर्याप्त तेज़ी से प्रतिक्रिया नहीं देती है। अनिवार्य कार्यशालाओं, संवेदनशीलता अभियानों और मेंटरशिप कार्यक्रमों को लागू करके सकारात्मक वरिष्ठ-जूनियर सम्बंधों को प्रोत्साहित करें। एम्स दिल्ली रैगिंग के मामलों को नियंत्रित रखता है और नए छात्रों को परामर्श सत्र देकर एक सहायक संस्कृति को बढ़ावा देता है। संभावित मुद्दों को अधिक गंभीर होने से पहले पहचानने के लिए व्यवहार ट्रैकिंग, सरप्राइज चेक और छात्रावासों में सीसीटीवी लगाने का उपयोग करें। आईआईटी मद्रास ने सीसीटीवी निगरानी और छात्र प्रोफ़ाइलिंग का उपयोग करके रैगिंग की घटनाओं की संख्या में उल्लेखनीय कमी की है। रैगिंग की समस्या का कोई एकल, सार्वभौमिक रूप से लागू समाधान नहीं है। शैक्षणिक संस्थानों, छात्रों और बड़े पैमाने पर समाज के लिए एक सुरक्षित और देखभाल करने वाला वातावरण स्थापित करने के लिए मिलकर काम करना महत्त्वपूर्ण है। रैगिंग ख़त्म करने के लिए बहुआयामी रणनीति, कठोर कानूनी सुरक्षा और त्वरित दंडात्मक कार्रवाई की जरूरत है। संस्थागत जवाबदेही और प्रौद्योगिकी-संचालित निगरानी यह गारंटी देगी कि उच्च शिक्षा संस्थान भय के बजाय सुरक्षा, समावेशिता और समग्र विकास के स्थान हैं। यूजीसी को उन संस्थानों के खिलाफ खंड 9.4 का उपयोग करना चाहिए जो इससे संबंधित नियमों का कड़ाई से पालन नहीं करते। अपराधियों को कड़ी सज़ा मिले, इसकी गारंटी के लिए फास्ट-ट्रैक ट्रायल और पुलिस सत्यापन ज़रूरी है। छात्रावासों में सीसीटीवी लगाए जाने चाहिए जो एआई-आधारित चेहरे की पहचान का उपयोग करते हैं। पीड़ितों की सुरक्षा के लिए एक डिजिटल आईडी-आधारित ट्रैकिंग सिस्टम लागू किया जाना चाहिए। मनोवैज्ञानिक परामर्श और एंटी-रैगिंग कार्यशालाओं को लागू करना अनिवार्य होना चाहिए। छात्र मेंटरशिप कार्यक्रमों द्वारा एक समावेशी संस्कृति को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। यूजीसी हेल्पलाइन की प्रतिक्रिया समय और पहुँच में सुधार की आवश्यकता है। ऐसे डिजिटल शिकायत पोर्टल होने चाहिए जो गुमनाम हों और सीधे पुलिस अलर्ट प्रदान करें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**प्रियंका सौरभ**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# भारत की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है 'महाकुंभ', देखकर पूरी दुनिया दंग : गिरिराज

**पटना (आईएएनएस)**

दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक पर्व 'महाकुंभ' का 26 फरवरी को समापन हो गया। केंद्रीय टेक्सटाइल मंत्री गिरिराज सिंह शुक्रवार को कहा कि 'महाकुंभ' भारत की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है जिसे देखकर पूरी दुनिया दंग है। 'महाकुंभ' समापन पर पीएम मोदी ने एक ब्लॉग लिखा था। इसे कोट करते हुए केंद्रीय मंत्री ने आईएएनएस से कहा, "पीएम मोदी की जो सोच है, वही महाकुंभ में देखने को मिली। महाकुंभ में बहुत अधिक संख्या में लोग गए, आंकड़ों के मुताबिक 65 करोड़ से अधिक लोगों ने एक जगह पर स्नान किया। महाकुंभ में गंदगी नहीं दिखी, प्रशासन ने अच्छी व्यवस्था की थी। पुलिस ने सहयोगात्मक व्यवहार किया। मुख्यमंत्री योगी ने खुद वहां जाकर व्यवस्था देखी। महाकुंभ भारतीय सांस्कृतिक एकता का ऐसा प्रतीक बन गया जिसे देख पूरी दुनिया दंग है।

कपड़ा मंत्री ने एक ऐतिहासिक घटना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, "अंग्रेजों के राज में एक बार महाकुंभ के आयोजन में ट्रेनों और बसों की सुविधा बंद कर दी गई थी। इसके बावजूद अधिक संख्या में श्रद्धालु इकट्ठे हुए, जिसे देखकर अंग्रेज दंग हो गए थे। अंग्रेजों ने मालवीय जी से पूछा कि उन्होंने इतनी भीड़ एकत्रित करने के लिए कितने रुपए खर्च किए, जिस पर उन्होंने जवाब दिया, दो पैसा। दरअसल उस समय दो पैसे में पंचांग आते थे, जो हर घर में पाया जाता था और इसके जरिए ही लोगों को पता चलता था। महाकुंभ के लिए लोगों को बुलाया नहीं जाता, लोग स्वयं आते हैं। ऐसे में उस समय महाकुंभ के आयोजन को देखकर अंग्रेज दंग हुए थे और आज पूरी दुनिया दंग है। कई विदेशी इस पर रिसर्च करने के लिए भी आए। गिरिराज ने महाकुंभ आयोजन की आलोचना करने पर विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, "जिसके मन में जो आया, वो बोला। तुलसीदास की एक पंक्ति है "जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी" ऐसे में जिसकी जैसी भावना है, वो वैसा देखेगा। कोई आधा गिलास भरा हुआ पानी देखता है तो कोई आधा गिलास खाली पानी देखता है। सीएम योगी ने इस पर यूपी विधानसभा में विस्तार से जवाब दिया है।



# योगी सरकार यूपी के सभी 75 जिलों में पहुंचाएगी गंगाजल

**प्रयागराज (आईएएनएस)**

अग्निशमन तथा आपात सेवा ने प्रदेश के सभी 75 जनपदों में संगम का जल पहुंचाने की नायाब पहल की है। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि जो लोग किन्हीं कारणों से महाकुंभ में स्नान करने नहीं आ पाए हैं, उनके लिए सरकार संगम का जल भिजवाएगी। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप अब अग्निशमन तथा आपात सेवा ने यह बीड़ा उठाया है। अग्निशमन तथा आपात सेवा की अपर पुलिस महानिदेशक पद्मजा चौहान ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) प्रमोद शर्मा को निर्देश दिए हैं कि सभी 75 जनपदों से आए फायर टेंडर के माध्यम से संगम का जल भिजवाया जाए। शुक्रवार से जनपदों से आए फायर टेंडर लौटना शुरू होंगे और उन सभी में संगम का जल भेजा जाएगा, ताकि लोग संगम के जल से घर पर स्नान कर पुण्य अर्जित कर सकें।

यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप एक अनोखी पहल है जिसके तहत किसी कारण से कुंभ न आ पाने वाले श्रद्धालुओं को भी जल मिलेगा। ज्ञात हो कि महाकुंभ में इस बार 66 करोड़ से भी अधिक श्रद्धालुओं ने प्रयागराज में आकर आस्था की डुबकी लगाई थी। महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक संपन्न हुआ था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार सुबह महाकुंभ 2025 की औपचारिक पूर्णाहुति के लिए प्रयागराज पहुंचे थे।

## इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला

# संभल में जामा मस्जिद की नहीं होगी रंगाई-पुताई

**संभल (आईएएनएस)**



संभल की जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई के मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला आया है। हाई कोर्ट ने मस्जिद की रंगाई-पुताई करने की इजाजत देने से इनकार कर दिया है। जामा मस्जिद मामले में मुस्लिम पक्ष ने रंगाई-पुताई की मांग की थी। दरअसल, मस्जिद कमेटी की तरफ से इलाहाबाद हाई कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई थी। इस याचिका में उन्होंने मस्जिद में रंगाई-पुताई कराने की इजाजत मांगी थी, जिस पर हाई कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से रिपोर्ट पेश करने को कहा था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने शुक्रवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट में अपनी रिपोर्ट पेश की, जिसमें कहा गया कि मस्जिद की पेंटिंग स्थिति में कोई सुधार की आवश्यकता नहीं है। इसके बाद कोर्ट ने एएसआई की निगरानी में मस्जिद की सफाई कराने का आदेश दिया। हालांकि, मस्जिद कमेटी को इस रिपोर्ट पर आपत्ति दाखिल करने के लिए 4 मार्च 2025 तक का समय दिया गया है। साथ ही इलाहाबाद हाई कोर्ट इस मामले में 4 मार्च को फिर से सुनवाई करेगा।

वहीं, इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के बाद संभल की शाही जामा मस्जिद के बाहर आरआरएफ, पीएसी और यूपी पुलिस को तैनात कर दिया गया है।

# फॉरेंसिक विज्ञान तंत्र मजबूत करने को हो रहा काम : मुर्मू

## राष्ट्रपति राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विवि के दीक्षांत समारोह में हुईं शामिल

**गांधीनगर/अहमदाबाद (हि.स.)**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की अध्यक्षता में शुक्रवार को राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) गांधीनगर का तीसरा दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी उपस्थित रहे। राष्ट्रपति ने दीक्षांत समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों के 1,562 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की। इनमें 12 छात्रों को डॉक्टरेट ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी), एक छात्र को डॉक्टरेट ऑफ लॉ (एलएलडी) और अन्य छात्रों को डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर और स्नातकोत्तर डिप्लोमा की डिग्री प्रदान की गई। इसके अलावा, प्रतिभाशाली छात्रों को राष्ट्रपति द्वारा स्वर्ण पदक भी प्रदान किये गये। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दीक्षांत समारोह में स्नातक छात्रों को बधाई दी। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने में सफल रहे छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आइये हम सभी एक संवेदनशील न्याय प्रणाली पर आधारित विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हों। राष्ट्रपति ने कहा कि आज दुनिया भर में फोरेंसिक विज्ञान का महत्व बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज 15 देशों के 70 से अधिक छात्रों को इस विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय से डिग्री भी मिली हैं। इतना ही नहीं, इस विश्वविद्यालय ने सिविल सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, वित्त, बैंकिंग, न्यायपालिका समेत महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लगभग 30,000 अधिकारियों को प्रशिक्षित भी किया है। अपराधियों पर नियंत्रण तथा हाशिए पर पड़े नागरिकों के लिए त्वरित एवं सुलभ न्याय सुनिश्चित करने में फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय की भूमिका महत्वपूर्ण है।

### निष्पक्ष न्याय आपका लक्ष्य होना चाहिए

राष्ट्रपति ने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से त्वरित और सुलभ न्याय प्रक्रिया के लिए अपने ज्ञान का उचित उपयोग करें। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और त्वरित न्याय आपका लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक जुलाई 2024 भारत के इतिहास में बहुत महत्वपूर्ण दिन था। इस दिन दंड के बजाय न्याय पर आधारित तीन नए कानून लागू किए गए। इनमें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय न्यायिक संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में सजा सात वर्ष या उससे अधिक है, उनमें अपराध की जांच फोरेंसिक विशेषज्ञों से कराना अनिवार्य करने से इस क्षेत्र के विशेषज्ञों की तत्काल आवश्यकता पैदा होगी। यह आवश्यकता राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय गांधीनगर के माध्यम से पूरी की जाएगी।

# घायल नीलम शिंदे के परिवार को तुरंत मिला अमेरिकी का वीजा

**एजेंसी। मुंबई**



अमेरिका में सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुईं भारतीय छात्रा नीलम शिंदे के परिवार वालों को अमेरिका जाने के लिए वीजा मिल गया है। नीलम के परिवार को वीजा मिलने पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर का आभार व्यक्त किया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने विदेश मंत्री जयशंकर, मुंबई में स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास और विदेश मंत्रालय के आधिकारिक एक्स हैंडल 'मदद' को टैग करते हुए आभार जताया।

सुप्रिया सुले ने लिखा, "तानाजी शिंदे के लिए वीजा हासिल करने में त्वरित मदद के लिए आभारी हूं, जिससे वे इस महत्वपूर्ण समय में अमेरिका में अस्पताल में भर्ती अपनी बेटी नीलम शिंदे के साथ रह सकें। विदेश मंत्री जयशंकर, अमेरिकी वाणिज्य दूतावास और विदेश मंत्रालय आपकी मदद के लिए धन्यवाद।" महाराष्ट्र के सतारा जिले की रहने वाली नीलम तानाजी शिंदे कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी की छात्रा हैं। अमेरिका में पढ़ाई कर रही भारतीय छात्रा नीलम शिंदे 14 फरवरी को सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई थीं। इस हादसे में उनके सिर और पैरों में गंभीर चोट आई और ब्लड लॉस की वजह से उनकी स्थिति गंभीर हो गई। नीलम फिलहाल कैलिफोर्निया के एक अस्पताल के आईसीयू में कोमा में हैं। नीलम के परिवार ने भारत सरकार से वीजा प्राप्त करने के लिए मदद की गुहार लगाई थी, ताकि वे अपनी बेटी के इलाज के लिए अमेरिका जा सकें। डॉक्टरों को ऑपरेशन के लिए नीलम के परिवार के किसी सदस्य की अनुमति की आवश्यकता थी। शुरुआत में नीलम के पिता तानाजी को अमेरिकी वीजा प्राप्त करने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उन्होंने वीजा के लिए लगातार कोशिश की, लेकिन ऑनलाइन प्रक्रिया इतनी जटिल थी कि एक हफ्ते तक कोई स्लॉट नहीं मिल सका। हालांकि, महाराष्ट्र सरकार के हस्तक्षेप के बाद परिवार को अमेरिकी काउंसलेट से वीजा मिल गया है।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# भोपाल में कांग्रेस ने मौत बांटी थी : मोहन यादव

**भोपाल (आईएएनएस)**



मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में लगभग चार दशक पहले हुए यूनियन कार्बाइड हादसे के बाद जमा रासायनिक कचरे को पीथमपुर में जलाया जा रहा है। इस पर कांग्रेस की ओर से उठाए जा रहे सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि भोपाल में कांग्रेस ने मौत बांटी थी।

भोपाल के यूनियन कार्बाइड में जमा कचरे को कंटेनरों से धार जिले के पीथमपुर स्थित रामकी कंपनी में भेजा गया है। न्यायालय से मिले निर्देश के आधार पर शुक्रवार से कचरा जलाने का सिलसिला शुरू हो रहा है। इसके लिए एक प्रक्रिया तय की गई है, जिसके तहत कचरा जलाया जा रहा है। कांग्रेस का आरोप है कि इस कचरे के जलाए जाने से गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा है। कांग्रेस के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी की जितनी समझ है, वह अपना काम कर रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश मिले हैं। जहां तक भोपाल हादसे की बात है तो कांग्रेस ने भोपाल में मौत बांटी थी।

# बिहार में राजग सरकार बनने के बाद शिक्षा स्वास्थ्य से लेकर हर क्षेत्र में काम हुआ : राज्यपाल

**पटना (हि.स.)**

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र शुक्रवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। राज्यपाल ने राज्य सरकार के विकास कार्यों और आने वाले समय में सरकार की योजनाओं को सदन में क्रम से रखा। उन्होंने कहा कि बिहार में 2005 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनने के बाद से शिक्षा-स्वास्थ्य से लेकर हर क्षेत्र में काम हुआ है।

राज्यपाल ने कहा कि नई सरकार बनने के बाद से ही राज्य में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में काफी विकास हुआ है। राज्य में बड़ी संख्या में सड़कों और पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया। सरकार ने बिहार में महिला सशक्तीकरण पर विशेष जोड़ दिया है। पंचायती राज, नगर निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। पहले बिहार में स्वयं सहायता समूहों की संख्या काफी कम थी। अब समूहों की संख्या 10 लाख 63 हजार हो गई है। इसमें जीविका दीदियों की संख्या एक लाख 41 हजार से अधिक है। इस मौके पर दोनों सदनों के सदस्यों के साथ विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और विधानपरिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने शुरू से ही वंचित वर्गों के लिए काम किया।

## बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 'बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25' पेश किया



बिहार के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया। यह सर्वेक्षण बिहार का 19वां संस्करण है, जिसे बिहार लोक वित्त एवं नीति संस्थान ने तैयार किया है। रिपोर्ट में राज्य की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई है। आधार वर्ष 2011-12 पर आधारित आंकड़ों के मुताबिक, बिहार की सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 2011-12 के 2.47 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में 8.54 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। यह लगभग 3.5 गुना वृद्धि को दर्शाता है। 2023-24 के लिए अनुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) वर्तमान मूल्य पर 8,54,429 करोड़ रुपये और 2011-12 के स्थिर मूल्य पर 4,64,540 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

# गुर्दे, हृदय की समस्याओं में रामबाण सा असर करता है 'पुनर्नवा'

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



शायद ही ऐसी कोई शारीरिक समस्या हो, जिसका समाधान आयुर्वेद में न हो। फिर बात गुर्दे से संबंधित हो तो सबसे पहला नाम आता है 'पुनर्नवा' का। पुनर्नवा को आयुर्वेद में रामबाण, अमृत जैसी उपाधियों से भी नवाजा जा चुका है। यह छोटा सा पौधा बड़े-बड़े लाभ देता है। यह न केवल गुर्दे, बल्कि हृदय के लिए भी टॉनिक का काम करता है।

दरअसल, 'पुनर्नवा' एक संस्कृत शब्द है, जो पुनर और नव दो शब्दों से मिलकर बना है। 'पुनर' का अर्थ 'एक बार फिर' और 'नव' का मतलब 'नया बनना' है। 'पुनर्नवा' एक औषधीय जड़ी बूटी है, जिसके कई स्वास्थ्य लाभ भी हैं। नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन की वेबसाइट पर छपे एक अध्ययन के मुताबिक, पुनर्नवा में इम्यूनो मॉड्यूलेशन, हेपेटो प्रोटेक्शन, एंटी कैंसर, एंटीडायबिटिक, एंटी-इन्फ्लेमेशन जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो कई बीमारियों से बचाव में मदद करते हैं। बताया जाता है कि इस औषधीय जड़ी बूटी का इस्तेमाल इसके गुणों के कारण गुर्दे और मूत्र संबंधी समस्याओं के इलाज में किया जाता है। 'पुनर्नवा' को हृदय और गुर्दे दोनों के लिए रामबाण माना गया है। हालांकि, यह जड़ी बूटी खाने में कड़वी और तीखी होती है, लेकिन आयुर्वेदिक उपचार में यह कारगर है। 'पुनर्नवा' को पीलिया, बुखार और मोटापे के इलाज के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। इसकी जड़ का रस भी काफी खास होता है, जो रतौंधी से पीड़ित लोगों की मदद करता है। इतना ही नहीं, सामयिक उपयोग दर्द और सूजन को भी कम करने का काम करता है। इसके अलावा, यह अस्थमा को कम करने के लिए भी जाना जाता है। इस जड़ी बूटी में मैग्नीशियम, सोडियम, कैल्शियम और पोटेशियम सहित मैक्रो खनिजों का एक मूल्यवान स्रोत होता है। मैग्नीशियम रक्तचाप को कम करने में मदद कर सकता है। साथ ही, मधुमेह को भी नियंत्रित करने में 'पुनर्नवा' को फायदेमंद माना जाता है।

'पुनर्नवा' मधुमेह के अलावा अस्थमा, मोटापे का इलाज, ड्रॉप्सी, जलोदर, पेट के कीड़ों को मारने, रतौंधी (आंखों की एक बीमारी), दर्द और सूजन को कम करने, किडनी की समस्याओं को ठीक करने, त्वचा रोगों, एनीमिया, कब्ज के लिए लाभकारी है। स्वास्थ्य लाभों के लिए आमतौर पर पूरे पौधे या जड़ों का उपयोग किया जाता है।

**आज का मैच**
**इंग्लैंड Vs दक्षिण अफ्रीका**
**वेन्यू : कराची**
समय : दोपहर **2:30** बजे से





## गेल, बेन ने वेस्टइंडीज मास्टर्स को दूसरी जीत दिलाई



**नवी मुंबई (आईएएनएस)।** क्रिस गेल, ड्वेन स्मिथ, सुलेमान बेन और रवि रामपाल ने समय को पीछे मोड़ दिया, क्योंकि वेस्टइंडीज मास्टर्स ने गुरुवार रात को यहां उद्घाटन इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) में इंग्लैंड मास्टर्स को आठ रन से हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की। डीवाई पाटिल स्टेडियम में पुरानी यादें ताजा हो गईं, जब वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के दिग्गज खिलाड़ी उद्घाटन आईएमएल के पांचवें मैच के लिए फ्लडलाइट में एकत्र हुए, जिसमें वेस्टइंडीज मास्टर्स ने हरफनमौला प्रदर्शन किया। क्रिस गेल और ड्वेन स्मिथ ने कैरेबियाई प्रतिभा को फिर से जगाया, एक निडर आक्रमण की शुरुआत की, जिसने वेस्टइंडीज को बल्लेबाजी के लिए बुलाए जाने के बाद सिर्फ सात ओवर में 77 रनों की धमाकेदार ओपनिंग साझेदारी करने में मदद की।

## रूसी शतरंज के दिग्गज बोरिस स्पैस्की का 88 वर्ष की आयु में निधन

**मॉस्को (आईएएनएस)।** रूसी शतरंज के दिग्गज और दसवें विश्व शतरंज चैंपियन बोरिस स्पैस्की का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया, रूसी शतरंज महासंघ ने यह जानकारी दी है। स्पैस्की का जन्म 1937 में लेनिनग्राद में हुआ था और उन्हें कम उम्र से ही शतरंज के प्रतिभाशाली खिलाड़ी के रूप में पहचाना जाता था। उन्होंने 5 साल की उम्र में खेलना शुरू किया, 16 साल की उम्र में इंटरनेशनल मास्टर बन गए और दो साल बाद विश्व जूनियर चैंपियन बन गए। वे शतरंज के राजकुमार का खिताब जीतने वाले पहले सोवियत खिलाड़ी बन गए। "एक महान व्यक्ति ने हमें छोड़ दिया है। शतरंज के खिलाड़ियों की कई पीढ़ियों ने उनके खेलों का अध्ययन किया है।



**चैंपियंस ट्रॉफी**

**बारिश ने बिगाड़ा खेल...**

# सेमीफाइनल में पहुंचा ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी। कराची ऑस्ट्रेलियाई टीम ने चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अफगानिस्तान संग उसका मुकाबला बारिश के चलते धुल गया। अफगानी टीम अब भी रेस में बनी हुई है, लेकिन उसका सेमीफाइनल में पहुंचना असंभव सा है। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के मैच नंबर-10 में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान की टक्कर हुई। हालांकि यह मुकाबला बारिश के चलते पूरा नहीं हो पाया। 28 फरवरी (शुक्रवार) को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 274 रनों का टारगेट दिया था। टारगेट का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 12.5 ओवरों में एक विकेट के नुकसान पर 109 रन बनाए थे। उसके बाद बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण खेल नहीं हो पाया। मैच धुलने के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम चार अंकों के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गई।

### अफगानिस्तान का सेमी में पहुंचना काफी मुश्किल

उधर अफगानिस्तान की टीम के अब तीन अंक हैं। अफगानी टीम अब तभी सेमीफाइनल में पहुंचेगी, जब इंग्लैंड शनिवार (1 मार्च) को साउथ अफ्रीका को बड़े अंतर से हराए। तब अफगानिस्तान और साउथ अफ्रीका के 3-3 अंक होंगे और नेट-रनरेट के आधार पर सेमीफाइनलिस्ट का फैसला होगा। बता दें कि साउथ अफ्रीका का नेट-रनरेट (+2.140) इस टूर्नामेंट में सभी टीमों में सर्वश्रेष्ठ है। ऐसे में अफगानी टीम लगभग बाहर ही है, जिसका नेट-रनरेट -0.990 है। चैम्पियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान, साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप-बी में रखा गया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम इस ग्रुप में 4 अंकों के साथ पहले नंबर पर है और वो सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। ऑस्ट्रेलिया ने एक मैच जीता, जबकि उसके दो मुकाबले बेनतीजा रहे। साउथ अफ्रीका के दो मैचों में 3 अंक हैं और वो दूसरे नंबर पर है। साउथ अफ्रीका ने एक मैच में जीत हासिल की, जबकि ऑस्ट्रेलिया संग उसका मुकाबला बेनतीजा रहा। तीसरे नंबर पर मौजूद अफगानिस्तान की टीम के 3 मैचों में 3 अंक हैं और उसका नेट-रनरेट (-0.990) है। चौथे नंबर पर अंग्रेजी टीम है, जिसका खाता नहीं खुला है और वो सेमीफाइनल की रेस से आउट हो चुकी है। ग्रुप-ए से भारत और न्यूजीलैंड की टीमें पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुकी हैं।

### हेड ने जड़ी धांसू फिफ्टी फिर आई बारिश

टारगेट का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत शानदार रही। मैथ्यू शॉर्ट और ट्रेविस हेड ने मिलकर 4.3 ओवरों में 44 रनों की पार्टनरशिप की। अजमतुल्लाह उमरजई ने मैथ्यू शॉर्ट को आउट करके इस पार्टनरशिप को तड़ा। शॉर्ट ने तीन चौके और एक सिक्स की मदद से 15 गेंदों पर 20 रन बनाए। इसके बाद स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड ने बेहतरीन पार्टनरशिप की। इस दौरान हेड ने सिर्फ 34 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। हेड और स्मिथ के बीच 65 रनों की पार्टनरशिप हुई, जिसके बाद बारिश के चलते खेल आगे नहीं हो पाया। हेड ने 9 चौके और एक सिक्स की मदद से 40 गेंदों पर नाबाद 59 रन बनाए। वहीं स्मिथ ने 2 चौके की मदद से 22 गेंदों पर नाबाद 19 रन बनाए।



### अफगानी पारी : उमरजई और अटल ने जड़े अर्धशतक

मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए अफगानिस्तान ने 50 ओवरों में 273 रन बनाए। अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही और उसे पहले ही ओवर में शुरुआती झटका लग गया। रहमानुल्लाह गुरबाज खाता खोले बगैर स्पेंसर जॉनसन की बॉल पर बोल्ड हो गए। इसके बाद सेदिकुल्लाह अटल और इब्राहिम जादरान ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 67 रन जोड़े। जादरान (22) को एडम जाम्पा ने मार्नस लाबुशेन के हाथों कैच आउट कराया। वहीं अनुभवी बल्लेबाज रहमत शाह (12) ग्लेन मैक्सवेल की बॉल पर विकेटकीपर जोश इंगलिस को कैच थमा बैठे। रहमत के आउट होने के समय अफगानिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर 91 रन था। रहमत शाह के आउट होने के कुछ देर बाद सेदिकुल्लाह अटल ने अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। अटल पूरी तरह लय में दिख रहे थे और उन्होंने कुछ हवाई शॉट्स भी खेले। अटल ने कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 68 रनों की पार्टनरशिप की। स्पेंसर जॉनसन ने अटल को स्टीव स्मिथ के हाथों कैच आउट कराकर इस पार्टनरशिप का अंत किया। सेदिकुल्लाह अटल ने 95 गेंदों का सामना करते हुए 85 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और तीन छक्के शामिल रहे। फिर कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी (20) के रूप अफगानिस्तान का पांचवां विकेट गिरा, जिन्हें एडम जाम्पा ने मार्नस लाबुशेन के हाथों कैच आउट कराया। अफगानी टीम के विकेट गिरने का सिलसिला जारी रहा। मोहम्मद नबी (1) दुर्भाग्यपूर्ण रूप से रनआउट हुए।

## हॉकी इंडिया ने सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 'प्रमोशन व रेलीगेशन प्रणाली' शुरू की



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को घोषणा की कि 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025, जो 1 से 12 मार्च तक पंचकूला के ताऊ देवी लाल हॉकी स्टेडियम में होगी, में 'प्रमोशन और रेलीगेशन' प्रणाली की विशेषता वाला एक नया प्रारूप होगा, जो टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा की एक अतिरिक्त परत जोड़ देगा। 2025 के संस्करण में 28 टीमें भाग लेंगी, जिन्हें तीन डिवीजनों में वर्गीकृत किया गया है: डिवीजन ए, डिवीजन बी और डिवीजन सी। यह नया प्रारूप न केवल प्रतिस्पर्धा को बढ़ाता है, बल्कि टीमों को उनके प्रदर्शन के आधार पर उच्च डिवीजनों में चढ़ने या निर्वासन का जोखिम उठाने का एक स्पष्ट मार्ग भी प्रदान करता है।

## अल्टीमेट टेबल टेनिस ने अहमदाबाद में पदार्पण किया छठा सत्र 29 मई से शुरू होगा

**अहमदाबाद (आईएएनएस)**

भारत की प्रमुख टेबल टेनिस लीग, अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) 29 मई से 15 जून तक अपने छठे सत्र के लिए वापसी करेगी और अहमदाबाद पहली बार इसकी मेजबानी करेगा। शीर्ष भारतीय और अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस सितारों के शानदार मिश्रण वाली आठ टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें गत विजेता गोवा चैलेंजर्स ऐतिहासिक तीसरा खिताब जीतने की कोशिश करेगी। अहमदाबाद भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र में तेजी से अपनी जगह बना रहा है, विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और निकट भविष्य में 2030 यूथ ओलंपिक और 2036 ओलंपिक खेलों जैसे प्रमुख आयोजनों की मेजबानी करने की दृष्टि से कई विषयों का केंद्र बन रहा है।

## गिल का भारत के लिए वर्तमान और भविष्य शानदार है: शिखर धवन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को लगता है कि शानदार फॉर्म में चल रहे शुभमन गिल का भारत के लिए वर्तमान और भविष्य शानदार है। युवा खिलाड़ी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार फॉर्म में है। गिल ने बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद शतक के साथ आठ टीमों के तमाशे की शुरुआत की, जबकि चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने 46 रनों की पारी खेली। दो मैचों में 147 रन के साथ, वह विराट कोहली (122 रन) से आगे भारत के लिए शीर्ष स्कोरर हैं। धवन ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, "मुझे शुभमन गिल की बल्लेबाजी बहुत पसंद है, यह बहुत ही शानदार है और उनकी बल्लेबाजी में शान है। और निरंतरता है; यह देखकर अच्छा लगता है कि उनमें इतना पेशेवरपन है। युवा लड़के हैं, वे अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाना जानते हैं और लगातार रन बना रहे हैं। रोहित को युवाओं के साथ खेलना अच्छा लगता है और वह अपने कई सालों के अनुभव को उनके साथ साझा करते होंगे। मुझे यकीन है कि वह उनकी पीठ थपथपाते होंगे और उन्हें बताते होंगे कि किसी भी परिस्थिति में कैसे खेलना है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी के बावजूद धवन ने कहा कि उनकी कमी खलेगी, लेकिन उन्होंने कहा कि हर्षित राणा के लिए वनडे टीम में अपनी जगह पक्की करने का यह बड़ा मौका है।






*__लॉरियस अकादमी__ द्वारा चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है कि इस वर्ष के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए जानिक सिनर का नामांकन वापस लिया जाता है*

## डोपिंग प्रतिबंध के कारण सिनर का लॉरियस में नामांकन रद्द।।।

**पेरिस (आईएएनएस)**

लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी ने घोषणा की है कि वह 2025 के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए इतालवी टेनिस खिलाड़ी जानिक सिनर का नामांकन वापस ले रही है। यह निर्णय हाल ही में विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) द्वारा इतालवी खिलाड़ी पर लगाए गए तीन महीने के निलंबन के बाद लिया गया है। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार नामांकन पैनल को भेजे गए ईमेल में अकादमी ने बताया कि मामले से जुड़ी "विपरीत परिस्थितियों" के बावजूद, निलंबन ने सिनर के नामांकन को अयोग्य बना दिया। "लॉरियस अकादमी द्वारा चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है कि इस वर्ष के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए जानिक सिनर का नामांकन वापस लिया जाता है। हमने इस मामले में संबंधित वैश्विक निकायों के निर्णयों का अनुसरण किया है और - यद्यपि हम इसमें सम्मिलित परिस्थितियों को देखते हैं - हमारा मानना है कि तीन महीने का प्रतिबंध नामांकन को अयोग्य बनाता है। जानिक और उनकी टीम को सूचित कर दिया गया है। इस महीने की शुरुआत में, वाडा ने खुलासा किया कि मार्च 2024 में क्लोस्टेबोल के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद सिनर ने एक मामले के समाधान समझौते में प्रवेश किया था। तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने तीन महीने के प्रतिबंध को मानते हुए स्वीकार किया कि हालांकि उन्होंने जानबूझकर प्रतिबंधित पदार्थ का उपयोग नहीं किया और अपने प्रदर्शन में इससे कोई लाभ नहीं उठाया, एथलीट अंततः अपने सहायक कर्मियों के कार्यों के लिए जिम्मेदार हैं।



# व्यापार/लाइफ व साइंस

## कमजोर वैश्विक संकेतों के चलते शेयर बाजार लाल निशान में बंद, सेंसेक्स 1,400 अंक से अधिक फिसला

**मुंबई (आईएएनएस)**



भारतीय शेयर बाजार के लिए शुक्रवार का कारोबारी सत्र नुकसान वाला रहा। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,414.33 अंक या 1.90 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,198 और निफ्टी 420.35 अंक या 1.86 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,124 पर था। तेज गिरावट के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप 10 लाख करोड़ रुपये गिरकर 383 लाख करोड़ रुपये रह गया है, जो कि गुरुवार को 393 लाख करोड़ रुपये था। गिरावट का नेतृत्व मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने किया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,221.55 अंक या 2.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 47,915 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 456 अंक या 3.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 14,700 पर बंद हुआ। व्यापक बाजार का रुझान भी नकारात्मक था। बीएसई पर 780 शेयर हरे निशान में, 3,214 शेयर लाल निशान में और 88 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। निफ्टी के सेक्टोरल इंडेक्स में ऑटो में 3.92 प्रतिशत, आईटी में 4.18 प्रतिशत, एफएमसीजी में 2.62 प्रतिशत, एनर्जी में 2.09 प्रतिशत, इन्फ्रा में 2.07 प्रतिशत और फार्मा में 1.92 प्रतिशत की गिरावट हुई। करीब सभी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, एमएंडएम, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, टाटा मोटर्स, टाइटन, टीसीएस, नेस्ले, मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, जोमैटो, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस टॉप लूजर्स थे। केवल एचडीएफसी बैंक ही हरे निशान में बंद हुआ है। फरवरी में बाजार का प्रदर्शन काफी कमजोर रहा है। 500 में से 450 निफ्टी शेयर लाल निशान में बंद हुए हैं। इस दौरान निफ्टी 5.89 प्रतिशत और सेंसेक्स में 5.55 प्रतिशत की गिरावट हुई है।

## भारत को 2047 तक हाई-इनकम स्टेटस तक पहुंचने के लिए 7.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि की जरूरत : विश्व

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

विश्व बैंक की एक लेटेस्ट रिपोर्ट में शुक्रवार को कहा गया है कि भारत को 2047 तक हाई-इनकम स्टेटस तक पहुंचने के लिए अगले 22 वर्षों में औसतन 7.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि करने की जरूरत है। यह एक ऐसा लक्ष्य है, जिसे प्राप्त किया जा सकता है। 'बिकमिंग अ हाई-इनकम इकोनॉमी इन ए जनरेशन' टाइटल वाले नए 'इंडिया कंट्री इकोनॉमिक मेमोरंडम' में पाया गया है कि यह लक्ष्य संभव है। 2000 और 2024 के बीच भारत की औसत 6.3 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर को मान्यता देते हुए, विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की पिछली उपलब्धियां इसकी भविष्य की महत्वाकांक्षाओं के लिए आधार प्रदान करती हैं।



हालांकि, वहां पहुंचने के लिए सुधारों और उनके कार्यान्वयन को लक्ष्य जितना ही महत्वाकांक्षी होना होगा। विश्व बैंक के कंट्री डायरेक्टर ऑगस्टे तानो कौमे ने कहा, "चिली, कोरिया और पोलैंड जैसे देशों से मिले सबक बताते हैं कि कैसे उन्होंने वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपने इंटीग्रेशन को गहरा कर मिडल-टू-हाई इनकम वाले देशों के रूप में सफलतापूर्वक ट्रांजिशन किया है।

### राज्यों को तेजी से और एक साथ बढ़ने में सक्षम बनाना है

पिछले तीन वित्त वर्षों में भारत ने अपनी औसत वृद्धि दर को 7.2 प्रतिशत तक बढ़ाया है। इस गति को बनाए रखने और अगले दो दशकों में 7.8 प्रतिशत (वास्तविक रूप में) की औसत वृद्धि दर प्राप्त करने के लिए, कंट्री इकोनॉमिक मेमोरंडम पॉलिसी एक्शन के लिए चार महत्वपूर्ण क्षेत्रों की सिफारिश करता है। ये चार क्षेत्र हैं - अधिक और बेहतर नौकरियां पैदा करने के लिए माहौल को बढ़ावा देते हुए निवेश बढ़ाना, संरचनात्मक परिवर्तन को बढ़ावा देना, व्यापार भागीदारी और टेक्नोलॉजी को अपनाना, राज्यों को तेजी से और एक साथ बढ़ने में सक्षम बनाना।

## ईपीएफओ ने 2024-25 के लिए पीएफ जमा पर ब्याज दर 8.25 प्रतिशत रखी बरकरार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

रिटायरमेंट फंड बॉडी ईपीएफओ ने 2024-25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर को पिछले वर्ष के समान 8.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने का फैसला किया है। सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को हुई बैठक में ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड ने यह निर्णय लिया। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने अपने 7 करोड़ सदस्यों के लिए 2023-24 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर को 2022-23 के 8.15 प्रतिशत से बढ़ाकर 8.25 प्रतिशत कर दिया था। प्रपोजल को अब मंजूरी के लिए वित्त मंत्रालय को भेजा जाएगा, जिसके बाद 2024-25 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर ईपीएफओ सदस्यों के खातों में जमा कर दी जाएगी। इस बीच, एक आधिकारिक बयान के अनुसार, ईपीएफओ ने उच्च वेतन पर पेंशन (पीओएचडब्ल्यू) के तहत प्राप्त एप्लीकेशन में से 70 प्रतिशत की प्रोसेसिंग पूरी कर ली है और 31 मार्च, 2025 तक सभी एप्लीकेशन की प्रोसेसिंग पूरा करने

## रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी के तहत टॉप 10 शहरों में 1 लाख से ज्यादा प्रोजेक्ट रजिस्टर्ड

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

2017 में रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (आरईआरए) के कार्यान्वयन के बाद से आरईआरए के तहत टॉप 10 राज्यों में 97.14 लाख यूनिट वाले कुल 1.19 लाख प्रोजेक्ट्स रजिस्टर्ड हुए हैं। शुक्रवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। ऊपर है, जो टॉप 10 राज्यों में कुल रजिस्ट्रेशन का 40 प्रतिशत है।\ तमिलनाडु 19,987 प्रोजेक्ट के साथ दूसरे स्थान पर है, जो 17 प्रतिशत हिस्सेदारी का योगदान देता है, जबकि गुजरात 16,265 प्रोजेक्ट के साथ तीसरे स्थान पर है, जो कुल का 14 प्रतिशत है। रजिस्ट्रेशन वाले दूसरे राज्यों में तेलंगाना, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और राजस्थान शामिल हैं। प्रति प्रोजेक्ट हाउसिंग यूनिट की संख्या की बात करें तो 'उत्तर प्रदेश' पर प्रोजेक्ट एवरेज 184 यूनिट के साथ लिस्ट में सबसे ऊपर है, उसके बाद राजस्थान 156 यूनिट के साथ दूसरे और गुजरात 116 यूनिट के साथ तीसरे स्थान पर है।

## 'नेशनल वाटरवे रेगुलेशन' प्राइवेट प्लेयर्स के लिए अवसरों के नए दरवाजे खोलेगा : केंद्र



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए कहा कि नेशनल वाटरवे (जेट्टी/टर्मिनलों का निर्माण) रेगुलेशन, 2025, को टर्मिनलों की स्थापना में प्राइवेट सेक्टर के निवेश को लाने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और भारत के विशाल जलमार्ग नेटवर्क के कुशल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। विनियमनों के लागू होने से, प्राइवेट संस्थाएं अंतर्देशीय जलमार्ग टर्मिनलों के विकास और विस्तार में अधिक भूमिका निभाएंगी, जिससे इस क्षेत्र के विकास में योगदान मिलेगा। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के तहत भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) द्वारा तैयार यह इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को बढ़ाने और व्यापार करने में आसानी में सुधार करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के मार्गदर्शन में, आईडब्ल्यूएआई ने आर्थिक विकास के प्रमुख इंजन के रूप में जलमार्गों को विकसित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। पिछले दशक में राष्ट्रीय जलमार्गों पर माल की आवाजाही में वृद्धि हुई है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 18 मिलियन टन से बढ़कर 133 मिलियन टन हो गई है।

# विस में सीपी सिंह ने इरफान को दी चुनौती

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने मंत्री इरफान अंसारी को चुनौती दी कि वे पीएम के 15 लाख के बयान का सबूत दें दरअसल इरफान अंसारी ने पीएम मोदी 15 लाख देने वाले बयान पर केंद्र सरकार को सदन में घेरा था और जिसके जवाब में विधायक सीपी सिंह ने इरफान को चुनौती देते हुए कहा कि अगर इस तरह के बयान का प्रमाण सदन में दिखा दें तो वे विधानसभा सदस्य के पद से इस्तीफा दे देंगे ।



## प्रमाण नहीं दिखा पाए इरफान अंसारी तो उन्हें देना होगा इस्तीफा : सीपी सिंह



विधायक सीपी सिंह ने सदन में कहा कि अगर मंत्री इरफान अंसारी प्रधानमंत्री के 15 लाख देने वाले बयान का प्रमाण दिखाकर उसे साबित नहीं कर पाए तो उन्हें अपने इस्तीफा देना होगा। शोर शराबे के बाद विधायक नवीन जायसवाल ने राज्य सरकार पर नौकरी नहीं देने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ने 10 लाख नौकरी देने का वादा किया था। लेकिन वो वादा आज तक पूरा नहीं हो सका है।

## 1700 से अधिक जेपीएससी में पद खाली हैं: नवीन जायसवाल



नवीन जायसवाल ने आगे कहा कि जेपीएससी में आज 1700 से अधिक पदों पर बहाली नहीं हुई है। हर परीक्षा का पेपर लीक हो रहा है तो ये पद कैसे भरेंगे? नगर पालिका सेनेटरी सुपरवाइजर के पदों पर सवाल उठाया कि 600 से अधिक पदों के लिए ये वैकेंसी निकली थी, लेकिन इसके लिए जो योग्यता निर्धारित की गई थी उसकी पढ़ाई यहां होती ही नहीं तो यहां के लोगों को नौकरी कैसे मिलेगी?

## हत्या के दोषी छोटू खान को आजीवन कारावास की सजा

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के अपर न्यायायुक्त पंचम की अदालत ने 28 फरवरी को गोली मारकर हत्या करने के मामले में दोषी करार छोटू खान उर्फ तफजील खान को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 25 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। अदालत ने उसे हत्या के साथ आर्म्स एक्ट की धारा में भी सजा सुनाई है। दोनों सजाएं साथ-साथ चेलगी। अभियुक्त घटना के बाद से ही लगातार जेल में है। उस पर पुंदाग के दीपटोली निवासी जैद की हत्या करने का आरोप है। घटना को लेकर मृतक के भाई आमिर ने जगन्नाथपुर थाना में 18 फरवरी 2022 को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घटना का अंजाम 17 फरवरी 2022 को दी गई थी। मृतक और अभियुक्त के बीच 16 फरवरी को किसी बात को लेकर जबरदस्त झगड़ा हुआ था। दूसरे दिन इमामबाड़ा के पास जैद को गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने नगर निगम से कहा

# तीन दिन में हरमू अस्पताल भवन का स्वीकृत भवन प्लान उपलब्ध कराएं

*आगामी सुनवाई में प्रशासक संदीप सिंह को उपस्थित होने का निर्देश*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग में शुक्रवार को हरमू अस्पताल से संबंधित मामले की सुनवाई हुई। इस मामले में आयोग की सदस्य डा. आशा लकड़ा ने रांची नगर निगम के प्रशासक संदीप सिंह को समन किया था। हालांकि प्रशासक संदीप सिंह आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। उन्होंने आयोग को सूचित किया था कि प्रशासनिक कार्यों से संबंधित व्यस्तता के कारण निर्धारित तिथि को आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हो सकते। आयोग की ओर से कहा गया कि रांची नगर निगम का प्रशासक होने के नाते प्रशासनिक कार्यों की व्यस्तता उनका नियमित कार्य है। उनकी ओर से प्रशासनिक कार्यों की व्यस्तता का हवाला देते हुए आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं होना स्वीकार योग्य नहीं है। आयोग की सदस्य डा. आशा लकड़ा ने इस पर नाराजगी जताई। हरमू अस्पताल मामले को लेकर प्रशासक संदीप सिंह के निर्देश पर आयोग के समक्ष अपर प्रशासक संजय कुमार उपस्थित हुए।

हरमू अस्पताल मामले में आयोग ने उन्हें निर्देश देते हुए कहा कि तीन दिनों के अंदर हरमू अस्पताल भवन का स्वीकृत भवन प्लान उपलब्ध कराएं। साथ ही किन दस्तावेजों के आधार पर रांची नगर निगम की ओर से हरमू अस्पताल भवन का प्लान स्वीकृत किया गया, इसकी जानकारी संबंधित दस्तावेजों के साथ उपलब्ध कराएं। आयोग के इस निर्देश पर अपर प्रशासक संजय कुमार ने आयोग को आश्वस्त करते हुए कहा कि सोमवार को ई-मेल के माध्यम से हरमू अस्पताल का स्वीकृत भवन प्लान व संबंधित दस्तावेज उपलब्ध करा दिए जाएंगे। आयोग की सदस्य डा. आशा लकड़ा में रांची नगर निगम के अपर प्रशासक संजय कुमार को निर्देश देते हुए कहा कि हरमू अस्पताल से संबंधित मामले की आगामी सुनवाई के दौरान प्रशासक संदीप सिंह स्वयं उपस्थित हो।

## एनसीसी निदेशालय में पूर्व सैनिकों की भर्ती की घोषणा

**रांची।** एनसीसी निदेशालय बिहार एवं झारखंड ने अनुबंध आधार पर एनसीसी में प्रशिक्षक के रूप में पूर्व सैनिक जेसीओ और एनसीओ की भर्ती की घोषणा की है। आवेदन पत्र संबंधी विवरण आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। वर्तमान में, एनसीसी निदेशालय बिहार एवं झारखंड के तहत 1,00,000 से अधिक कैडेट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

## डकैती मामले में 7 आरोपी सबूत के अभाव में बरी




**रांची।** सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त प्रथम की अदालत ने 9 साल पुराने डकैती और आर्म्स एक्ट मामले के सात आरोपियों को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। अदालत ने आरोपी रामधनी साहू, सुमंत राय, रवि प्रसाद, सोनू कुमार साहू, नागमणी प्रसाद उर्फ जान, कौशलेश कुमार सिंह उर्फ छोटू एवं देवीलाल कुमार उर्फ डेविड को शुक्रवार को बरी किया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता प्रितांशु सिंह ने पक्ष रखा था। घटना को लेकर अजीत कुमार ने अरगोड़ा थाना में 13 अप्रैल 2016 को अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया था कि 174 ओल्ड एजी कॉलीनी में कोका कोला का ऑफिस में 12 अप्रैल 2016 की रात 9.40 बजे कर्मचारियों के साथ हिसाब-किताब कर रहा था। तभी कुछ लड़के आए और काउंटर का चाभी मांगा और उसमें रखे एक-डेढ़ लाख रुपए रिवाल्वर के बल पर लूट लिया। साथ ही सूचक एवं कर्मचारियों के साथ मारपीट किया।

### झारखंड कम्यूनिकेटर्स वर्कशॉप संपन्न, स्टोरी टेलिंग की भूमिका पर हुई चर्चा

# पर्यावरण संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, संकल्प है : दीपिका पांडेय सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कम्यूनिकेटर्स वर्कशॉप का समापन शुक्रवार को रांची में हुआ। जिसमें राज्य में कॉमन्स (सामुदायिक प्राकृतिक स्रोत) के महत्व के प्रचार-प्रसार में स्टोरी टेलिंग की भूमिका पर चर्चा की गई। 27 और 28 फरवरी को आयोजित इस वर्कशॉप में पूरे झारखंड से आए 92 कम्युनिकेटर्स ने भाग लिया। जिनमें पत्रकार, सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स और विजुअल स्टोरी टेलर्स सहित अन्य लोग शामिल थे।

मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक संकल्प है। सरकार नीतियों में कॉमन्स के संरक्षण को शामिल कर झारखंड को ज्यादा हरा-भरा और अधिक समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। असर सोशल इंपैक्ट एडवाइजर्स और कॉमन ग्राउंड इनिशिएटिव के प्रयासों से इन



महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रभावी रिपोर्टिंग होगी और जन जागरूकता बढ़ेगी। साथ ही उन्होंने झारखंड के जल, जंगल और जमीन की रक्षा संबंधी सरकार की प्रतिबद्धता को भी बताया।

**45 ब्लॉक से आए 24 जिलों के कम्यूनिकेटर्स ने लिया हिस्सा**

इस वर्कशॉप में झारखंड के सभी 24 जिलों के 45 ब्लॉक से आए कम्यूनिकेटर्स ने हिस्सा लिया। जो प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, वीडियो, न्यू मीडिया, सामुदायिक रेडियो और स्वतंत्र पत्रकारिता सहित अलग-अलग मीडिया पृष्ठभूमि से जुड़े हुए थे। इसके अलावा आदिवासी समुदाय के लेखकों और आदिवासी कला के चित्रकारों ने भी कार्यशाला में भाग लिया।

**झारखंड में कॉमन्स की भूमिका पर भी हुई चर्चा**

वर्कशॉप में पत्रकारों को जिला और राज्य-दोनों स्तरों पर कॉमन्स पर आधारित दमदार और प्रभावशाली रिपोर्टिंग से संबंधित उपकरणों के बारे में बताया। प्रतिभागियों ने झारखंड में कॉमन्स की भूमिका और जलवायु परिवर्तन, कृषि, भूमि उपयोग और पारिस्थितिकी तंत्र को पहले के जैसा बेहतर बनाने में कॉमन्स के संबंधों पर चर्चा की। वर्कशॉप का आयोजन कॉमन ग्राउंड और असर सोशल इंपैक्ट एडवाइजर्स ने मिलकर किया और इसमें नागरिक समाज और राष्ट्रीय मीडिया संस्थानों की सक्रिय भागीदारी रही।

## कांग्रेस ने मनाई पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की शुक्रवार को पुण्यतिथि कांग्रेस भवन में मनाई। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश समेत पार्टी के अन्य लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि डॉ प्रसाद एक महान देषभक्त थे। देश सेवा की भावना उनमें कूट-कूट कर भरी हुई थी। डॉ राजेंद्र बाबू अपने जीवनकाल में दो बार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। अपने अध्यक्षीयकाल में उन्होंने कांग्रेस की अनेकों उलझी हुई गुत्थियों को सुलझाया और देश में पार्टी के प्रति सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित किया। मौके पर राकेश सिन्हा, लाल किशोर नाथ शाहदेव, अभिलाष साहू, राजन वर्मा, आभा सिन्हा, जगदीश साहू, विनय सिन्हा दीपू, शशिभूषण राय, डॉ राजेश गुप्ता, सुरेन राम, केदार पासवान, अजय सिंह, ओमप्रकाश, निसार खान, अजय मंडल, राखी प्रियदर्शनी और पूर्णिमा सिंह आदि मौजूद थे।

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने यूरोपीय आयुक्त हदजा लाहबीब से की भेंट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार को नई दिल्ली के शास्त्री भवन में समानता, तैयारी और संकट प्रबंधन की यूरोपीय आयुक्त हदजा लाहबीब से भेंट की। यह बैठक यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन की उच्च स्तरीय यात्रा का एक अंग है। उर्सुला वॉन डेर लेयेन 27 से 28 फरवरी 2025 तक भारत की यात्रा पर हैं। उनके साथ आयुक्तों का समूह भी इस यात्रा में है, जिसमें 26 मंत्री शामिल हैं। अपनी चर्चाओं के दौरान, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और आयुक्त हदजा लाहबीब ने महिला सशक्तीकरण और बाल कल्याण के क्षेत्रों में भारत-यूरोपीय संघ सहयोग को मजबूत करने के लिए नए मार्ग तलाशने पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने समावेशी नीतियों को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की जो महिलाओं और बच्चों, विशेष रूप से कमजोर और वंचित समुदायों के बच्चों के कल्याण को बढ़ाने की दिशा में कार्य करती हैं। अन्नपूर्णा देवी ने मिशन शक्ति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा वित्तीय और डिजिटल समावेशन, उद्यमशीलता, निर्णय लेने और नेतृत्व भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न अन्य योजनाओं और कार्यक्रमों सहित भारत सरकार की प्रमुख पहलों का उल्लेख किया। उन्होंने एक सुरक्षित और समावेशी समाज के निर्माण के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता पर भी बल दिया, जहां महिलाएं और बच्चे इन योजनाओं का पूर्ण लाभ प्राप्त कर सकें। हदजा लाहबीब ने महिला सशक्तीकरण में भारत की प्रगति की सराहना करते हुए इस क्षेत्र में साझेदारी को मजबूत करने के लिए यूरोपीय संघ की प्रतिबद्धता दोहराई।



*यह बैठक महिला सशक्तीकरण नीतियों को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम*

उन्होंने महिला सशक्तीकरण और संकट प्रतिक्रिया से संबंधित वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व को रेखांकित किया। यह बैठक महिला सशक्तीकरण के लिए नीतियों को बढ़ावा देने तथा महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए सहयोगात्मक प्रयासों में भारत-यूरोपीय संघ संबंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत, विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए महिला-नेतृत्व वाले विकास के सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ निरंतर रूप से आगे बढ़ रहा है।

# आयोग ने पलामू डीसी को दिया नोटिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के कार्यालय में 16 मई 2023 को प्रकाशित पलामू में आदिवासी लड़की को सिर मुंडवा कर घूमाने से संबंधित मामले की सुनवाई की। आयोग की ओर से इस मामले में पलामू जिले के उपायुक्त शशि रंजन को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए। उनकी ओर से आयोग को किसी प्रकार की सूचना भी नहीं दी गई। पलामू जिले के उपायुक्त शशि रंजन के इस आचरण पर आयोग की सदस्य डा. आशा लकड़ा ने नाराजगी जताई और कहा कि आदिवासी लड़की के साथ इस प्रकार का दुर्व्यवहार किया, फिर भी पलामू जिले के उपायुक्त की ओर से इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस मामले की आगामी सुनवाई के दौरान पलामू जिले के उपायुक्त आयोग के समक्ष स्वयं उपस्थित नहीं हुए अब आयोग की ओर से उनके विरुद्ध वारंट जारी किया जाएगा।

# सरकार के पिछले कार्यकाल में वित्तीय कुप्रबंधन, श्वेत पत्र जारी करें : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सीएजी की रिपोर्ट जारी होने के बाद भाजपा ने राज्य सरकार को घेरा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार का पिछला 5 साल वित्तीय कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार का रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से पिछले 05 साल का श्वेत पत्र जारी करने की मांग की। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कैग रिपोर्ट में साफ है कि राज्य सरकार कोविड के लिए दी राशि खर्च नहीं कर सकी। सीएजी ने पाया है कि



भारत सरकार ने कोविड प्रबंधन के लिए 483.54 करोड़ रुपये विमुक्त किए थे, इस राशि के विरुद्ध झारखंड सरकार को अपने हिस्से की 272.88 करोड़ की राशि विमुक्त करनी थी। कुल प्रावधान 756.42 के विरुद्ध राज्य सरकार ने केंद्रीय राशि का 291.87 करोड़ और राज्य का 145.10 करोड़ ही विमुक्त किया। यानी कुल 436.97 करोड़ का ही उपयोग किया। यह कुल जारी राशि का महज 32 प्रतिशत था। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 19125 करोड़ राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं दिया, भ्रष्टाचार की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। रिपोर्ट में उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं दिए जाने पर विभागों में भ्रष्टाचार की आशंका जाहिर की गई है।

### झारखंड राय यूनिवर्सिटी (जेआरयू) के दीक्षांत समारोह में बोले राज्यपाल

# छात्र देश की उम्मीद और भविष्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राय यूनिवर्सिटी (जेआरयू) में शुक्रवार को 5वां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने 393 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की, जिनमें 122 स्नातकोत्तर और 184 स्नातक शामिल हैं। मौके पर राज्यपाल ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी और इस अवसर को अत्यंत गौरवपूर्ण बताया।

राज्यपाल नें अपने संबोधन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विज्ञान और अनुसंधान के महत्व को बताया। 92 छात्राओं की सफलताओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह पहले की अवधारणा को तोड़ता है कि महिलाएं शिक्षा से वंचित हैं।

राज्यपाल ने बताया कि शिक्षा सिर्फ एक डिग्री नहीं, बल्कि समाज की सेवा और आत्मनिर्भरता की प्रतिबद्धता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने ज्ञान और कौशल से राष्ट्र को गौरवित करने की प्रेरणा दी। उन्होंने मूल्य आधारित शिक्षा पर जोर दिया, जो युवाओं में नैतिकता और संस्कारों का विकास करती है। कहा कि आप सभी देश की उम्मीद और भविष्य हैं। अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ें।

इस दीक्षांत समारोह में मुझे विशेष रूप से हमारे देश की बेटियों की उपलब्धियों का उल्लेख करना है। आज 92 बेटियों को डिग्री प्रदान की जा रही है, जिनमें से 10 को पीएचडी की उपाधि मिल रही है। यह हमारी समाज की बेटियों के बढ़ते आत्मविश्वास और सशक्तीकरण का प्रतीक है। यह दृश्य हमारे समाज के उन पुराने धारणाओं को तोड़ता है, जो कभी महिलाओं को शिक्षा से वंचित रखने के पक्षधर थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'विकसित भारत 2047' का दृष्टिकोण हमारी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। प्रधानमंत्री ने इस दृष्टिकोण में यह स्पष्ट किया है कि भारत को 2047 तक एक वैश्विक शक्ति और समृद्ध राष्ट्र बनाना हमारा उद्देश्य होना चाहिए। इसमें शिक्षा, नवाचार, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए युवाओं की सशक्त भागीदारी अनिवार्य है। अंत में उन्होंने कहा कि अब आपको जीवन में अपना मार्ग खुद ढूंढना है और उसे स्थापित करना है। यह अवसर एक चुनौती का भी संकेत है, क्योंकि समाज और राष्ट्र के विकास में आपकी भूमिका और जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण होगी।

## पृष्ठ एक के शेष

**विश्वविद्यालय में अनुशासन व शैक्षणिक...**

लागू करेंगे, जिससे क्षेत्रीय छात्रों को अधिक लाभ मिल सके। इसके अलावा, इंटरमीडिएट और स्नातक स्तर पर भी कुछ नए वोकेशनल कोर्स विकसित करने की योजना बनाई जाएगी। इससे छात्रों को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

**सवाल :** उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए क्या रणनीति अपनाई जाएगी?

उत्तरः विश्वविद्यालय की वर्तमान स्थिति और आवश्यकताओं का गहन अध्ययन करने के बाद एक ठोस कार्य योजना तैयार की जाएगी। उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए शिक्षकों और छात्रों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

**सवाल :** क्या प्रशासनिक सुधार भी आपकी योजना का हिस्सा होंगे?

**जवाब :** निश्चित रूप से। प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और प्रभावशीलता लाने के लिए नई रणनीतियां अपनाई जाएंगी। विश्वविद्यालय के सभी विभागों में समन्वय स्थापित किया जाएगा, ताकि कार्य कुशलता बढ़े और छात्रों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

**सवाल :** विश्वविद्यालय के शोध और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आपकी क्या योजना है?

**जवाब :** शोध और नवाचार किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान की रीढ़ होते हैं। हम शोध को बढ़ावा देने के लिए फंडिंग बढ़ाने, अनुसंधान सुविधाओं को मजबूत करने और उद्योगों के साथ साझेदारी करने की दिशा में कार्य करेंगे। छात्रों और शिक्षकों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शोध परियोजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष योजनाएं बनाई जाएंगी।

**सवाल :** विश्वविद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे?

**जवाब :** विश्वविद्यालय के भौतिक संसाधनों और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना आवश्यक है। हम नए भवनों के निर्माण, आधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए काम करेंगे, ताकि छात्रों को उच्च गुणवत्ता की सुविधाए मिल सकें।

**सवाल :** विश्वविद्यालय को एक नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए आप क्या कार्य योजना बनाएंगे?

**जवाब :** विश्वविद्यालय को शैक्षणिक और प्रशासनिक स्तर पर एक नई ऊंचाई तक ले जाने के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। जल्द ही विश्वविद्यालय के हर पहलू का आकलन किया जाएगा और फिर एक ठोस कार्य योजना बनाकर उसे लागू किया जाएगा।

**नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के नए...**

बैंकॉक, नेपाल आदि देशों की यात्रा की है। डॉ. दिनेश कुमार सिंह को नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर के कुलपति के रूप में नियुक्त किया गया है। उनकी नेतृत्व क्षमता, अनुसंधान में गहरी रुचि और शिक्षा क्षेत्र में योगदान से विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की उम्मीद है।

**स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत करने को...**

राज्य है। यहां हमारे सामने कई चुनौतियां खड़ी हैं। संसाधनों की भी कमी है। लेकिन, इसके बाद भी सरकार का प्रयास है कि यहां की विभिन्न समस्याओं को जड़ से समाप्त किया जा सके। इसी कड़ी में सीमित संसाधनों के बीच स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने का काम तेज गति से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने बेहतर प्रबंधन के जरिए इस बीमारी पर जीत हासिल की, उसे पूरी दुनिया ने सराहा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार सभी को एक नजरिए से देखती है। चाहे किसान हो या मजदूर, या कोई और वर्ग तथा तबका, सभी के साथ सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास के लिए संकल्पित होकर काम करने की आज आवश्यकता है और हमारी सरकार इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही है। इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो, मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मंत्री संजय प्रसाद यादव समेत कई अन्य मंत्री एवं विधायक, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह तथा कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**सीएम की पहल पर लाई गई यह योजना बेहद महत्वपूर्ण : डॉ इरफान**

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर लाई गई यह योजना बेहद महत्वपूर्ण है। राज्य में एक-एक व्यक्ति की स्वास्थ्य सुविधा का ख्याल रखना हमारा कर्त्तव्य है। राज्य में किसी भी परिवार को पैसे की कमी के कारण इलाज से वंचित नहीं होना पड़ेगा।

**1 मार्च 2025 से लागू हो रही है योजना :** राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना 1 मार्च 2025 से लागू हो रही है। पहले चरण में इस योजना का लाभ कार्यरत सभी राज्य कर्मियों को मिलने जा रहा है। जबकि, अन्य श्रेणी के कर्मियों के लिए यह योजना 1 मई 2025 से लागू होगी। इस योजना का लाभ राज्य के सभी सेवाओं के कर्मी, विधानसभा सदस्य, सेवानिवृत्त कर्मी, पारिवारिक पेंशन प्राप्तकर्ता एवं उनके आश्रित, राज्य विधानसभा के पूर्व सदस्य, अखिल भारतीय सेवाओं के इच्छुक सेवारत/ सेवानिवृत्त पदाधिकारी, राज्य सरकार के विभिन्न बोर्ड, निगम, संस्थान, संस्था में कार्यरत /सेवानिवृत्त नियमित कर्मी, विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के कार्यरत/ सेवानिवृत शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी तथा निबंधित अधिवक्ताओं को मिलेगा। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा पैनल में शामिल देश के किसी भी अस्पताल में 5 लाख रुपये तक का कैशलेश इलाज लाभुक करा सकेंगे। गंभीर बीमारियों की स्थिति में 10 लाख रुपये तक चिकित्सा व्यय का वहन भी किया जाएगा। अगर इलाज में और भी खर्च हो तो कॉरपस फंड से वह उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, विशेष परिस्थितियों में लाभुकों को एयर एंबुलेंस की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

**आने वालीर पीढ़ी को तकनीकी रूप से...**

उपलब्ध करने के साथ एक नए अध्याय की शुरूआत हो रही है। इससे स्कूलों में उपस्थिति से लेकर सभी रिपोर्टिंग कार्य डिजिटल माध्यम से होंगे। वहीं, टैबलेट का प्रयोग बच्चों के पठन-पाठन, शिक्षकों के प्रशिक्षण, अनुश्रवण, बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने से संबंधित कार्यों की मॉनीटरिंग आसान हो जाएगी और उसके आधार पर शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने में काफी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि तकनीक में आज तेजी से बदलाव हो रहे हैं। आपकी मुट्ठी में मोबाइल है और उस मोबाइल में सारी दुनिया सिमट गई है। अब आपको ना पर्स लेकर चलने की जरूरत है और ना ही कैश। आप अपने मोबाइल फोन के माध्यम से अपनी जरूरत को पूरा करने के साथ तमाम जानकारियां हासिल कर सकते हैं। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि राज्य के होनहार बच्चों को विभिन्न माध्यम से सरकार प्रोत्साहित कर रही है ताकि वे आगे बढ़ सकें। आज जैक के साथ सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के टॉपर्स को प्रोत्साहन राशि के साथ लैपटॉप और मोबाइल फोन दिया जा रहा है। वहीं, राज्य सरकार अपने खर्चे पर यहां के गरीब और होनहार विद्यार्थियों को विदेश में पढ़ने का मौका दे रही है। इसके अलावा अनेक ऐसी योजनाएं हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को आगे बढ़नी एवं उनके भविष्य को संवारने का काम हो रहा है। मौके पर पर मंत्री रामदास सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, शिक्षा सचिव उमा शंकर सिंह एवं झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक शशि रंजन मौजूद थे। सरकार सभी पंचायतों में मोबाइल टॉवर स्थापित करेगी : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में डिजिटल सेवाओं के प्रभावित होने की बात बार-बार सामने आती है। डिजिटल कनेक्टिविटी की समस्या से तमाम प्रकार के कार्यों एवं सेवाओं में बाधा उत्पन्न होती है, जिससे लोगों को काफी परेशानियां होती है। ऐसे में सरकार सभी पंचायतों में मोबाइल टॉवर स्थापित करने की दिशा में कदम बढ़ाएगी, ताकि डिजिटल माध्यम से होने वाले सभी सरकारी कार्य सुचारू, सरल एवं सुविधाजनक तरीके से संचालित हो सके।

# भारत के हवाई बेड़े को हर साल 35-40 लड़ाकू विमानों की जरूरत : वायु सेना प्रमुख

**नई दिल्ली (हि.स.)**

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने शुक्रवार को एक बार फिर लड़ाकू विमानों की कम स्क्वाड्रन पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि वायु सेना को अगले कुछ वर्षों में पुराने बेड़े से मिराज, मिग-29 और जगुआर को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए हर साल 35-40 लड़ाकू विमानों की जरूरत है। उन्होंने टाटा और एयरबस के संयुक्त उद्यम में सी-295 परिवहन विमान निर्माण का हवाला देते हुए जेट विमानों की संख्या बढ़ाने के लिए निजी कंपनियों की ओर देखने का सुझाव दिया। वायु सेना प्रमुख ने आज नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने लड़ाकू बेड़े में हर साल दो स्क्वाड्रन जोड़ने की जरूरत है। इसका मतलब है कि हमें हर साल 35-40 विमान चाहिए। हालांकि, यह क्षमता रातोंरात नहीं आ सकती, लेकिन इन विमानों की जरूरत मौजूदा कमियों को पूरा करने के लिए है। साथ ही यह जरूरत अगले 5-10 वर्षों में मौजूदा बेड़े को चरणबद्ध तरीके से हटाए जाने के बाद पैदा होने वाली कमियों को भी पूरा करने के लिए है। उन्होंने कहा कि जगुआर, मिग-29 और मिराज 2000 जेट को हवाई बेड़े में 1980 के दशक के दौरान शामिल किया गया था, जिन्हें 2029-30 के बाद चरणबद्ध तरीके से सेवानिवृत्त किया जाना है।

इस महीने की शुरुआत में बेंगलुरु में एयरो इंडिया के दौरान वायु सेना प्रमुख ने तेजस मार्क-1ए जेट के उत्पादन की गति पर चिंता जताई थी, क्योंकि अनुबंधित 83 तेजस मार्क-1ए जेट की आपूर्ति समय सीमा से एक साल से अधिक पीछे चल रही है। वायु सेना प्रमुख ने कहा कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने अगले साल 24 तेजस मार्क-1ए जेट बनाने का वादा किया है। एक बार फिर नाराजगी भरे लहजे में उन्होंने वायु सेना की जरूरतों के साथ आत्मनिर्भरता को संतुलित करने के बारे में कहा कि मैं विदेशी कंपनियों से खरीद पर जोर नहीं दे रहा हूं, लेकिन स्वदेशी विमानों की आपूर्ति वादा किए गए आंकड़े से बहुत कम हैं, इन कमियों को दूर करने के लिए कुछ करने की जरूरत होगी।



### जेट विमानों की संख्या बढ़ाने के लिए निजी कंपनियों की ओर देखने का सुझाव

उन्होंने जेट विमानों की संख्या बढ़ाने के लिए निजी कंपनियों की ओर देखने का सुझाव देते हुए टाटा और एयरबस के संयुक्त उद्यम में सी-295 परिवहन विमान के निर्माण का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि हम निजी भागीदारी से हर साल 12-18 जेट विमान हासिल कर सकते हैं। एयर चीफ मार्शल सिंह ने 2047 तक वायु सेना का विजन देते हुए कहा कि हमें इसी तरह आगे बढ़ना है। यह समय सीमा 'विकसित भारत' या विकसित भारत के लिए है। उन्होंने कहा कि वायु सेना के पास वर्तमान में लड़ाकू विमानों की 31 स्क्वाड्रन हैं, जबकि पाकिस्तान और चीन के खिलाफ दो मोर्चों पर खतरे से निपटने के लिए 42 स्क्वाड्रन की जरूरत है।

### हमास को समझने में की भूल

## 7 अक्टूबर हमले पर इजरायली सेना की पहली रिपोर्ट में आए कई चौंकाने वाले खुलासे

**यरूशलम (आईएएनएस)।** इजरायल की सेना ने हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले के दौरान अपनी गलतियों का पहला आधिकारिक विवरण प्रकाशित किया। रिपोर्ट में निष्कर्ष निकाला गया कि इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) 'इजरायली नागरिकों की रक्षा करने के अपने मिशन में नाकाम रहा। फिलिस्तीनी ग्रुप ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर बड़ा हमला किया था।

## गाजा युद्ध विराम समझौते के अगले चरण पर काहिरा में बातचीत शुरू

**काहिरा (आईएएनएस)।** इजरायल और कतर के प्रतिनिधि गाजा संघर्ष पर वार्ता के लिए मिस्र की राजधानी काहिरा पहुंच गए हैं। बातचीत में अमेरिकी प्रतिनिधि भी शामिल हैं। मिस्र की राज्य सूचना सेवा (एसआईएस) ने यह जानकारी दी। एसआईएस ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि संबंधित पक्षों ने 'गाजा में जारी संघर्ष विराम समझौते के अगले चरणों' पर गहरी चर्चा शुरू कर दी है। साथ ही पहले बनी सहमति को लागू करने के तरीके भी चर्चा हुई। इसमें कहा गया कि वार्ताकारों ने गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने के उपायों पर भी चर्चा की। इससे पहले इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने जानकारी दी कि युद्ध विराम वार्ता को जारी रखने के लिए एक इजरायली प्रतिनिधिमंडल काहिरा भेजा गया है। लेकिन इस बारे में और अधिक नहीं बताया गया। यह घोषणा बुधवार और गुरुवार की रात को युद्धविराम के पहले चरण के तहत इजरायली बंधकों और फिलिस्तीनी कैदियों की आखिरी अदला-बदली पूरी होने के बाद की गई। तीन-चरणीय समझौते का 42 दिन का पहला चरण शनिवार को खत्म होने वाला है। इस सवाल के जवाब में कि क्या काहिरा जाने वाला प्रतिनिधिमंडल दूसरे चरण पर चर्चा करेगा।

## कांगो में रहस्यमय बीमारी से 60 की मौत



**किंशासा (आईएएनएस)।** डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में स्वास्थ्य अधिकारियों और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की टीम एक नए बीमारी के मामले और स्थानीय लोगों की मौत की जांच कर रही है। यह मामला इक्वेटर प्रांत में सामने आया है, जहां अब तक 1,096 लोग बीमार हो चुके हैं और 60 की मौत हो चुकी है। हाल ही में, इस प्रांत के बसांकुसु स्वास्थ्य क्षेत्र में 141 नए मरीज मिले हैं, हालांकि इस बार किसी की मौत नहीं हुई। फरवरी में, इसी क्षेत्र में 158 लोग बीमार पड़े थे, जिनमें से 58 की जान चली गई थी। जनवरी में, इसी प्रांत के बोलोम्बा क्षेत्र में 12 मामले आए थे, जिनमें से आठ की मौत हो गई थी। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, अब तक बसांकुसु और बोलोम्बा में कुल 1,096 बीमार मरीजों और 60 मौतों की पुष्टि हुई है। मरीजों में बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, गर्दन में अकड़न, खांसी, उल्टी, दस्त और कुछ मामलों में नाक से खून बहने जैसे लक्षण देखे गए हैं।

### यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा पर बोले पीएम

# साझा प्रतिबद्धता में एआई सेमीकंडक्टर भी शामिल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष और कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स की भारत यात्रा को 'अभूतपूर्व' बताया। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि यह यात्रा भारत-यूरोपीय संघ की बहुआयामी साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में हैदराबाद हाउस में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, "यह न केवल यूरोपीय आयोग की भारत की पहली यात्रा है, बल्कि यह किसी एक देश में यूरोपीय आयोग की पहली व्यापक भागीदारी भी है। इसके अलावा, यह आयोग की अपने नए कार्यकाल की पहली यात्राओं में से एक है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष, ईयू कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स के साथ, प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर दो दिवसीय भारत यात्रा पर गुरुवार दोपहर नई दिल्ली पहुंची थी।

यह ईयू कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स की पहली भारत यात्रा है। साथ ही दिसंबर 2024 में कार्यभार संभालने वाले नए कमिश्नर्स की यूरोप के बाहर पहली यात्रा है।

पीएम मोदी ने कहा, "निवेश संरक्षण और जीआई (भौगोलिक संकेत) समझौते सहित निवेश ढांचे को मजबूत करने पर चर्चा हुई। हमने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में एक विश्वसनीय और मजबूत निवेश ढांचे पर जोर दिया। हमारी साझा प्रतिबद्धता में सेमीकंडक्टर, एआई और हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग सहयोग शामिल है।

दोनों पक्षों के बीच भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) पर भी व्यापक चर्चा हुई। इसकी घोषणा सितंबर 2023 में भारत में आयोजित जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान की गई थी। आईएमईसी में दो अलग-अलग गलियारे शामिल हैं - (भारत को खाड़ी क्षेत्र से जोड़ने वाला पूर्वी गलियारा और खाड़ी को यूरोप से जोड़ने वाला उत्तरी गलियारा)। इसका उद्देश्य दक्षता बढ़ाना, लागत कम करना, क्षेत्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करना, व्यापार और आर्थिक सहयोग बढ़ाना, रोजगार पैदा करना, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम करना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "मुझे विश्वास है कि आईएमईसी वैश्विक वाणिज्य, सतत विकास और समृद्धि के लिए एक प्रेरक शक्ति के रूप में काम करेगा। रक्षा और सुरक्षा मामलों पर हमारा बढ़ता सहयोग आपसी विश्वास को दर्शाता है। हम साइबर सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद-रोधी सहयोग को मजबूत करेंगे।




### प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद यूरोपीय संघ प्रमुख ने कहा

## भारत के साथ साझेदारी हमारे लिए अहम...

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने शुक्रवार को कहा कि उनकी यात्रा इस बात का प्रतीक है कि यूरोपीय संघ भारत के साथ अपनी साझेदारी को कितना महत्व देता है। यूरोपीय यूनियन (ईयू) कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स की मेजबानी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए उन्होंने यह बात कही। वॉन डेर लेयेन ने हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद एक्स पर पोस्ट किया, "प्रिय नरेंद्र मोदी, नई दिल्ली में हमारी मेजबानी के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। यूरोपीय आयोग की यात्रा इस बात का प्रतीक है कि हम भारत के साथ अपनी साझेदारी को कितनी अहमियत देते हैं। और मैं हमारी व्यक्तिगत दोस्ती को कितना महत्व देती हूं। बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी को अधिक मजबूत करने और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कॉरिडोर जैसी अत्यधिक महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर व्यापक चर्चा की। यूरोपीय संघ प्रमुख ने कहा, "जब हम यूरोपीय संघ-भारत रणनीतिक साझेदारी के तीसरे दशक में प्रवेश कर रहे हैं, तो एक बात स्पष्ट है। अभी सबसे अच्छा आना बाकी है। साथ मिलकर, हम भविष्य को आकार दे सकते हैं और इस सदी की निर्णायक साझेदारियों में से एक बन सकते हैं। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष यूरोपीय यूनियन (ईयू) कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स के साथ प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर दो दिवसीय भारत यात्रा पर गुरुवार दोपहर नई दिल्ली पहुंची। उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने भारत पहुंचने के बाद एक्स पर कहा, "कमिश्नर्स की अपनी टीम के साथ दिल्ली में उतरना।

## उत्तराखंड के माणा में भारी हिमस्खलन में 57 मजदूर दबे, 15 को बचाया गया, रेस्क्यू जारी



- **मुख्यमंत्री धामी ने भगवान बद्रीविशाल से श्रमिकों की सुरक्षा की कामना की**

**57** श्रमिक में से अब तक 15 सुरक्षित निकाले गए हैं

**42** प्रभावितों को जल्द से जल्द सुरक्षित निकालने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं

**गोपेश्वर (हि.स.)**

उत्तराखंड के चमोली जिले के सीमावर्ती माणा गांव के समीप सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कराये जा रहे निर्माण कार्य के दौरान भारी हिमस्खलन के कारण इसमें 57 श्रमिक दब गए। इसमें से बीआरओ और अन्य एजेंसियों ने राहत और बचाव कर अब तक 15 मजदूरों को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जबकि बाकी श्रमिकों की तलाश की जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया पर कहा कि माणा क्षेत्र में हिमस्खलन की घटना का दुखद समाचार मिला है। बीआरओ सहित अन्य एजेंसियां युद्धस्तर राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। उन्होंने भगवान बद्रीविशाल से सभी श्रमिक भाइयों की सुरक्षा की कामना की है।

श्री बद्रीनाथ धाम के पास माणा में हुई हिमस्खलन की घटना के बारे में पुलिस महानिरीक्षक, एसडीआरएफ, श्रीमती रिधिम अग्रवाल ने बताया कि बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइज़ेशन (बीआरओ) के कुल 57 श्रमिक प्रभावित हुए। कमांडेंट बीआरओ के अनुसार, अब तक 15 श्रमिक सुरक्षित हैं, जबकि 42 लापता हैं। एसडीआरएफ की एक टीम जोशीमठ से रवाना हो चुकी है। लामबगड़ में सड़क अवरुद्ध होने के कारण सेना से संपर्क कर मार्ग खोलने की प्रक्रिया चल रही है। दूसरी टीम को सहस्त्रधारा हेलीपैड पर अलर्ट पर रखा गया है। क्षेत्र के सटीक निर्देशांक प्राप्त किये गए हैं। मौसम की स्थिति में सुधार होते ही एसडीआरएफ की हाई-एल्टीट्यूड रेस्क्यू टीम को हेलीकॉप्टर से निकटतम उपलब्ध स्थान पर उतारा जाएगा। एसडीआरएफ, जिला प्रशासन, बीआरओ एवं सेना के साथ समन्वय किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ ड्रोन की टीम को भी तैयारी हालत में रखा गया है। भारी बर्फबारी के कारण फिलहाल ड्रोन ऑपरेशन संभव नहीं हो पाया है।

अब तक 5 और व्यक्तियों को निकाला गया है, जिनमें से 3 घायल हैं और उन्हें सेना अस्पताल, माणा में भर्ती कराया गया है, जबकि 2 सामान्य स्थिति में हैं।

जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी ने बताया कि माणा गांव और उसके पास हिमस्खलन की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि प्रभावित मजदूर सेना की आवाजाही के लिए सड़क से बर्फ हटाने का कार्य कर रहे थे। अब तक किसी तरह की जनहानि की पुष्टि नहीं हुई है। सेना के साथ आईटीबीपी, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर भेजी गई हैं। जिलाधिकारी ने आईआरएस से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए राहत एवं बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं।

### उत्तराखंड के चमोली में हिमस्खलन

## अमित शाह और राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री धामी से की बात

**लखनऊ (आईएएनएस)**

उत्तराखंड के चमोली में माणा गांव के पास हुए हिमस्खलन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पैनी नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, डीजी आईटीबीपी और डीजी एनडीआरएफ से फोन पर बात की। इसके साथ ही अमित शाह ने बताया कि हादसे में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालना हमारी प्राथमिकता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''उत्तराखंड के चमोली में ग्लेशियर फटने के संदर्भ में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, डीजी आईटीबीपी और डीजी एनडीआरएफ से बात की। हादसे में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालना हमारी प्राथमिकता है। स्थानीय प्रशासन बचाव कार्यों में पूरी तत्परता से लगा हुआ है। एनडीआरएफ की दो टीमें भी जल्द ही घटना स्थल पर पहुंच रही हैं। इसके अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चमोली हादसे पर उत्तराखंड के सीएम धामी से फोन पर बात की। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, ''आज जोशीमठ (उत्तराखंड) के माणा क्षेत्र में दुर्भाग्यपूर्ण हिमस्खलन हुआ है, जिससे बीआरओ का जीआरईएफ कैंप प्रभावित हुआ है।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में तालिबान धार्मिक स्कूल में शक्तिशाली आत्मघाती विस्फोट, 5 की मौत, दर्जनों घायल

**इसलामाबाद। एजेंसी**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अकोरा खट्टक जिले में स्थित मदरसा दारुल उलूम हक्कानिया में हुए विस्फोट में कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। आपातकालीन प्रतिक्रिया दल, रेस्क्यू 1122 घटनास्थल पर पहुंच गया है और कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है। जिला पुलिस प्रमुख अब्दुल राशिद ने कहा कि अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। इस बीच, रेस्क्यू 1122 के प्रवक्ता बिलाल फैजी ने डॉन से पुष्टि की कि 20 लोग घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। यह विस्फोट मदरसे के मुख्य हॉल में शुक्रवार की नमाज के दौरान हुआ, जिसके बाद अधिकारियों ने नौशेरा में आपातकाल की घोषणा कर दी, जिसकी पुष्टि डॉन के केपी ब्यूरो प्रमुख अली अकबर ने की।जिला पुलिस प्रमुख अब्दुल राशिद ने बताया कि यह विस्फोट खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एक जिले अकोरा खट्टक में हुआ। इस विशाल परिसर में लगभग 4,000 छात्र रहते हैं, जिन्हें मुफ़्त में भोजन, कपड़े और शिक्षा दी जाती है। दशकों से, पाकिस्तानी मदरसे उग्रवाद के लिए इनक्यूबेटर के रूप में काम कर रहे हैं, जहाँ हज़ारों शरणार्थियों को शिक्षा दी जाती है, जिनके पास कट्टरपंथी मौलवियों के भाषणों के अलावा शिक्षा के लिए कोई और विकल्प नहीं है। तालिबान के दिवंगत संस्थापक मुल्ला उमर, जिन्होंने अफ़गानिस्तान में संयुक्त राज्य अमेरिका और नाटो सैनिकों के खिलाफ़ विद्रोह का नेतृत्व किया था, इस स्कूल से स्नातक करने वाले वरिष्ठ नेताओं में से एक थे। इसी तरह, ख़तरनाक हक्कानी नेटवर्क के संस्थापक जलालुद्दीन हक्कानी ने भी स्नातक किया, जो दो दशक के युद्ध के दौरान अफ़गानिस्तान में कुछ सबसे भयानक हमलों के लिए ज़िम्मेदार था। यह स्कूल कई वर्षों से क्षेत्रीय उग्रवादी हिंसा के चौराहे पर रहा है, जहाँ कई पाकिस्तानियों और अफ़गान शरणार्थियों को शिक्षा दी जाती है - जिनमें से कुछ रूसियों और अमेरिकियों के खिलाफ़ युद्ध छेड़ने या जिहाद का प्रचार करने के लिए घर लौट आए। अगस्त 2021 में विदेशी सेना के हटने और पूर्व सरकार के गिरने के बाद तालिबान फिर से काबुल में सत्ता में आ गया। तब से अफगानिस्तान के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में उग्रवाद फिर से बढ़ गया है।

## कश्मीर में सामान्य स्थिति जबरन बनाया गया, यह प्राकृतिक नहीं : उमर अब्दुल्ला



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में सामान्य स्थिति प्राकृतिक नहीं, बल्कि जबरन बनाई गई है। दिल्ली में एक मीडिया कार्यक्रम में बोलते हुए अब्दुल्ला ने इस बात पर जोर दिया कि हुर्रियत अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक को जामा मस्जिद में अपने ससुर की अंतिम संस्कार की नमाज़ की अगुआई करने की अनुमति न दी गई ।जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री 2010 में कश्मीर में सुरक्षा स्थिति में अंतर के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे।